10 बुमराह....



12 प्रियंका चोपड़ा...




झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, मंगलवार, 10 मार्च 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -260 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com


## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



बबीता दास
सामाजिक कार्यकर्ता

कठिन समय में समाधान पोर्टफोलियो की समझदारी ही है, और हार का पालन करने के बजाय प्रयास करना ही असली जीत है।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,52,300
चांदी (प्रति किलो) : 2,95,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 77,566.16
निफ्टी :- 24,028.05

## मौसम

अधिकतम तापमान : 29 °
न्यूनतम तापमान : 18 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 06:02
संध्या :- 17:56

## आज का इतिहास

आज ही के दिन1607 को सुजेनियोस ने गोजजाम में गोल की लड़ाई में यकूब और अबुना पेट्रोस II की संयुक्त सेनाओं को हराया, जिससे वह इथियोपिया का सम्राट बना।

# 18 मार्च को ही समाप्त होगा झारखंड विस का बजट सत्र, कार्यमंत्रणा समिति की हुई बैठक

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र अब 19 मार्च के बजाय एक दिन पहले यानी 18 को ही समाप्त हो जायेगा. बजट सत्र के दौरान सोमवार को स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने इसकी औपचारिक रुप से सदन में घोषणा की. इससे पहले विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई, जिसमें शनिवार 14 मार्च को सदन की कार्यवाही संचालित करने के अलावे 19 मार्च के बजाय 18 मार्च को ही बजट सत्र का समापन करने का निर्णय लिया गया. स्पीकर रबींद्रनाथ महतो की मौजूदगी में हुई कार्यमंत्रणा समिति की इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित कई विधायक मौजूद थे.

**सीएम हेमंत सोरेन से मिली केंद्रीय सरना समिति**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा परिसर में केंद्रीय सरना समिति, कांके के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आगामी सरहुल पूजा की 47वें वर्ष की पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित झारखंड स्तरीय नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया. यह कार्यक्रम 19 मार्च को सरना मैदान, कांके में आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो, सचिव सूरज टोप्पो, संरक्षक सुमित टोप्पो, फूलमनी टोप्पो, मोहन उरांव, पेपला पाहन, गुड़िया टोप्पो एवं मनीष कुमार उपस्थित थे. इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप एवं श्री सुरेश कुमार बैठा भी मौजूद थे.

**मुख्यमंत्री से मिली महिला विधायक**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड विधानसभा की महिला सदस्यों ने मुलाकात की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी सदस्यों को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने उपस्थित सभी महिला सदस्यों को सम्मानित किया और राज्य के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया. मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनेक योजनाएं संचालित कर रही है. इस दौरान विधानसभा की महिला सदस्यों ने भी मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं और राज्य में महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा तथा सशक्तिकरण से संबंधित विषयों पर अपने सुझाव साझा किए.

## राज्यपाल से मिले सीएम हेमंत सोरेन, मुलाकात के दौरान लोकभवन में कई विषयों पर चर्चा



रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अचानक लोक भवन पहुंचे. लोकभवन में शिष्टाचार भेंट के तहत पहुंचे मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की जानकारी दी. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस तथा यूनाइटेड किंग्डम की अपनी हालिया यात्रा के संबंध में भी अवगत कराते हुए कहा कि इस दौरान राज्य की निवेश-उन्मुख नीतियों तथा सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को वैश्विक समुदाय के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया. इस यात्रा के परिणामस्वरूप राज्य को विभिन्न निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए, जो औद्योगिक विविधीकरण, रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. मुलाकात के दौरान विधानसभा सदस्य कल्पना सोरेन एवं राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे. इधर मुख्यमंत्री के अचानक राज्यपाल से मिलने की खबर के बाद चर्चा का दौर शुरू हो गया.

# बच्चा चोर की अफवाह में महिला की हत्या, 20 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**गुमला।** जिला में बच्चा चोरी की अफवाह में अज्ञात विक्षिप्त महिला के साथ बुरी तरह से मारपीट की घटना हुई है. पुलिस इस मामले की जांच कर रही है. फिलहाल पुलिस के द्वारा अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की अनुसंधान की जा रही है. गुमला जिला में बिशुनपुर प्रखंड के लबगा लापु गुड़ियाडार गांव में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है. जहां रविवार देर रात बच्चा चोरी की अफवाह के बाद उग्र लोगों ने एक विक्षिप्त महिला को बुरी तरीके से पीट कि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी. उस अज्ञात महिला को रस्सी से बांध कर मारपीट करने की बात सामने आ रही है.

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से इलाके में बच्चा चोरी की अफवाह फैल रही थी. इसी बीच रविवार रात करीब 12-01 बजे मानसिक रूप से अस्वस्थ एक महिला गांव में घूमती दिखी. ग्रामीणों उसे संदिग्ध समझकर शोर मचाया और देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई. आक्रोशित लोगों ने महिला से पूछताछ करने की बजाय उसकी जमकर पिटाई शुरू कर दी. इस बीच महिला खुद को निर्दोष बताती रही लेकिन लोगों ने उसकी एक न सुनी. इस घटना की सूचना पाकर बिशुनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार की शाम करीब 5:00 बजे सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस के शीतगृह में अगले 72 घंटे के लिए फिलहाल रखवा दिया है. वही इस मामले पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि लगभग 20 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है और पुलिस छानबीन कर रही है. उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर ऐसे लोगों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी. वहीं गुमला एसपी हरीश बिन जमां के द्वारा कहा गया कि बच्चा चोरी जैसी अफवाहों से सभी लोग दूर रहें और ऐसी भ्रामक खबर भी नहीं फैलाएं. इस तरह का कोई भी मामला सामने आता है तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें 24 घंटे पुलिस तत्पर है.

# विपक्ष का संसद में ईरान युद्ध पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा, अविश्वास प्रस्ताव पर शुरू नहीं हो सकी बहस

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** संसद में बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो गया. इस बजट सत्र में काफी हंगामा और राजनीतिक टकराव देखने को मिला. विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है मगर लोकसभा में विपक्ष लगातार सरकार से मिडिल ईस्ट पर चर्चा और ईरान मामले में स्थिति स्पष्ट करने की मांग करता रहा. इस वजह से लोकसभा में काफी हंगामा हुआ और स्पीकर के बार-बार विपक्ष से आग्रह करने के बावजूद कांग्रेस ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं शुरू की और स्पीकर की कुर्सी के पास पहुंचकर हंगामा करते रहे. विपक्ष (मुख्य रूप से कांग्रेस और अन्य दल) ने स्पीकर पर पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाया है, जबकि सत्ता पक्ष ने इसका विरोध किया. इसके अलावा, मध्य पूर्व (ईरान-इजराइल संघर्ष) पर विदेश मंत्री के बयान के दौरान भी विपक्ष ने हंगामा किया और वॉकआउट किया. जहां सरकार विपक्ष पर लगातार आरोप लगा रही कि वो अपनी बात नहीं बल्कि सिर्फ हंगामा करना चाहते हैं जबकि विपक्ष सरकार पर आरोप लगा रहा कि वो महत्वपूर्ण मुद्दे पर विपक्ष की बात नहीं सुन रही.

**संसद में विपक्ष सिर्फ हंगामा चाहता है : केंद्रीय मंत्री आठवले**

इस संबंध में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने विपक्ष के हंगामे पर टिप्पणी करते हुए कहा कि संसद संवाद और चर्चा के लिए है, लेकिन विपक्ष सिर्फ हंगामा चाहता है. उन्होंने कहा एक तरफ कांग्रेस लोकसभा के स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाती है और जब उसपर चर्चा शुरू होती है तो वो चर्चा से भाग जाती है. उन्होंने कहा कि विपक्ष मिडिल ईस्ट पर चर्चा की मांग कर रहा है लेकिन जब विदेश मंत्री ईरान इजराइल पर बयान दे रहे थे तब वो हंगामा कर रहे थे. बता दें कि विपक्ष ने फरवरी में ही इस प्रस्ताव का नोटिस दिया था, जो बजट सत्र के पहले चरण में दाखिल हुआ. इसमें 118 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर हैं. (कांग्रेस, सपा, डीएमके आदि सहित, और हाल में टीएमसी ने भी समर्थन दिया). विपक्ष का कहना है कि स्पीकर भाजपा के पक्ष में काम करते हैं, विपक्षी सांसदों खासकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं देते, माइक बंद कर देते हैं, और सदन में विपक्ष की आवाज दबाते हैं. पिछले लोकसभा में 100 से ज्यादा विपक्षी सांसदों के निलंबन का भी जिक्र किया गया है. ये प्रस्ताव लाने वाले कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, के. सुरेश और मल्लू रवि के नाम से सूचीबद्ध हैं. लोकसभा में सोमवार को यह प्रस्ताव पहले एजेंडे पर था. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार बहस को तैयार है. मगर सदन में हंगामा हुआ, विपक्ष पश्चिम एशिया ईरान-इजराइल और यूएस संघर्ष पर चर्चा की मांग की, जिसकी वजह से लोकसभा मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई.

**सरकार ईरान मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं कर रही : कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा**

इस मुद्दे पर कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने ईटीवी भारत से बात करते हुए कहा कि विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव की मांग की और नोटिस दिया. उन्होंने कहा कि ये संसद है यहां जब जिस समय जो आवश्यक और महत्वपूर्ण मुद्दा होता है विपक्ष चर्चा की मांग कर सकता है. उन्होंने कहा कि सरकार ईरान मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं कर रही है, सरकार में क्या चल रहा क्या विदेश नीति है विश्व में वार हो रहा और सरकार अपने रुख स्पष्ट नहीं कर रही सिर्फ विपक्ष की आवाज दबा रही है.

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नति

**रांची।** केंद्र सरकार ने झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति दी है. कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने 9 मार्च 2026 को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है. जारी अधिसूचना के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा भर्ती नियम 1954 और पदोन्नति विनियम 1955 के तहत झारखंड राज्य सिविल सेवा के अधिकारियों को वर्ष 2024 की चयन सूची के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त किया गया है. इन अधिकारियों को प्रोबेशन पर नियुक्त करते हुए झारखंड कैडर में ही पदस्थापित किया जाएगा. भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में दिलेश्वर महतो, इश्तेयाक अहमद, विद्या नंद शर्मा पंकज, संगीता लाल, रॉबिन टोप्पो, नयन तारा केरकेट्टा, अरुण कुमार सिंह, आलोक शिकारी कच्छप, अनिलसन लकड़ा, नगेंद्र पासवान, सुबोध कुमार, आसिफ एकराम, नीरज कुमार सिंह, जुल्फिकार अली और अर्चना मेहता शामिल है.

### झारखंड में बदलेगा मौसम, बारिश को लेकर मौसम विभाग का पूवार्नुमान, डाल्टनगंज सबसे गर्म

**रांची:** सोमवार से झारखंड के मौसम में बदलाव दिखने लगा है. कुछ इलाकों में गरज-चमक और हल्की बारिश की संभावना जताई गई है, हालांकि अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क भी रह सकता है. मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के उत्तर-पूर्वी और आसपास के मध्य हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं. इसके साथ ही कुछ जगहों पर बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है. झारखंड में धीरे-धीरे गर्मी का असर बढ़ने लगा है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित मौसम केंद्र की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है.










# पंचवटी आईवी-2 ओनर्स एसोसिएशन समिति ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़** ।रविवार को पंचवटी आईवी-2 ओनर्स एसोसिएशन समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचवटी परिवार के सभी सदस्य एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं, जिससे कार्यक्रम अत्यंत शानदार और यादगार बन गया। मंच का संचालन विजय सहाय ने किया 'समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल ने सभी का स्वागत, सम्मान एवं अभिनंदन किया तथा उपस्थित सभी महिलाओं को उपहार स्वरूप एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल ने अपने संबोधन में कहा की नारी हमारे समाज की आधारशिला है और समाज की उन्नति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामगढ़ शहर की जानी-मानी चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. सौम्या जैन रहीं। कार्यक्रम के दौरान नीरू गोयल एवं सुजाता अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया वहीं सुमन अग्रवाल एवं दीप्ति ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया ' सूरज अग्रवाल और राहुल अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया ' साथ ही साथ नैनी अग्रवाल एवं नेहा अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह मोमेंटो प्रदान कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया ' इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर सौम्या जैन जी ने पंचवटी परिवार द्वारा महिलाओं के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए समिति के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।इस अवसर पर सत्र 2026-27 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने अपनी कार्यकारिणी समिति में श्रीमती पूनम वर्मा एवं भारती जी को शामिल करने की घोषणा की और दोनों का कार्यकारिणी में स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसे महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया गया।कार्यक्रम में पूनम वर्मा भारती एवं सुश्री श्रुति अग्रवाल ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किये ' कार्यक्रम के पश्चात सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।इसके पूर्व भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले ळ20 वर्ल्ड कप फाइनल के रोमांचक मुकाबले में भारत की जीत की कामना के लिए नेहरू रोड स्थित श्री श्याम दरबार में अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल एवं राहुल अग्रवाल द्वारा बाबा श्री श्याम के दरबार में जीत की अर्जी लगाई गई।राष्ट्रगान के पश्चात सभी सदस्यों ने एक साथ भारत बनाम न्यूजीलैंड ळ20 वर्ल्ड कप फाइनल मैच का बड़ी एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण देखा। भारत की शानदार जीत पर सभी ने आतिशबाजी एवं ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी का इजहार किया और जीत का जश्न मनाया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उमेश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, जुगनू होरा, मनोज अग्रवाल, राजू अग्रवाल, नवीन सिन्हा, मनोज अग्रवाल, पवन गोयल, श्रीकांत चंद्र, राजेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, केके शर्मा, विकास वल्लभ सहाय सहित कई सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।अंत में समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत की सभी को बधाई दी '

## छिन्नमस्तिका मंदिर प्रवेश निषेध द्वार में पुलिस और श्रद्धालु के बीच झड़प

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़/रजरप्पा**। रविवार को रजरप्पा मंदिर में अप्रत्याशित भीड़ थी। जिस कारण मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार को खोलकर अन्य सभी द्वार को बंद किया गया था। सभी द्वार पर सुबह 06:00 बजे से जैप-04 के जवानों एवं स०अ०नि० प्रकाश चन्द्र मुर्मू, रजरप्पा थाना की प्रतिनियुक्ति की गई थी ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सकें। समय लगभग 01:30 से 02:00 बजे के बीच निकास द्वार से एक बुजुर्ग को मानवीय अधार पर प्रवेश करने दिया गया। इसी क्रम में जमशेदपुर से आये श्रद्धालुगण जबरदस्ती निकास द्वार से ही प्रवेश करने का प्रयास करने लगे। जिन्हें निकास द्वार पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी स०अ०नि० प्रकाश चन्द्र मुर्मू, रजरप्पा थाना एवं जैप-04 के जवानों के द्वारा उन्हें जानकारी देते हुये बताया गया कि निकास द्वार से प्रवेश निषेध है। तो वे और उग्र हो गये और पुलिस पदाधिकारी स०अ०नि० प्रकाश चन्द्र मुर्मू के कंधे पर लगा स्टार को नोच दिये और गर्दन भी पकड़ लिये, इसी क्रम में प्रतिनियुक्त जैप-04 के पुलिस कर्मियों के द्वारा श्रद्धालुगणों के साथ हाथापाई की घटना घटित हुई। घटना की सूचना मिलने पर अजय कुमार (भा०पु०से०), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा स्वयं संज्ञान लेते हुये घटना स्थल पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी लिया गया तथा रजरप्पा थाना एवं रजरप्पा मंदिर ओ०पी० में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को ब्रीफ किया गया कि श्रद्धालुओं के साथ किसी भी तरह का अमानवीय एवं अभद्र व्यवहार नहीं करना है। विडियों एवं घटना के संबंध में विस्तृत जाँच कर जाँच प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु गोपनीय कार्यालय का ज्ञापांक-1190/गो०, दिनांक-09.03.2026 के द्वारा पुलिस उपाधीक्षक (मु०), रामगढ़-सह-अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ को निर्देशित किया गया। पुलिस उपाधीक्षक (मु०), रामगढ़-सह-अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा अपने कार्यालय ज्ञापांक-37/2025, दिनांक-09.03.2026 के माध्यम से विस्तृत जाँच कर जॉच प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को समर्पित किया गया। कि रजरप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना करने आये श्रद्धालु के द्वारा मंदिर के निकास द्वार से प्रवेश करने का प्रयास किये जाने के क्रम में निकास द्वार में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी स०अ०नि० प्रकाश चन्द्र मुर्मू, रजरप्पा थाना को अपशब्द बोलते हुए कंधे पर लगा स्टार को नोच दिये और गर्दन भी पकड़ लिये, जिसके उपरांत आ0-228 श्याम लाल महतो, आ0-69 राधेश्याम कुजूर, आ0-686 बहादुर उराँव, आ0-384 जॉनसन सुरीन सभी आरक्षी सैट-112, कैम्प-रजरप्पा, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-04, बोकारो एवं गृहरक्षक सं0-0064 सिकन्दर यादव के द्वारा निकास द्वार से प्रवेश करने वाले श्रद्धालु के साथ हाथा-पाई की घटना कारित की गई। उक्त घटित घटना में शामिल आ0-228 श्याम लाल महतो, आ0-69 राधेश्याम कुजूर, आ0-686 बहादुर उराँव, आ0-384 जॉनसन सुरीन सभी आरक्षी सैट-112, कैम्प रजरप्पा, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-04, बोकारो को तत्काल प्रभाव से ₹सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित किया गया है एवं गृहरक्षक सं0-0064 सिकन्दर यादव को उनके कार्य से विमुक्त किया गया है।

## बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के योगदान को सराहा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़** ।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड में कार्यरत महिला कर्मियों के योगदान को सराहते हुए बीएफसीएल द्वारा एचएसपीए के कैन्टीन परिसर में उनके सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया ।कार्यक्रम में सभी महिला कर्मचारियों ने केक काटकर खुशियां साझा की। इस अवसर पर श्री जसपाल भांकर, सीनियर जी एम एच आर, ने कहा कि महिलाएँ अपनी मेहनत, रचनात्मकता, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के माध्यम से न केवल कार्यस्थल बल्कि पूरे समाज को मजबूत बनाती हैं। किसी भी संस्था की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।बीएफसीएल में हमेशा से ऐसा कार्य वातावरण बनाने का प्रयास किया जाता रहा है, जहाँ सभी कर्मचारियों को समान अवसर, सम्मान और सहयोग प्राप्त हो। संगठन का मानना है कि समावेशी और सम्मानजनक कार्य संस्कृति ही संस्थान को आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी ताकत होती है।इस अवसर पर सभी महिला कर्मचारियों की उपलब्धियों को सराहा गया तथा उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बीएफसीएल ने कार्यस्थल पर समानता, सम्मान और समावेशिता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## तीन दिवसीय उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय स्वास्थ्य डाटा संधारण प्रशिक्षण की शुरूआत



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातू**: सोमवार को पतरातू क्षेत्र स्थित मिडवे होटल में तीन दिवसीय उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल स्तरीय स्वास्थ्य डाटा संधारण प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन रामगढ़ सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार के द्वारा दीप-प्रज्जवलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण के पहले दिन कार्यक्रम का संचालन जिला डाटा प्रबंधक रश्मि आनंद ने किया। बताया गया कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत हेल्थ मैनेजमेंट इनफॉर्मेशन सिस्टम पोर्टल, आरसीएच पोर्टल और अनमोल एप्प के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों के आँकड़ों को अलग-अलग पोर्टल और डिजिटल माध्यमों पर संधारित करने की प्रक्रिया को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो। साथ ही साथ अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सके। मौके पर रामगढ़ जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ.स्वराज, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ.तूलिका रानी, जिला आरसीएच नोडल पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह एवं पतरातु प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ. धीरेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

# महिलाओं के बिना विकसित समाज का कल्पना करना उचित नही: राधा तिर्की

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा**: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में डोका ग्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जीप सदस्य ने कहा महिलाओं के बिना विकसित समाज का कल्पना करना उचित नही। उपरोक्त बातें लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अंतर्गत डोका करमटोली के आम बगीचा में सोमवार को आयोजन महिला दिवस कार्यक्रम के दौरान कहा गया। विदित हो कि आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप सदस्य सह जेएमएम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राधा तिर्की कांग्रेस महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सिमा परवीन,नेहा द्विवेदी, वार्ड सदस्य शारदा उरांव,अंशु केरकेट्टा मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम से पूर्व गांव की महिलाएं और पुरुषों द्वारा आदिवासी रीति रिवाज से सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि आज लड़कियां और महिलाएं राजनीति, खेल, प्रशासनिक के अलावे वकील,शिक्षिका,इंजीनियर बन कर विभिन्न तरह से देश और समाज में बिना भेद भाव का देश और समाज को विकसित करने में अपनी योगदान दे रहीं हैं। आज महिलाओं ने अपनी मेहनत से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वयं पहचान बना रहीं हैं। बताते हुए ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि घर की चारदीवारी से बाहर निकल कर आप सब भी अपने योग्यतानुसार आगे बढ़ने का प्रयास करें और समाज की बुराइयों को मिटा कर राज्य व देश के साथ गांव को विकसित करने में अपना अपना योगदान दें। जबकि कांग्रेस महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सिमा परवीन ने कहा कि महिलाओं को प्रेरित कर एवं बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाओं को शिक्षित हो कर समाज को आगे बढ़ने के लिए हमेसा ततपर रहना होगा। नेहा द्विवेदी ने भी संबोधित कर महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनने के लिए आह्वाहन किया। मौके पर मनीषा एक्का, मुन्नी देवी,अंजली उरांव, सरिता टोप्पो,जूही उरांव, कलावती उरांव,सुमती उरांव, रीना देवी के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।

# भ' से भाषा, 'भ' से भारत अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**महाराष्ट्र में बजा खोरठा का डंका**

**गोला की बेटियाँ वीनु जमुआर एवं विनीता ने लहराया खोरठा का परचम**



**रामगढ़/गोला**। महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी, क्षितिज पुणे एवं हिंदी आंदोलन परिवार, पुणे के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को 'भ' से भाषा, 'भ' से भारत' कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों की विविध भाषाओं की कविताओं और लोकगीतों की वाचन, गायन, नृत्य एवं अभिनय द्वारा प्रस्तुति की गई। इसके लेखक, निर्देशक, सूत्रधार- संजय भारद्वाज थे। कार्यक्रम का निर्माण क्षितिज इन्फोटेनमेंट ने किया था। रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र के निदेशक डॉ. जवाहर कर्नावट आयोजन के मुख्य अतिथि थे। उद्घाटन सत्र के अपने वक्तव्य में हिंदी के वैश्विक होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें राष्ट्रीय स्तर पर इसके लिए और अधिक काम करना होगा। आपने भाषाई स्वाभिमान को सदैव जगाए रखने पर भी बल दिया। कार्यक्रम का आरंभ संजय भारद्वाज की कविता और उदीयमान नृत्यांगना प्राची पुजारी के कथक की जुगलबंदी से हुई। तत्पश्चात विभिन्न भारतीय भाषाओं की कविताओं एवं उनके भावानुवाद, विभिन्न ललित कलाओं द्वारा मंच पर आते गए। प्रमुख रचनाकारों, वाचकों एवं कलाकारों में सुधा भारद्वाज, वीनु जमुआर, ऋता सिंह, विनीता सिन्हा, गौरी कुलकर्णी, अनिल अब्रोल, सतीश कुमार, आशीष त्रिपाठी, अपर्णा कडसकर, डॉ. ज्योति कृष्ण, कंचन त्रिपाठी, गौतमी चतुर्वेदी पांडेय, कंचन त्रिपाठी, ऊर्जा वाईकर, पूर्णिमा पांडेय, शशिकला गुंडलूपेट, अपूर्व शर्मा, प्राची पुजारी, अंगिता कुमार, अनुपम पांडेय, रितेश बुरूड आदि सम्मिलित थे। विशेष बात यह रही कि कविता या गीत प्रस्तुत करने वाले हर रचनाकार ने भारत के किसी राज्य विशेष का परिधान धारण किया था। कार्यक्रम में हिंदी, संस्कृत, मराठी, बंगाली, कन्नड़, पंजाबी, खोरठा, असमिया, बुंदेलखंडी, सधुक्कड़ी आदि भाषाओं की रचनाओं का पाठ हुआ। रंगमंचीय शैली में प्रस्तुत इस कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्य तथा कलाप्रेमी उपस्थित थे। मुख्य रूप से डॉ. केशव प्रथमवीर, डॉ. राजेंद्र श्रीवास्तव, हेमंत बावनकर, डॉ. विपिन पवार, डॉ. रमेश गुप्त एवं अन्य अनेक प्रतिष्ठित हस्ताक्षर सम्मिलित थे।

**वीनु जमुआर एवं विनीता सिन्हा ने खोरठा में दिखाया जलवा**

गोला की दोनों बेटियाँ विनु जमुआर और विनीता सिन्हा ने महाराष्ट्र की धरती पर अपने परंपरागत परिधान में खोरठा कविता संग्रह को मजबूती के साथ प्रस्तुत किया। ज्ञात हो कि ये दोनों बहनें प्रख्यात शिक्षक स्व. चितरंजन दास उर्फ चुन्नी बाबू की बेटियाँ है। उपरोक्त बातों की जानकारी अरुण कुमार बक्शी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा



**रामगढ़**। रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में सोमवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर समाहरणालय सभा कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा सर्वप्रथम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो से पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई जिसके उपरांत उपायुक्त द्वारा पोषण ट्रैक्टर अंतर्गत 14 सूचकांकों के विरुद्ध किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान जिन सूचकांक में 90% से कम की उपलब्धि थी उनके महिला पर्यवेक्षिकाओं को उपायुक्त ने कार्यों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल इस पर कार्य करने एवं सभी सूचकांकों में शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, पेयजल, विद्युत, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंताओं को गंभीरता पूर्वक कार्य करते हुए तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की एवं महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

बैठक में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शाखा, बाल संरक्षण पदाधिकारी सभी परियोजना के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थे।

## मनरेगा कर्मियों का एक दिवसीय धरना

**पतरातू**: सोमवार को पतरातू प्रखंड के मनरेगा कर्मियों द्वारा लम्बित मांगों को लेकर एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय धरना-प्रदर्शन प्रखण्ड परिसर में किया गया। बताया गया कि इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम से मनरेगा कर्मियों की सांकेतिक हड़ ?ताल की शुरूआत हो गई हैं। जो, 12 मार्च तक चलेगी। इसके बाद भी यदि सरकार उनकी मांगों पर गंभीर नहीं होती हैं तो यह सांकेतिक हड़ ?ताल 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड्ताल में तब्दिल हो जायेगी। इस धरना-प्रदर्शन में दशरथ यादव शंकर कु.महतो, राज ?कुमार राम, शिवेन भारती, भोला प्रसाद, त्रिशूल प्रसाद, प्रदीप फेरकेटा, विनय प्रकाश लुगुन आदि मनरेगा कर्मी शामिल थे।

## तालाटांड नौजवान कमिटी के तरफ से इफ्तार पार्टी का आयोजन



**पतरातू**: तालाटांड़ नौजवान कमिटी की ओर से रमजान की पाक महीने एक सर्जनिक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो मुस्लिम भाइयों ने इफ्तार किया। सबने इस आयोजन की सराहना की और खुशी खुशी इफ्तार किया।

## युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**रामगढ़**। रविवार को रामगढ़ सर्किट हाउस में युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। साथ ही नवनियुक्त रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष कुसुमलता मुंडा के सम्मान में एक सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।इस बैठक में रामगढ़ प्रभारी मनोहर कुमार यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन रामगढ़ युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गुलाम सरवर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बैठक के दौरान संगठन विस्तार, युवा कांग्रेस को और अधिक मजबूत बनाने तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ विधायक सह रामगढ़ जिला अध्यक्ष ममता देवी एवं रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष कुसुमलता मुंडा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के कार्यकताओं द्वारा कुसुमलता मुंडा को सम्मानित किया गया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं।कार्यक्रम में एनएसयूआई संगठन प्रभारी संकते सुमन, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार ,विधान सभा अध्यक्ष जिलानी अंसारी,कैफ राजा सहित युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के अनेक कार्यकर्ता एवं साथी मौजूद रहे।बैठक के अंत में सभी कार्यकताओं ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा



**रामगढ़**। सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों से सम्बंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली। उपायुक्त ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों से आधार सीडिंग, मोबाइल नंबर सीडिंग व पीवीटीजी डाकिया योजना, खाद्यान्न आपूर्ति के संबंध में प्रखंडवार रूप से जानकारी ली साथ ही उपायुक्त ने खाद्यान्न की रखरखाव के लिए बनाए गए गोदाम के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने उपायुक्त को आपूर्ति विभाग द्वारा चल रही योजनाओं के संबंध में किए जा रहे कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को राशन कार्ड के लाभुकों का लंबित आधार सीडिंग एवं मोबाइल सीडिंग के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत लाभुकों को ससमय राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर लाभुकों को मिल रहे लाभ की जानकारी लेने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने हरा राशन कार्ड, मुख्यमंत्री मंत्री दाल-भात योजना आदि की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों, सहित अन्य उपस्थित थे।

## चितरपुर महाविद्यालय में धूम धाम से मनाया गया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस




रामगढ़/रजरप्पा। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-क (एनएसएस) के तहत चितरपुर महाविद्यालय में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय की सभी महिला व्याख्याताओं में दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा केक काटकर एकदूसरे को बधाई दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी व्याख्याताओं ने नारी शशक्तिकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। स्त्री विमर्श के साथ नारी शिक्षा पर अधिक बल दिया गया। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं ने कविता तथा भाषण के माध्यम से नारी शक्ति को सबसे शक्तिशाली बताया, और स्वावलंबी बनने पर जोर दिया गया। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने कहा कि नारी आज के दौर में संपन्न तथा विकसित है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में बेहतर कर रही हैं। कई सर्वोच्च पदों पर आसीन होकर नेतृत्व कर रही हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. उत्तम कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. दीपक कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रो. जूही उपाध्याय, प्रो अंजनी करमाली, प्रो निकहत परवीन, प्रो अंजू कुमारी, रेवालाल पटेल, डॉ ताराशंकर अग्रवाल, प्रो. शबाना अंजुम, डॉ हेना कौसर, प्रो नगमा नौशाबा, प्रो मीना मुंडा जफरुल हसन खान, रवि कुमार, कुसुम कुमारी, करमी देवी, पूनम कुमारी, सोनू कुमार, राजेश तिवारी, पिंटू प्रजापति, आमिर अली, प्रकाश मिर्धा सहित महाविद्यालय की छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## महिलाएंऔर हर परिस्थिति का मुकाबला डटकर करें : मनोरमा एक्का*

**लोहरदगा**: छतरबगीचा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया । मौके पर उपस्थित महिलाओं का स्वागत करते हुवे एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा हम सभी को महिलाओं के इतिहास से सीख लेने की जरुरत है और हर परिस्थिति का मुकाबला निडर होकर करने की जरुरत है । इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं ने आज के इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आनंद लिया एवम खुशियां बांटी। आज इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों से महिलायें सहभागी हुई । गीतों के माध्यम से, नाच गान के दवारा महिलाओं ने अपने एकजुटता का परिचय दिया । आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूनम महतो, उषा उरांव, सुमन वर्मा , खुशीदा अंसार, प्रेममणि, इंदु, आरती, ममता, यशोदा, अंजू, मंजू, सरिता, विनीता, गीता, उज्ज्वल, अरविंद एवम 13 पंचायत से आये हुवे दीदीयों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 40 हजार सहिया दीदी को मिला तोहफा, स्वास्थ्य मंत्री की धर्मपत्नी ने सहियाओं को 22000 रुपये का चेक प्रदान कर किया सम्मानित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**




**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रांची के नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान के प्रेक्षागृह में सहिया सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर झारखंड सरकार ने राज्य की लगभग 40 हजार स्वास्थ्य सहियाओं को बड़ा तोहफा इस सम्मान समारोह में दिया जब राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी की पत्नी इरफाना इरफान ने स्वास्थ्य सहियाओं को 22 हजार रुपये की एकमुश्त राशि का सांकेतिक चेक प्रदान कर सम्मानित किया. ज्ञात हो कि झारखंड सरकार की योजना मद से 'झारखंड स्वास्थ्य प्रहरी' के तहत सभी स्वास्थ्य सहियाओं को 2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रावधान की गई. इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के 11 महीने की एकमुश्त राशि 22 हजार रुपये उनके खाते में ट्रांसफर की गई है.

**सहियाओं को किया गया सम्मानित**

विशिष्ट अतिथि के तौर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की धर्मपत्नी डॉ. अनिता सिन्हा और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा की धर्मपत्नी मीनाक्षी झा उपस्थित थीं. कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 48 सहियाओं, 24 सहिया साथी, पांच महिला चिकित्सक और 72 सीएचओ व महिला स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ्य विभाग में बेहतर योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में दो वैसी स्वास्थ्य सहियाओं को भी सम्मानित किया गया जो अब मुखिया के पद पर निर्वाचित हुई हैं.

**कल्पना सोरेन हम सभी की प्रेरणा स्रोत हैं- इरफाना इरफान**

महिला सम्मान समारोह में इरफाना इरफान ने कहा कि झारखंड सरकार महिलाओं के स्वाभिमान, आत्मसम्मान और स्वावलंबन का पूरा ख्याल रखती है. झारखंड के मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना इसी बात का पुख्ता प्रमाण है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन हम सभी की प्रेरणा स्रोत हैं. महिला स्वास्थ्य कर्मियों यथा स्वास्थ्य सहिया, एएनएम, सीएचओ और महिला चिकित्सकों के अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें नमन करते हुए उन्होंने सशक्त और एकजुट होने का अहवान किया.

**महिलाओं को अपने उपर गर्व होना चाहिए- डॉ. जेशीना**

डॉ. अनीता सिन्हा ने कहा कि हमारी संस्कृति में महिलाओं को शक्ति का प्रतीक माना जाता है. मीनाक्षी झा ने कहा कि एक महिला के आगे बढ़ने से पूरा समाज आगे बढ़ता है, उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने इरादे बुलंद कर लें तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है. जीवीआई की उपाधीक्षक डॉ. जेशीना ने कहा कि महिलाएं अपने उपर गर्व करें.

**स्वास्थ्य सहियाएं और स्वास्थ्य कर्मी थीं उपस्थित**

एनएचएम झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने महिला दिवस सम्मान समारोह में कहा कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है. कार्यक्रम में एनएचएम के प्रशिक्षण कोषांग की राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. पुष्पा, अकय मिंज, डॉ. भारती कश्यप, अनिमा किस्कु, रफत फरजाना, गुंजन खलखो, रजनी, सज्ञा सिंह, सुचंद्रा पंडा, ललित टोप्पो, जोसली जॉन, नीलम झा, नीलम कुमार, शांतना सहित काफी संख्या में स्वास्थ्य सहियाएं और महिला स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थीं.

# प्रदीप यादव का बड़ा आरोप- केंद्र की मोदी सरकार में देश की संप्रभुता अमेरिका के हाथों गिरवी रखी गयी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में आज सोमवार को टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत और देश की सर्वोच्च परीक्षा में झारखंड के मेधावी बच्चों के बेहतरीन सफलता के लिए बधाई दी गयी. इसकी जानकारी कांग्रेस विधायक दल के नेता सह पूर्व मंत्री प्रदीप यादव द्वारा दी गयी. कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने सदन की कार्यवाही में भाग लेने के बाद मीडिया के साथ वार्ता की. जिसमें उन्होंने हालिया परिदृश्य में भारत, रूस और अमेरिका के संबंधों और कच्चे तेल को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि आज केंद्र के हाथों भारत देश की संप्रभुता गिरवी रख दी गयी है. अब हमें तेल खरीदने के लिए भी अमेरिका के राष्ट्रपति से पूछ करके तेल लेना पड़ता है. प्रदीप यादव ने कहा कि अमेरिका का ट्रेजरी सेक्रेटरी ने अपने ट्वीट के माध्यम से सार्वजनिक किया है कि हमें रूस से तेल खरीदने के लिए एक महीने की मोहलत दी गयी है. प्रदीप यादव ने कहा कि इससे ज्यादा शर्मसार करने वाली बात क्या हो सकती है कि देश में विकास का ढिंढोरा पीटने वाले प्रधानमंत्री तक झारखंड विधानसभा के माध्यम से यहां से संदेश जाना चाहिए. केंद्र की मोदी सरकार के विकास की ट्रेन की मास्टर चाबी अमेरिका के हाथों में है, यह चिंता का विषय है. भारत का अहम हिस्सा होने के नाते हमें यह जानने का और चिंता करने का अधिकार है और विधानसभा इस चिंता से केंद्र को अवगत कराए.

**10-15 वर्ष से नीड बेस्ड लेक्चरर के रूप में सेवा दे रहे युवाओं की परमानेंट बहाली हो- प्रदीप यादव**

झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता और पूर्व शिक्षा मंत्री प्रदीप यादव ने कहा कि आज हमने ध्यानाकर्षण के माध्यम से उन सैकड़ों मेधावी बच्चों का मुद्दा उठाया है. से सभी लगभग 10 साल से अधिक दिनों से नीड बेस्ट लेक्चरर पद पर बहाल है, 15 वर्षों से यहां के तकनीकी शिक्षा को संभाल रहे हैं. आज इस प्रकार बहाली की प्रक्रिया की गई कि उन बच्चों को दरकिनार किया जा रहे हैं, जबकि सारे लोग वेल क्वालिफाइड है. प्रदीप यादव ने कहा कि ये मेधावी छात्र जेपीएससी से भी परीक्षा देने को तैयार है. सरकार को इस पर विचार करना चाहिए कि नीड बेस्ड लेक्चरर के भविष्य को लेकर बिहार एवं अन्य राज्यों के जैसा विचार करना चाहिए. इससे कई अन्य कामों में दूसरे लोग पहले से ही काम कर रहे हैं, उन्हें उत्साह भी मिलेगा.

# डीएसपीएमयू में नॉन टीचिंग स्टाफ का आंदोलन तेज, तालाबंदी से ठप हुई पढ़ाई, विद्यार्थी विहीन हुआ विश्वविद्यालय

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**




**रांची।** राजधानी स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में नॉन टीचिंग स्टाफ का आंदोलन सोमवार को और तेज हो गया. कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन लगातार 17वें दिन भी जारी रहा. एसीपी और एमएसीपी के लाभ की मांग को लेकर कर्मचारी काला बिल्ला बांधकर हड़ताल पर डटे हुए हैं. सोमवार को आंदोलन ने उग्र रूप लेते हुए विश्वविद्यालय परिसर में तालाबंदी तक पहुंच गया. जिससे पूरे दिन शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित रही.

**छात्रों से आंदोलन के समर्थन की बात कही**

सोमवार सुबह से ही नॉन टीचिंग कर्मचारी विश्वविद्यालय परिसर में सक्रिय दिखे. आंदोलनरत कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों और कक्षाओं का दौरा किया और विद्यार्थियों से अपील की है कि वे भी इस आंदोलन में उनका समर्थन करें. कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांग लंबे समय से लंबित हैं और प्रशासन की उदासीनता के कारण उन्हें मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है. इस दौरान कर्मचारियों ने कक्षाओं के बाहर नारेबाजी भी की और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश जताया. आंदोलन का असर यह रहा कि सोमवार को विश्वविद्यालय में एक भी नियमित कक्षा संचालित नहीं हो सकी. कई विभागों में ताले लटके नजर आए और पूरे परिसर में सामान्य शैक्षणिक गतिविधियां ठप रहीं. कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले 16 दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की ओर न तो विश्वविद्यालय प्रशासन और न ही उच्च शिक्षा विभाग गंभीरता से ध्यान दे रहा है. कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से उनकी मांगों पर केवल आश्वासन ही मिल रहा है. लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा है. नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि एसीपी और एमएसीपी के लाभ को लेकर वे लगातार आवाज उठा रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है.

# गर्भाशय ट्यूमर एवं ग्रेड 3 बवासीर से पीड़ित मरीज का पारस एचईसी हॉस्पिटल में हुई जटिल सफल सर्जरी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** धुर्वा स्थित पारस एचईसी हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम ने एक जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक किया। बोकारो की 50 वर्षीय महिला लंबे समय से अनियमित और अत्यधिक मासिक रक्तस्त्राव से परेशान थीं। हर 20 दिन के अंतराल पर भारी ब्लीडिंग हो रही थी। जांच में उनके गर्भाशय में बड़ा ट्यूमर भी पाया गया। इसके साथ ही मरीज को ग्रेड-3 बवासीर की गंभीर समस्या थी, जिससे मलाशय से भी लगातार रक्तस्त्राव हो रहा था। हॉस्पिटल में विस्तृत जांच और आवश्यक तैयारी के बाद सर्जरी की योजना बनाई गई। डॉक्टरों की टीम ने कुशलतापूर्वक टोटल लैप्रोस्कोपिक हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय की सर्जरी) और ओपन हेमोरॉयडेक्टॉमी (बवासीर की सर्जरी) एक साथ सफलतापूर्वक की। यह सर्जरी पारस एचईसी हॉस्पिटल में चीफ जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति तेजी से सुधरी और ऑपरेशन के तीसरे दिन उन्हें पूरी तरह स्थिर हालत में हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मरीज लंबे समय से अत्यधिक रक्तस्त्राव और गर्भाशय के बड़े ट्यूमर के साथ-साथ ग्रेड-3 बवासीर की समस्या से जूझ रही थीं। पूरी जांच और आवश्यक तैयारी के बाद दोनों सर्जरी एक साथ करने का निर्णय लिया गया। ऑपरेशन सफल रहा और मरीज की स्थिति अब पूरी तरह स्थिर और बेहतर है। उन्होंने कहा कि समय पर सही उपचार मिलने से मरीज को बड़ी राहत मिली है।हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस एचईसी हॉस्पिटल में मरीजों को आधुनिक तकनीक और अनुभवी विशेषज्ञों की टीम के माध्यम से बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

# एसआईआर पर सियासी बयानबाजी : कांग्रेस-जेएमएम ने भाजपा पर चुनाव आयोग को एजेंट बनाकर इस्तेमाल करने का लगाया आरोप

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**रांची।** राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी रक्फ़ की तैयारी है जिसकी शुरूआत जल्द ही होनेवाला है. चुनाव आयोग ने अप्रैल महीने से इसकी शुरूआत करने की घोषणा की है. इसको लेकर चुनाव आयोग की तैयारी अंतिम चरण में है. इधर एसआईआर की सुगबुगाहट तेज होते ही विपक्षी दल मुखर होने लगे हैं. झारखंड विधानसभा परिसर में कांग्रेस और जेएमएम नेताओं ने इस बहाने भाजपा और चुनाव आयोग पर दबाव बनाते दिखे. ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आयोग को एजेंट बनाकर जहां जहां चुनाव होने हैं उन राज्यों में एसआईआर कराया जाता है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरू से इसका विरोध करती रही है और जहां भी गड़बड़ी होगी इसका विरोध किया जाएगा. नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार कहते हैं कि संवैधानिक संस्थाएं जब अपने कर्तव्यों से विचलित होगी तो जनता चाबुक फटकार लगाकर उन्हें कर्तव्यों का याद दिलाएगी. उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल होने के नाते चुनावी प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए हमलोग हमेशा तैयार हैं.

**11 मार्च को एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की बड़ी बैठक**

एसआईआर के संबंध में 11 मार्च को राज्य स्तरीय बैठक बुलाई गयी है. इस बैठक में सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारी हिस्सा लेंगे. इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्री-रिविजन की गतिविधियों को पूरा करना है ताकि एसआईआर शुरू होने से पहले बची हुई सभी कमियों को इसी महीने सुधार कर सारी व्यवस्थाएं ठीक कर ली जाएं. चुनाव आयोग ने एसआइआर की अधिसूचना जारी होने के बाद करीब 100 दिनों में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा है. वर्तमान समय में अपने राज्य झारखंड में करीब 2.65 करोड़ मतदाता हैं. एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने के बाद मतदाता सूची की व्यापक जांच, सत्यापन और सुधार का काम होगा. राज्य के सभी जिलों में करायी गयी मतदाता सूची की प्रारंभिक जांच में ही करीब 15 लाख से अधिक ऐसे मतदाता चिह्नित किये गये हैं, जिनका नाम विभिन्न वजहों से वोटर लिस्ट से हटेगा.

# आरयू में यूजी रिजल्ट लंबित, पीजी में दाखिला अटका, उच्च शिक्षा का सत्र पटरी से उतरा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**




**रांची।** झारखंड में उच्च शिक्षा का शैक्षणिक सत्र लगातार बिगड़ता जा रहा है. सबसे ज्यादा असर रांची यूनिवर्सिटी (आरयू) में दिख रहा है, जहां स्नातक सत्र 2022-25 का परिणाम अब तक जारी नहीं हो पाया है. नतीजा यह है कि स्नातकोत्तर सत्र 2025-27 में नामांकन की प्रक्रिया भी अटक गई है और हजारों छात्र अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं. रांची विश्वविद्यालय कैंपस का जायजा लिया, जहां स्थिति चिंताजनक दिखी. कई विभागों और कक्षाओं में ताले लटके नजर आए और परिसर में छात्र लगभग नदारद दिखे. नामांकन प्रक्रिया ठप होने और कक्षाएं नियमित नहीं चलने की वजह से विश्वविद्यालय परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है. अगर शैक्षणिक और परीक्षा कैलेंडर नियमित रहता तो स्नातक फाइनल वर्ष का परिणाम जून 2025 तक घोषित हो जाना चाहिए था. इसके बाद जुलाई-अगस्त में पीजी में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाती. विश्वविद्यालय प्रशासन ने जनवरी 2026 से स्नातकोत्तर सत्र शुरू करने की घोषणा भी की थी, लेकिन यूजी रिजल्ट लंबित रहने के कारण यह योजना लागू नहीं हो सकी. स्नातक फाइनल का परिणाम जारी नहीं होने से करीब 30 हजार छात्र उच्च शिक्षा के अगले चरण में प्रवेश का इंतजार कर रहे हैं. छात्र लगातार रिजल्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन मूल्यांकन और परिणाम प्रकाशन की धीमी प्रक्रिया के कारण पूरा शैक्षणिक ढांचा प्रभावित हो रहा है.

# नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने से निराश हूं, राष्ट्रपति का नहीं हुआ है पश्चिम बंगाल में अपमान: मंत्री इरफान अंसारी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही में भाग लेने मंत्री इरफान अंसारी पहुंचे. इस दौरान उन्होंने मीडिया को संबोधित किया. पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति का अपमान विवाद और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले पर प्रतिक्रिया दी. इसके अलावा उन्होंने राज्य के विधायक, सांसद, पूर्व विधायक-सांसद के लिए आईएएस आईपीएस जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के फैसले पर अपनी बात रखी.

**चुनाव वाले राज्यों में जाने से परहेज करना चाहिए: डॉ इरफान अंसारी**

मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि उनका मानना है कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति का कोई अपमान नहीं हुआ है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति को उन राज्यों में जाने से परहेज करना चाहिए, जहां चुनाव होने हैं. मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि राष्ट्रपति को बीजेपी के बहकावे में नहीं आना चाहिए था. वह बीजेपी की राजनीति का शिकार हो रही हैं. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर अपमान हुआ है तो यह सही नहीं है.

**बीजेपी ने नीतीश कुमार का राजनीतिक हत्या की: डॉ इरफान अंसारी**

झारखंड सरकार में मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बहुत बड़े नेता हैं. उनको जानबूझकर राज्यसभा भेजा जा रहा है. यह बिहार और झारखंड का अपमान है. मंत्री ने कहा कि अगर नीतीश कुमार को स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या हैं तो वे बिहार के मुख्यमंत्री का इलाज करेंगे. उन्होंने कहा कि वह बिहार के मुख्यमंत्री से आग्रह करते हैं कि राज्यसभा जाने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करें और बिहार का नेतृत्व करना जारी रखें. उनके नाम पर बिहार में जनता ने वोट किया है, अगर वह बिहार छोड़कर राज्यसभा जाते हैं तो यह बिहार के वोटरों के साथ धोखा होगा. वहीं मंत्री इरफान अंसारी ने वर्ल्ड कप जीत पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि मेरा बेस्ट खिलाड़ी संजू सैमसन है. जिसने बहुत अच्छा खेल का प्रदर्शन किया.

**महिलाओं के प्रति मानसिकता दर्शाता है कांग्रेस नेताओं का बयान: बाबूलाल मरांडी**

वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान मामले पर डॉ इरफान अंसारी के बयान को लेकर बाबूलाल मरांडी ने प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता पहले भी राष्ट्रपति को लेकर अनाप शनाप बोलते रहे हैं. ऐसे में जो भी नेता ममता बनर्जी के व्यवहार का समर्थन कर रहे हैं. वह उनकी मानसिकता को दर्शाता है.

# बीओबी ने स्व0 दिनेश कुमार के परिजनों को सौंपा बीमा का चेक

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**रांची।** सोमवार को बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय, राँची के हेसाग शाखा के गृह ऋण ग्राहक स्वर्गीय दिनेश कुमार के असामयिक निधन के पश्चात उनके परिजनों को 19.95 लाख की बीमा राशि प्रदान कर वित्तीय राहत दी गई। स्वर्गीय दिनेश कुमार ने रु 22 लाख का गृह ऋण लिया था और साथ ही इंडिया फर्स्ट की ग्रुप क्रेडिट लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी भी कारवाई थी। पॉलिसी की शर्तों के अनुसार, उनकी धर्मपत्नी एवं नामित व्यक्ति पूनम देवी को 19.95 लाख का दावा भुगतान किया गया। यह चेक बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय राँची में श्री नीलमणि, उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्राहकों को GCLI पॉलिसी के लाभों की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम मे श्री स्वप्निल श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख राँची क्षेत्र, श्री मनोज कुमार, मुख्य प्रबन्धक एवं शाखा प्रमुख, हेसाग शाखा भी उपस्थित रहें। क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा समय समय पर ग्राहकों को जागरूक करने के लिया जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन निरंतरण रूप से किया जाता रहा हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा अपने ग्राहकों की सुरक्षा एवं सेवा के प्रति प्रतिबद्ध हैं और इस प्रकार की पहलें बैंक की सामाजिक जिम्मेदारी को दशार्ती हैं।

# एमएसएमई-विकास कार्यालय द्वारा रांची में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए दो दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेला का आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**रांची।** भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय के एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए दो दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेला का आयोजन दिनांक 09 मार्च से 10 मार्च, 2026 तक मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, रांची में किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य के पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को उनके उत्पादों की बिक्री हेतु मार्केटिंग सपोर्ट प्रदान करना है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक-09.03.26 को मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, रांची में श्री इंद्रजीत यादव, निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची, श्री संतोष कुमार सिन्हा, उप महाप्रबंधक, एसएलबीसी, रांची, श्री राजीव रंजन, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, रांची एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती ज्योत्सना गुड़िया, सहायक निदेशक ने उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपझरेखा से अवगत कराते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को अपने पारंपरिक शिल्प और उत्पादों को प्रदर्शित करने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और बाजार संबंधों को मजबूत करने के लिए एक विपणन मंच प्रदान करना है। मुख्य अतिथि श्री संतोष कुमार सिन्हा, उप महाप्रबंधक, एसएलबीसी, रांची, ने कहा कि पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों के विकास के लिए यह आयोजन एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची द्वारा एक सराहनीय प्रयास है। यह आयोजन स्थानीय कारीगरों के लिए अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने प्रतिभागियों को इस आयोजन का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की। इस कार्यक्रम में श्री राजीव रंजन, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, रांची, श्री बैद्यनाथ हेम्ब्रम, सहायक निदेशक, आरडीएसडीई, रांची एवं श्री आनंद गोठी, उप निदेशक, एमएमएलकेयुवीबी, रांची ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया।

**स्थानीय कारीगरों की समृद्धि बढ़ाने में मदद करेगा प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला**

श्री इंद्रजीत यादव, निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची ने कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, विश्वकर्मा जयंती दिनांक-17 सितम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री जी के द्वारा डिजिटली लौंच (लागू) की गई थी। यह प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला स्थानीय कारीगरों को उनके सामर्थ्य एवं समृद्धि को बढ़ने में मदद करेगा जिससे उनके आय में वृद्धि होगी। उन्होंने सभा में उपस्थित पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों से इस मेले का लाभ लेते हुए ऑनलाइन मार्केटिंग के बारे में ज्यादा से ज्यादा सीखने का आह्वान किया।

# रांची के मोरहाबादी मैदान में राजकीय हस्तकरघा एवं सरस मेला का शुभारंभ, देशभर के 620 स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में सोमवार को राजकीय हस्तकरघा एवं सरस मेला का भव्य शुभारंभ हुआ. उद्योग मंत्री संजय यादव और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया. यह मेला 9 मार्च से 20 मार्च तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा. मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए कारीगरों और उद्यमियों के करीब 620 स्टॉल लगाए गए हैं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं. मेले में झारखंड समेत देश के कई राज्यों के हस्तकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों की विविधता देखने को मिल रही है. यहां पारंपरिक वस्त्र, तसर और सिल्क के परिधान, हैंडलूम साड़ियां, लकड़ी और बांस से बने उत्पाद, जूट के सामान, हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुएं, घरेलू उपयोग की चीजें और कई तरह के पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं. इस मेले में झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों से आए स्वयं सहायता समूहों और कारीगरों को भी अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने का अवसर मिला है. मेला शुरू होते ही बड़ी संख्या में लोग मोरहाबादी मैदान पहुंच रहे हैं और विभिन्न स्टॉलों पर खरीदारी कर रहे हैं. राजधानी के लोगों के लिए यह मेला खरीदारी के साथ-साथ पारंपरिक कला और संस्कृति से जुड़ने का भी अवसर बन गया है. मेले में अलग-अलग राज्यों की झलक देखने को मिल रही है, जहां कारीगर अपने-अपने क्षेत्र की विशेष कला और उत्पादों को लेकर पहुंचे हैं. मेले में पहुंचे कई उद्यमियों और कारीगरों का कहना है कि इस तरह के आयोजन उनके लिए बेहद फायदेमंद साबित होते हैं.

# यूपीएससी में 365वीं रैंक लाने वाली निहारिका का साहिबगंज में भव्य स्वागत




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज।** हौसला बुलंद हो तो कोई भी कठिनाई पार किया जा सकता है, घर में रहकर सिविल सर्विसेज की तैयारी करके सबसे कठिन परीक्षा यूपीएससी पास करके 365 अंक लाई निहारिका के साहिबगंज पहुंचने पर परिवार जन, दोस्त, रिश्तेदार, स्थानीय लोग व सहकर्मियों ओर समाजसेवियों ने स्टेशन में बुके देकर व अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया। वही बैंड बाजा के साथ भव्य स्वागत किया गया। निहारिका बड़ी दुर्गा मंदिर ओर बड़ा बजरंगबली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया ओर मोहल्ला के बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। वही घर में प्रेस वार्ता करके निहारिका ने कहा कि मई 2024 में मेरी यूपीएससी की जर्नी शुरू हुई। दूसरे प्रयास में 365 रैंक मिला। स्कूल से लेकर ग्रेजुएशन तक के शिक्षक और फैमिली का स्पोर्ट हमेशा मिला। मेरे अभिभावक ने हमेशा मेरा साथ दिया। कभी तनाव नहीं दिया। यूपीएससी का ऑनलाइन मैटेरियल बहुत सारा है, उससे पढ़ाई करे। अगर 3- 4 बार फेलियर हो गये है तो बैकअप प्लान तैयार रखे। जिसमें सबसे ज्यादा मजबूत है वही सब्जेक्ट को अपना ऑप्शनल सब्जेक्ट रखे। सबसे पहले सलेब्स को बढ़िया से देखे उसके बाद ऑप्शनल सब्जेक्ट चूस करे। खुद रिसर्च करे, सेल्फ स्टडी करे, अपने ऊपर कॉन्फिडेंस रखे, हर परीक्षा में सफलता मिलेगी। निहारिका ने कहा कि रैंक के हिसाब से जो भी पोस्ट मिलेगा, जनता का बेहतरीन सेवा दूंगी। जमीन से हमेशा जुड़ी रहूंगी। वही उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि बेटियों के एजुकेशन पर ध्यान दे, बेटियों को बेहतरीन शिक्षा दे, तनाव या दबाव न दे।महिलाओं को घर का स्पोर्ट चाहिए, स्पोर्ट मिलेगा तो बेटियां कुछ भी कर सकती है। वही निहारिका ने बताया कि मैं प्रतिदिन 8 से 12 घंटा की सेल्फ पढ़ाई करती थी। सोशल मीडिया ओर मोबाइल का उपयोग सिर्फ डिजिटल पढ़ाई और पढ़ाई से रिलेटेड मैटिरियल उपाय करने के लिए करती थी। पूरा फोकस मेरा अपना गोल पर यूपीएससी परीक्षा पास करने पर था। वही पिता निरंजन सिन्हा ने कहा कि बेटी की सफलता पर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा है, कभी भी बेटी को डिप्रेशन में नहीं डाले, पढ़ाई के प्रति हर कुछ पूरा किये। सिम्पल लिविंग हाय थिंकिंग मेरा उद्देश्य रहा है। शिक्षा देना मेरा उद्देश्य है। इसलिए मैं अपने बच्चों को शिक्षा दिया। ईश्वर की कृपा रहा, उनकी कृपा से आज बहुत कुछ मिला। वही नर्स माँ शबनम कुमारी ने कहा कि बेटी बहुत ज्यादा मेहनत की, सबका स्पोर्ट रहा कि आज बेटी सबसे बड़ा परीक्षा पास की। परिवार शिक्षा पर काफी ध्यान दिया। हमें उम्मीद थी कि मेरी बेटी एक दिन सफल अवश्य होगी। मैं हमेशा कहती थी कि धैर्य नहीं खोना है। बच्चों के बीच अनुशासन सर्वोपरि है। बच्चों में अनुशासन रखे।

## महिला दिवस पर डायट चाकुलिया में 10 उत्कृष्ट शिक्षिकाएं सम्मानित

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के चाकुलिया स्थित जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। अतिथियों को टीका-अक्षत लगाकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर समाज को नई दिशा दे रही हैं और शिक्षा के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को भी सशक्त बना रही हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से अपने-अपने विद्यालय और क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक कार्य, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा के प्रति समर्पित योगदान के लिए कुल 10 शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इन शिक्षिकाओं को शॉल और मोमेंटो देकर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लायंस क्लब जमशेदपुर की डॉ मंजू रानी सिंह, करीम सिटी कॉलेज जमशेदपुर की डॉ नेहा तिवारी, जमशेदपुर-1 की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अनिता सिन्हा, एस्पर ऑगेर्नाइजेशन की डॉ निवेदिता कर, लायंस क्लब की सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यकर्ता पूर्वी घोष एवं नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोमवारी सोरेन उपस्थित थीं।

## एक साल से ठप कोटालपोखर जलापूर्ति योजना, शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे लोग; विधायक निसात आलम ने विधानसभा में भेजा निवेदन

**बरहरवा/साहिबगंज।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से करोड़ों रुपये की लागत से कोटालपोखर बाजार के लिए बनाई गई ग्रामीण जलापूर्ति योजना पिछले एक वर्ष से बंद पड़ी है। इसके कारण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है और उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूरे मामले को लेकर पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम ने कोटालपोखर ग्रामीण जलापूर्ति योजना को लेकर झारखंड विधानसभा में निवेदन पत्र भेजा है। विधायक ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि यह जलापूर्ति योजना पिछले एक साल से ठप पड़ी है, जबकि सरकार द्वारा योजना को पूर्ण कर ग्रामीणों के लिए सौंप दिया गया था। इसके बावजूद विभागीय लापरवाही और कुछ तकनीकी गड़बड़ियों के कारण योजना चालू नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने विधानसभा समिति, विभागीय मंत्री और विभागीय सचिव से भी वार्ता की है। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीणों के लिए किसी वरदान से कम नहीं थी, लेकिन एक वर्ष से बंद रहने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।विधायक के अनुसार आज भी कई लोगों को बाजार से खरीदकर शुद्ध पेयजल पीना पड़ रहा है, जबकि सरकार द्वारा यहां बड़ी पानी की टंकी और पाइपलाइन का निर्माण कराया गया है। इस योजना के तहत पानी गुमानी नदी से लाकर फिल्टर किया जाता है और फिर पूरे बाजार क्षेत्र में सप्लाई किया जाता है।विधायक निसात आलम ने बताया कि संबंधित विभाग की ओर से उन्हें आश्वासन दिया गया है कि जल्द पहल करते हुए इस योजना को फिर से चालू किया जाएगा, ताकि लोगों को दोबारा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## रंगदारी को लेकर मारपीट के मामले में आरोपित की पुलिस ने कराई परेड



**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र के बरटांड़ के समीप मीट हाउस में बीते 27 फरवरी को रंगदारी को लेकर संचालक से जमकर मारपीट की गई थी। जिसमे दुकान संचालक गम्भीर रूप से घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया था। वहीं मारपीट का पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार मंगल सिंह के बयान पर धनबाद थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। इस मामले में पुलिस ने कुल पांच लोगों को आरोपी बनाया है, जिनमें से एक आरोपित को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। वहीं, मारपीट के उक्त घटना का मुख्य आरोपित रौशन सिंह की गिरफ्तारी के लिये पुलिस छापेमारी कर रही थी। रौशन सिंह आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गिरफ्तारी के बाद सोमवार की शाम पुलिस ने रोशन सिंह की सरेआम परेड कराई। पुलिस ने उसे सिटी सेंटर से मधुलिका होटल तक पैदल घुमाया। धनबाद थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य यह संदेश देना है कि कोई भी अपराधी अपराध कर के बच नहीं सकता। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल अन्य आरोपितों की भी तलाश जारी है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की एक दिवसीय बैठक हुई आयोजित



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज** ।बोरियो प्रखण्ड कार्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बोरियो नागेश्वर साव की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बूथ स्तर पर चुनाव से संबंधित कार्यों की जानकारी देना एवं विभिन्न आवश्यक दिशानिदेर्शों पर चर्चा करना था। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और बूथ लेवल एजेंट उपस्थित रहे। इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से प्रखण्ड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू, सचिव गफ्फार अंसारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य रिजवान अंसारी सहित लगभग 110 बूथों से पार्टी के वीएलए शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने बूथ स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखने, मतदाता सूची से संबंधित कार्यों तथा निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे और निर्वाचन कार्यों में प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## तीनपहाड़ रेलवे रैक लोडिंग पॉइंट के पास ट्रेन से कट कर 12 वर्षीय नाबालिक लड़की की हुई मौत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**तीनपहाड़/साहिबगंज** ।मालदा रेल मंडल अंतर्गत तीनपहाड़ रेलवे रैक लोडिंग पॉइंट के समीप बीते रविवार की रात्रि को अप हावडा जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन से कट कर एक नाबालिक लड़की कि मौत हो गयी।मिली जानकारी के अनुसार बिहार के कजराली थाना क्षेत्र के गौरा चौकी निवासी अरविंद मंडल अपने परिजनो के साथ प बंगाल के तारापीठ पूजा करने गया था पूजा करने के बाद सभी लोग अप हावडा जयनगर एक्सप्रेस से वापस आ रहा था इसी दौरान ट्रैन धमधामिया से खुलने के बाद मृतक लड़की शौच करने के लिये गयी इसके बाद ट्रेन तीनपहाड़ स्टेशन पहुँच गयी लेकिन वह लड़की शौचलाया से वापस नही आई यह देख मृतक लड़की के फूफा विकाश कुमार ने शौचालय जाकर देखा लेकिन वह शौचालय में नही थी तब तक ट्रेन तीनपहाड़ स्टेशन से खुल गयी थी यह देख यह हो हल्ला किया लेकिन कुछ पता नही चला इसके बाद बिकाश कुमार कल्यानचक स्टेशन में उतर कर वापस तीनपहाड़ आया और तीनपहाड़ से धमधामिया की तरफ रेल लाइन के किनारे से जाने लगा तभी देखा कि पोल संख्या 192/ 41और 192/ 38 के बीच अप लाइन में नाबालिक लड़की का शव पड़ा हुआ था इसके बाद इसकी सूचना आरपीएफ को दिया गया जहाँ आरपीएफ ने इसकी जानकारी अपने वरीय अधिकारी और तीनपहाड़ थाना को दिया सूचना के बाद तीनपहाड़ थाना के एएसआई ललन रजवार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर जांच किया इसके बाद जीआरपी रेल थाना प्रभारी रामा शंकर प्रसाद तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे, रेल थाना के एएसआई प्राण राज ,कमलेश कुमार आरपीएफ के अजय कुमार हांसदा पहुँच कर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिये अनुमंडल अस्पताल राजमहल भेज दिया इस संदर्भ में बरहरवा जीआरपी रेल थाना प्रभारी रामा शंकर प्रसाद ने कहा कि देख कर प्रतीत हो रहा है कि नाबालिक लड़की ट्रैन से कट कर मृत्यु हुई है मामले का जांच किया जा रहा है।

## रेलवन ऐप को लोकप्रिय बनाने के लिए मालदा डिवीजन का अभियान, साहिबगंज सहित कई स्टेशनों पर जागरूकता



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज।** मालदा के संभागीय रेलवे प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में, मालदा संभाग द्वारा रेलवन ऐप को लोकप्रिय बनाने के लिए चलाया जा रहा सप्ताह भर का अभियान सोमवार को सफलतापूर्वक चौथे दिन में प्रवेश कर गया। इस पहल के अंतर्गत, मालदा संभाग ने रेलवन मोबाइल एप्लिकेशन की विशेषताओं और लाभों के बारे में यात्रियों को जागरूक करने के लिए मालदा टाउन स्टेशन, बरहरवा, तालझरी, साहिबगंज और जमालपुर रेलवे स्टेशनों पर व्यापक जागरूकता और प्रचार अभियान चलाया। यह अभियान मालदा के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और निर्बाध यात्रा अनुभव के लिए डिजिटल रेलवे सेवाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अभियान के दौरान, यात्रियों को रेलवन ऐप की विभिन्न विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें ऐप डाउनलोड करने और सक्रिय रूप से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह ऐप एक ही प्लेटफॉर्म पर रेलवे सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें टिकट बुकिंग, ट्रेन की जानकारी, यात्रा योजना और अन्य यात्री-संबंधी सेवाएं शामिल हैं, जिससे रेल यात्रा सरल, तेज और अधिक कुशल हो जाती है। इस अभियान को स्काउट्स और गाइड्स के स्वयंसेवकों का भरपूर समर्थन मिला, जिन्होंने रेलवन ऐप पर स्विच करने और इस डिजिटल युग में डिजिटल सेवाओं को अपनाने के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए यात्रियों, रेल उपयोगकताओं और रेलवे कर्मचारियों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की। इस अभियान का संदेश स्पष्ट और सरल हैः कई रेलवे ऐप्स को अलविदा कहें और रेलवन के एकल, एकीकृत प्लेटफॉर्म पर स्विच करें। एक व्यापक ₹सुपर ऐप₹ के रूप में, रेलवन कई यात्री सुविधाओं और सेवाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत करता है। इस ऐप के माध्यम से, यात्री लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों के टिकट बुक कर सकते हैं, कुछ ही सेकंड में प्लेटफॉर्म टिकट खरीद सकते हैं, ट्रेन की लाइव स्थिति देख सकते हैं, कोच की स्थिति देख सकते हैं, पीएनआर स्थिति ट्रैक कर सकते हैं, यात्रा के दौरान भोजन ऑर्डर कर सकते हैं और रेल मदद के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही अन्य सेवाएं भी उपलब्ध हैं। पूर्वी रेलवे द्वारा डिजिटल रेलवे सेवाओं को बढ़ावा देने और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के तहत, मालदा डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर जागरूकता अभियान जारी रहेगा।

## राजमहल प्रखंड सभागार में बीएलओ व सुपरवाइजरों की बैठक, निर्वाचन कार्यों को लेकर दिए गए निर्देश



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**राजमहल/साहिबगंज।** सोमवार को राजमहल प्रखंड सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. यूसुफ की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजमहल प्रखंड अंतर्गत सभी बीएलओ और सुपरवाइजर मौजूद रहे। बैठक के दौरान Annexure–1 के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी पुराने एवं नव नियुक्त बीएलओ को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) से पूर्व आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि गहन पुनरीक्षण के दौरान सभी संबंधित दस्तावेजों और अभिलेखों की जांच करते हुए निर्धारित स्थानों पर स्टिकर चिपकाकर मोहर लगाना सुनिश्चित करें, ताकि निर्वाचन कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इस अवसर पर अधिकारियों ने बीएलओ और सुपरवाइजरों को निर्वाचन कार्यों के प्रति सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ काम करने का निर्देश दिया। बैठक में भरत मंडल, विजय कुमार, सूर्यनारायण चौधरी, शम्स आजम, सेबास्टियन हांसदा सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## चेंबर ने पुलिस से की सड़कों के किनारे नशेड़ियों की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की लॉ एंड ऑर्डर उप समिति के तत्वावधान में सोमवार को सदर थाना में पुलिसझ्व्यवसायी समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के व्यवसायियों ने अपने क्षेत्र की समस्या और सुझावों से थाना प्रभारी को अवगत कराया। व्यवसायियों ने मुख्य रूप से बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, पुलिस गश्ती बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जरूरी कार्रवाई का भरोसा दिलाया और व्यवसायियों से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया। चर्चा के क्रम में थाना क्षेत्र के व्यापारियों और थाना के पदाधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप का गठन करने का निर्णय लिया गया ताकि किसी भी समस्या या सूचना का त्वरित आदान-प्रदान हो सके।

**कोकर इंडस्ट्रियल एरिया से जुड़ी समस्याओं को उठाया**

बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने क्षेत्र के चौकझ्चौराहों, सड़कों के किनारे और दुकानों के बाहर नशेड़ियों की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। वहीं कोकर इंडस्ट्रियल एरिया से जुड़ी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया और कई क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया गया। इसके साथ ही अतिक्रमण से उत्पन्न हो रही समस्याओं पर भी चर्चा हुई। व्यवसायियों ने बताया कि कोकर डिस्टिलरी पुल पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बैठक के दौरान एक व्यवसायी से रंगदारी मांगने के मामले में थाना स्तर पर कार्रवाई में हो रही देरी पर भी सदस्यों ने आपत्ति जताई और त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान में थाना स्तर पर दो पीसीआर पूरी तरह सक्रिय हैं। किसी भी आपात स्थिति में 112 नंबर पर डायल करने पर निकटतम पीसीआर तुरंत सहायता के लिए पहुंच जाएगी। वहीं लॉ एंड ऑर्डर उप समिति के चेयरमैन मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि चेंबर की ओर से बैठक का उद्देश्य व्यापारियों और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर संवाद और समन्वय स्थापित करना है। ऐसी बैठकों से समस्याओं का समाधान तेजी से संभव हो पाता है और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में भी मदद मिलती है। चेंबर भविष्य में भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में ऐसी बैठकों का आयोजन करता रहेगा, ताकि व्यापारियों की सुरक्षा और व्यापारिक वातावरण को बेहतर बनाया जा सके। बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने भी इस प्रकार की बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने पर बल दिया, ताकि आपसी समन्वय के माध्यम से क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर पूर्व उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, कार्यकारिणी सदस्य मनीष सर्राफ, अमित शर्मा, अनीश बुधिया, कोकर व्यापार संघ के प्रमोद सिंघानिया, जयदेव धुत ने भी अपने विचार साझा किया। बैठक में रतन अग्रवाल, आशीष दास, विजय महतो, बिपिन वर्मा, आनंद जैन, आशीष सिंह, अरुण अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, बरुन कुमार, संतोष उरांव, संजय खेतान सहित कोकर क्षेत्र के कई व्यापारी और उद्यमी उपस्थित थे।

## राजमहल प्रखंड कार्यालय में मनरेगा कर्मियों की तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को मनरेगा कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के तहत पहले दिन धरना प्रदर्शन किया। यह हड़ताल मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में आयोजित की गई। धरना के दौरान मनरेगा पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सरकार से अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मनरेगा कर्मियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण के लिए स्पष्ट और पारदर्शी नीति का निर्माण, राज्य मनरेगा कोषांग में कार्यरत पदाधिकारियों के समरूप वेतन संरचना (ग्रेड पे) लागू करना, सामाजिक सुरक्षा नीति के तहत स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और मृत्यु मुआवजा लागू करना शामिल है। इसके अलावा कई महीनों से लंबित मानदेय का अविलंब भुगतान, मृत मनरेगा कर्मियों के आश्रितों को समुचित आर्थिक सहायता एवं लाभ, मानदेय भुगतान की समयबद्ध और सुनिश्चित व्यवस्था तथा अनावश्यक कार्यभार और अव्यावहारिक लक्ष्य निर्धारण पर रोक लगाने की भी मांग की गई।धरना कार्यक्रम में विनोद रूज, संध्या मंडल, बीना मरांडी, अखिलेश पंडित सहित अन्य मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

## महिला दिवस पर बोहरा आवासीय विद्यालय में खेल प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बरहरवा/साहिबगंज** ।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोमवार को बरहरवा के पलटनिया रोड स्थित बोहरा आवासीय विद्यालय के प्रांगण में बच्चों के बीच विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन काफी उत्साह और शानदार तरीके से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों ने भी बड़ी जिम्मेदारी के साथ अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस खेलकूद कार्यक्रम में बच्चों के बीच रस्सी कूद, दौड़, स्लो साइकिल रेस, जंपिंग, म्यूजिकल चेयर समेत कई प्रकार के खेल आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं के समापन के बाद विद्यालय समिति द्वारा विजेता बच्चों के बीच पुरस्कारों का वितरण भी किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बासुकी गुप्ता ने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में काफी मदद मिलती है तथा आपसी तालमेल और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों के सहयोग और मार्गदर्शन से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने इसके लिए सभी शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में सैकड़ों की संख्या में बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे।

# अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**हजारीबाग:** हजारीबाग उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित ऐसे लंबित मामलों की समीक्षा की गई, जिनका निष्पादन अन्य विभागों के समन्वय के अभाव में लंबित है। बैठक के दौरान लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपसी संवाद एवं पत्राचार को प्रभावी बनाया जाए तथा सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए, ताकि जनसामान्य से जुड़े मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने जनता दरबार से प्राप्त मामलों तथा पीजी पोर्टल पर लंबित शिकायतों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही झारसेवा पोर्टल के अंतर्गत लंबित जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र को त्वरित रूप से निर्गत




करने पर विशेष बल दिया। इसके अतिरिक्त ह्लसरकार आपके द्वारह्व कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन की कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग को एनएफएसए से संबंधित कार्यों एवं गोदाम निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने तथा भूमि हस्तांतरण से संबंधित आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पेयजल तथा भवन निर्माण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने को कहा। साथ ही पथ निर्माण विभाग, जल जीवन मिशन, लघु सिंचाई विभाग सहित सभी विभागों को संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सभी अधिकारियों से पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की अपेक्षा की गई, ताकि जिले के विकास कार्यों के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह के अतिरिक्त डीआरडीए निदेशक श्रीमती मां देवप्रिया, बरही एसडीओ श्री जोहन टुडू, सदर डीसीएलआर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## इलामी मध्यटोला में आग लगने से घर जला, विधायक निसात आलम ने दी राहत सामग्री व आर्थिक सहायता

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़:** सदर प्रखंड क्षेत्र के इलामी पंचायत अंतर्गत मध्यटोला में सोमवार को अचानक आग लगने से एक घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। इस घटना में घर में रखा सारा सामान भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो गया, जिससे पीड़ित परिवार को भारी नुकसान उठाना पड़ा।कांग्रेस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इलामी पंचायत के मध्यटोला निवासी ईसब शेख के घर में सोमवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते, तब तक घर के अंदर रखा आवश्यक सामान, अनाज, कपड़े व अन्य घरेलू वस्तुएं जलकर राख हो गईं। घटना की जानकारी पाकुड़ विधानसभा की विधायक निसात आलम को दूरभाष के माध्यम से दी गई। सूचना मिलते ही विधायक निसात आलम ने मामले को गंभीरता से



लेते हुए पीड़ित परिवार को तुरंत राहत सामग्री एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई, ताकि परिवार को तत्काल राहत मिल सके। इस दौरान विधायक ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वे परिवार के साथ खड़ी हैं और आगे भी आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। मौके पर फिरोज आलम, रफीक मास्टर, दाऊद शेख सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद थे, जिन्होंने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

## एनएमएल चट्टी-बरियातु कोयला खनन परियोजना (CBCMP) ने कटकमसांडी रेलवे साइडिंग से 2000वीं कोयला रेक भेजकर हासिल की बड़ी उपलब्धि

एनएमएल चट्टी-बरियातु कोयला खनन परियोजना (CBCMP) ने कोयला डिस्पैच और बिलिंग टीम के समर्पण और निरंतर प्रयासों से एक महत्वपूर्ण संचालनात्मक उपलब्धि हासिल की है। टीम ने कटकमसांडी रेलवे साइडिंग से अपने कैप्टिव पावर प्लांट के लिए 2000वीं कोयला रेक सफलतापूर्वक रवाना की। इस उपलब्धि को 2000वीं रेक को औपचारिक रूप से झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मनाया गया। इस अवसर पर श्री धनंजय श्रीखंडे, परियोजना प्रमुख (CBCMP) तथा टीम उइउटढ के विभिन्न विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। परियोजना की शुरूआत से अब तक कुल 125.55 लाख मीट्रिक टन (LMT) कोयले का प्रेषण किया जा चुका है। इनमें से 78.65 लाख मीट्रिक टन कोयला 2000 रेलवे रेकों के माध्यम से भेजा गया है। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी टीम और भारतीय रेलवे के अधिकारियों ने भी भाग लिया, जो इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे के मजबूत सहयोग और समन्वय को दशार्ता है। अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) और सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के तहत, एनएमएल CBCMP ने कटकमसांडी रेलवे साइडिंग के पास रहने वाले प्रभावित बिरहोर समुदाय को मच्छरदानियां भी वितरित कीं। यह उपलब्धि एनटीपीसी की कोयला परिवहन में उत्कृष्टता, हितधारकों के सहयोग और सतत विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती है।

## राजमिस्त्री से मारपीट, सदर अस्पताल में भर्ती

**लोहरदगा:** सदर थाना क्षेत्र में नाली निर्माण कार्य में लगे एक राजमिस्त्री के साथ मारपीट किए जाने और रुपये छीनने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित इम्तियाज अंसारी ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी अनुसार 09 मार्च को इम्तियाज अंसारी इमली चौक के समीप संवेदक के अधीन नाली निर्माण कार्य में लगे हुए थे। इसी क्रम में कुछ महिला मजदूर भी वहां काम कर रही थीं। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने इम्तियाज अंसारी के साथ मारपीट की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके पास रखे लगभग 40 हजार रुपये भी छीन लिया। घटना के बाद घायल राजमिस्त्री को संवेदक एवं अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अंसारी सहित अन्य लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने सदर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल इम्तियाज अंसारी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए कहा है कि मामले की जांच की जा रही है। दूसरी ओर आरोपियों की ओर से भी सदर थाना में एक आवेदन दिया गया है। पुलिस के अनुसार जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सिंदरी में मौसम ने ली करवट ,बूंदाबांदी से गर्मी से मिली राहत

**कुलबीर सिंह/ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी /धनबाद।** सिंदरी के मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। दोपहर के बाद अचानक आसमान में बादल छा गए।संध्या लगभग 5:00 बजे से गरज के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। पिछले कई दिनों से बढ़ती गर्मी और उमस से लोग परेशान थे। बारिश होते ही जहां कुछ लोग भींग कर मौसम का आनंद लेते नजर आए, वहीं कुछ लोग जल्दी-जल्दी अपने घर पहुंचने के लिए व्याकुल दिखाई दिए। लगभग एक घंटा की बारिश में बच्चों और युवाओं ने जमकर लुत्फ उठाया।ऐसे में हल्की बारिश ने लोगों को काफी राहत दी। बूंदाबांदी शुरू होते ही लोगों ने ठंडी हवा और सुहावने मौसम का आनंद लिया। काफी दिनों से इस बारिश का इंतजार किया जा रहा था। बारिश के बाद वातावरण में ठंडक बढ़ गई और लोगों के चेहरे पर राहत साफ दिखाई दी। मौसम के इस बदलाव से किसानों को भी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि कुछ देर की बारिश के कारण बाजार और सड़कों में हलचल कम हो गई।

## सिंदरी एफसीआईएल की अनुपयोगी भूमि पर एम्स स्तरीय अस्पताल की पहल,सांसद ढुलू महतो के अनुरोध पर मंत्री नड्डा ने दिए जांच के निर्देश

**कुलबीर सिंह /झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी /धनबाद।** क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने 2 फरवरी 2026 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को एक अनुरोध पत्र प्रेषित किया था। पत्र में सांसद ने बताया था कि सिंदरी एक प्रमुख औद्योगिक और शैक्षणिक क्षेत्र है ।जहां बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं, लेकिन यहां समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने सिंदरी स्थित एफसीआईएल यूनिट



की अनुपयोगी भूमि पर एम्स स्तरीय सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करने की मांग की थी। सांसद ने अपने पत्र में कहा था कि सिंदरी एवं आसपास के क्षेत्र में बड़ी आवादी को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा के लिए दूर जाना पड़ता है। यदि यहां एम्स स्तर का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित किया जाता है, तो इससे न केवल धनबाद बल्कि पूरे कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस अनुरोध के आलोक में केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने संबंधित विभाग को मामले का परीक्षण करने का निर्देश दिया है। इसकी जानकारी सांसद ढुलू महतो को मंत्रालय की ओर से भेजे गए जवाबी पत्र के माध्यम से दी गई है। सांसद ढुलू महतो ने कहा कि सिंदरी एफ सी आई एल की अनुपयोगी भूमि का उपयोग जनहित के लिए किया जाना चाहिए ।उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि यहां एम्स स्तरीय अस्पताल की स्थापना होती है, तो इससे पूरे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। स्थानीय स्तर पर यह जानकारी दीपक कुमार दीपू एवं अरविंद पाठक द्वारा दी गई है।

## पैसे के लिए युवती की हत्या कर आरोपित ने कुएं में फेंका शव, गिरफ्तार



**दुमका।** पैसे के लिए 28 वर्षीय युवती की गला दबाकर हत्या कर शव को कुएं में फेंक देने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित जागेश्वर मरांडी के निशानदेही पर ही युवती के शव को मुफस्सिल थाना की पुलिस ने बागझोपा गांव के एक कुएं से बरामद कर लिया है। यह घटना 10 फरवरी को मुफस्सिल थाना अन्तर्गत टीकापहाड़ी गांव की है। जानकारी के अनुसार मृतका सरोधनी हेम्ब्रम टीकापहाड़ी गांव की रहने वाली थी और आरोपित युवक भी उसी गांव का निवासी है। युवक युवती को दीदी बोला करता था। युवती दैनिक मजदूरी किया करती थी। वह काम के सिलसिले में अक्सर पश्चिम बंगाल सहित अन्य प्रदेश भी जाती थी। युवती अपने कमाए रूपयों को अकाउंट में रखा करती थी। युवती के अकाउंट में काफी रूपए थे। इस बात की भनक युवक को लग गई थी। वह युवती के अकाउंट से रूपए लेने के लिए साजिश रचने लगा। आरोपी युवक जागेश्वर मरांडी ने 10 फरवरी को युवती को किसी काम का हवाला देते हुए सुनसान इलाके में बुलाया। युवती युवक पर काफी भरोसा करती थी। उसके बुलावे पर वह सुनसान इलाके में पहुंच गई। युवक ने किसी तरह से युवती के मोबाइल को हासिल किया और उससे फोन-पे के पासवर्ड जानने का प्रयास करने लगा। युवती को संदेह हुआ। वह पासवर्ड बताने को तैयार नहीं हुई। आवेश में युवक ने युवती की पिटाई शुरू कर दी। पिटाई के बाद उसने किसी तरह से उसके फोन पे के पासवर्ड जान लिया। पासवर्ड पता लगते ही युवक ने युवती के अकाउंट से एक लाख रूपया अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया। रूपए टांसफर होने के बाद उसने युवती की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया। घटना को अंजाम देने के बाद युवक गांव में ही रहने लगा था। इधर, परिजन युवती की तलाश अपने स्तर से कई जगहों पर की, लेकिन वह नहीं मिली। युवती के नहीं मिलने पर परिजनों ने अंत में 20 फरवरी को मुफस्सिल थाना में सनहा दर्ज कराई। सनहा दर्ज होने के बाद पुलिस भी अपने स्तर से छानबीन करने में जुट गई। इधर, युवती के मोबाइल नम्बर से लोकेशन का पता लगाया गया। युवती के अकाउंट को जब पुलिस ने खंगाला तो पता चला कि 10 फरवरी को ही गांव के ही जागेश्वर मरांडी के अकाउंट में एक लाख रूपया ट्रांसफर हुए है। पुलिस को संदेह हुआ और उक्त युवक को पूछताछ के लिए थाने पर बुलाया। पूछताछ में उसने किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से यह पता लगाया कि 10 फरवरी को दोनों एक साथ थे या नहीं। टेक्निकल सेल से पता चल गया कि घटना के दिन दोनों एक साथ थे। बाद में पुलिस ने दोबारा युवक को थाने बुलाया और सख्ती से पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर युवक ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस अब युवक के विरुद्ध हत्या कर साक्ष्य छूपाने की प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं शव का पोस्टमार्टम मंगलवार को किया जाएगा। मुफस्सिल थाना प्रभारी लोरेंसिया केरकेट्टा ने बताया कि 20 फरवरी को युवती के लापता होने का परिजनों से सनहा दर्ज कराया था। छानबीन में पता चला कि गांव के ही युवक ने उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया है।

## अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जब्त



**पाकुड़:** जिले में अवैध खनिज के परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में हिरणपुर थाना पुलिस ने अंचल प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से छापामारी कर अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर जब्त किए हैं ।हिरणपुर थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 09 मार्च 2026 को अंचलाधिकारी हिरणपुर के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान हिरणपुर थाना क्षेत्र के बन पोखरिया गांव के पास कोयला रोड में दो ट्रैक्टरों को अवैध रूप से बालू का परिवहन करते हुए पकड़ा गया ।पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को मौके से जब्त कर हिरणपुर थाना लाया। बताया गया कि ट्रैक्टरों के पास बालू परिवहन से संबंधित कोई वैध कागजात या चालान नहीं था। इस मामले में दोनों ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के विरुद्ध हिरणपुर थाना कांड संख्या 16/26, दिनांक 09.03.2026 के तहत धारा 317(5)/3(5) बीएनएस तथा 4/21 एमएमडीआर एक्ट 1957, 54 जेएमएमसी नियमावली 2004 और 7/9/13 जेएमपीआईएमटीएस एक्ट 2017 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है ।पुलिस ने बताया कि अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हजारीबाग प्रेस क्लब में महिला पत्रकारों का सम्मान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**हजारीबाग :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को हजारीबाग प्रेस क्लब में महिला पत्रकारों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों में कार्यरत महिला पत्रकार मनस्वी पाठक, अपराजिता पांडे एवं भव्या साहू को सम्मानित कर पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और पत्रकारिता के क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना तथा उन्हें प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में महिला पत्रकार न केवल समाचार जगत में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, बल्कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी निडर होकर समाज की आवाज को सामने लाने का कार्य कर रही हैं ।उन्होंने कहा कि पत्रकारिता जैसे




चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और उनका योगदान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। समारोह के दौरान प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने महिला पत्रकारों को प्राकृतिक पत्तों से बने मुकुट पहनाकर, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों एवं अतिथियों ने महिला पत्रकारों की मेहनत, साहस और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता से पत्रकारिता और अधिक सशक्त हो रही है ।इस अवसर पर वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार और समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही सभी ने यह संकल्प लिया कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बेहतर माहौल और अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में सामूहिक रूप से कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष, पदाधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार, प्रेस प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का समापन महिला पत्रकारों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए किया गया।

# विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन के बाहर धरना देकर क्षेत्र की गंभीर कानून-व्यवस्था संबंधी समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया, अवाज

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**

**बड़कागांव:** झारखण्ड विधानसभा सत्र के दौरान बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन के बाहर धरना देकर क्षेत्र की गंभीर कानून-व्यवस्था संबंधी समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने प्रेस और मीडिया के माध्यम से सरकार का ध्यान नापो गांव में हुए दोहरे हत्या कांड, अवैध तस्करी और निर्दोष लोगों पर हो रही कार्रवाई की ओर आकृष्ट किया।




**मुख्य मुद्दे और मांगें**

विधायक ने बड़कागांव क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं, अवैध ड्रग्स-कोयला-बालू तस्करी और निदोर्षों के उत्पीड़न पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखीं:

1. नापो में दोहरे हत्या कांड के सभी अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी।

नापो निवासी स्वर्गीय रोहित साव (कोयला कारोबारी) और प्रदीप साव की क्रूर हत्या से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है। इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए।

2. हत्या में पुलिस वाहन के इस्तेमाल की उच्चस्तरीय जांच।

घटना में पुलिस बोर्ड वाली गाड़ी (स्कॉर्पियो) के शामिल होने की बात सामने आई है, जो बेहद गंभीर है। इसलिए मामले की निष्पक्ष जांच उइकया उक्कसे कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

3. अवैध ड्रग्स, कोयला और बालू तस्करी पर तुरंत रोक

बड़कागांव क्षेत्र में लंबे समय से ये अवैध गतिविधियां खुलेआम चल रही हैं, जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ रही है। प्रशासन को तत्काल सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

4. अवैध तस्करी से जुड़ी आपराधिक घटनाओं की न्यायिक जांच। तस्करी के वर्चस्व के कारण क्षेत्र में लगातार हिंसक घटनाएं हो रही हैं। इन सभी की न्यायिक जांच कर सच्चाई उजागर की जाए और दोषियों को कठोर सजा दी जाए।

5. केरेडारी और बड़कागांव में निर्दोष विस्थापितों पर फर्जी ऋक्क्फ की जांच।

विस्थापितों और स्थानीय लोगों पर लगातार झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं, जिससे उनका उत्पीड़न हो रहा है। इन मामलों की न्यायिक जांच कर दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विधायक रोशन लाल चौधरी ने स्पष्ट किया कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता की सुरक्षा, न्याय और अधिकारों के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ये जनहित के मुद्दे हैं और इन पर संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से इन सभी मांगों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

यह धरना क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और न्याय व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## साग तोड़ने पेड़ पर चढ़ी महिला पेड़ से गिर कर घायल

**लोहरदगा:** गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र स्थित गम्हरिया गांव की एक महिला साग तोड़ने के क्रम में पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार गम्हरिया गांव निवासी सालिक उरांव की पत्नी समापति उरांव हर साल की तरह इस बार भी जंगल में फुटकल का साग तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ी थी। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह पेड़ से नीचे गिर गई। गिरने से उसकी कमर में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत परिजनों को सूचना दी और घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज जारी है।

## दवाइयों की सही कीमत के प्रति जागरूक करने की जरूरत : अजय

**रांची।** झारखंड स्टेट फार्मास्युटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट की ओर से नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए), भारत सरकार के मार्गदर्शन में सोमवार को आईपीएच सभागार, रांची में द ड्रग्स (प्राइस कंट्रोल) ऑर्डर 2013 और फार्मा सही दाम ऐप विषय पर राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य की ग्रामीण जनता को दवाइयों की सही कीमत के प्रति जागरूक करना समय की जरूरत है। फामेर्सी के छात्र-छात्राओं और केमिस्ट-ड्रगिस्ट संगठनों के सहयोग से इस तरह के जागरूकता अभियानों को और अधिक व्यापक बनाया जा सकता है। मौके पर एनपीपीए के डायरेक्टर कुमार अमन भारती ने दवाओं के मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी दवा कंपनी सरकार की ओर से निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर दवा नहीं बेच सकती। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों से अधिक वसूली गई राशि की वसूली की जाएगी। निदेशक (औषधि) ऋतु सहाय ने झारखंड स्टेट फार्मास्युटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि बाजार सर्वे के दौरान करीब 600 दवाओं में ओवर प्राइसिंग के मामले सामने आए हैं, जिसकी रिपोर्ट एनपीपीए को भेजी गई है।

## स्कूटी रैली निकालकर महिलाओं ने दिया नारी शक्ति का संदेश

# नशा मुक्त व बाल विवाह मुक्त झारखंड बनाने की ली शपथ

**कुलबीर सिंह /झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी/धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर आज समाहरणालय से 200 से अधिक महिलाओं ने स्कूटी रैली निकलकर नारी शक्ति का संदेश दिया। साथ ही नशा मुक्त व बाल विवाह मुक्त झारखंड बनाने का संकल्प लिया। रैली को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली समाहरणालय से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक पहुंची। रैली को रवाना करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस नारी के अधिकारों, समानता तथा उनके सामाजिक, आर्थिक योगदान के सम्मान और सशक्तिकरण का वैश्विक प्रतीक बन गया है। आज हर क्षेत्र में महिलाओं का संघर्ष, उनकी उपलब्धियां, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक सहित अन्य क्षेत्र में उनके योगदान को पहचान मिली है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में भी महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चल रही है। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए स्वयं सहायता समूह बनाकर उनको प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं बेलगड़िया में 40-80 महिलाओं का समूह बनाकर उन्हें मशरूम की खेती, बांस व जुट की सामग्री बनाने सहित अन्य क्षेत्र में हुनरमंद बनाया जा रहा है। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के बराबर योगदान दे रही है। महिला सशक्त होगी तो परिवार तथा समाज सशक्त बनेगा। रैली को रवाना करने से पूर्व सभी को नशा मुक्त झारखंड व बाल विवाह मुक्त झारखंड की शपथ दिलाई गई। स्कूटी रैली में महिला पुलिसकर्मी, सुपरवाइजर, सीडीपीओ, आंगनबाड़ी सेविका, पोषण सखी सहित 200 से अधिक महिलाएं शामिल थी। मौके पर उपायुक्त श्री आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती स्नेह कश्यप, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज अहमद, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती साधना कुमारी के अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों की महिलाएं शामिल रहीं।



## वार्ड 54 के पार्षद धीरज सिंह का सम्मान, विकास कार्यों को लेकर जताई उम्मीद



**सिंदरी /धनबाद।** सोमवार को धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 54 के नवनिर्वाचित पार्षद धीरज सिंह को भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री मनोज मिश्रा ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मनोज मिश्रा ने उन्हें जीत की बधाई देते हुए कहा कि वार्ड 54 में धीरज सिंह के नेतृत्व में विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्षद धीरज सिंह क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करेंगे और नगर निगम की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस मौके पर मौजूद लोगों ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के विकास की उम्मीद जताई।

## महिलाओं के बिना विकसित समाज का कल्पना करना उचित नही: राधा तिर्की



**लोहरदगा:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में डोका ग्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जीप सदस्य ने कहा महिलाओं के बिना विकसित समाज का कल्पना करना उचित नही। उपरोक्त बातें लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अंतर्गत डोका करमटोली के आम बगीचा में सोमवार को आयोजन महिला दिवस कार्यक्रम के दौरान कहा गया। विदित हो कि आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप सदस्य सह जेएमएम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राधा तिर्की कांग्रेस महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सिमा परवीन,नेहा द्विवेदी, वार्ड सदस्य शारदा उरांव,अंशु केरकेट्टा मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम से पूर्व गांव की महिलाएं और पुरुषों द्वारा आदिवासी रीति रिवाज से सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि आज लड़कियां और महिलाएं राजनीति, खेल, प्रशासनिक के अलावे वकील,शिक्षिका,इंजीनियर बन कर विभिन्न तरह से देश और समाज में बिना भेद भाव का देश और समाज को विकसित करने में अपनी योगदान दे रहीं हैं। आज महिलाओं ने अपनी मेहनत से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वयं पहचान बना रहीं हैं। बताते हुए ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि घर की चारदीवारी से बाहर निकल कर आप सब भी अपने योग्यतानुसार आगे बढ़ने का प्रयास करें और समाज की बुराइयों को मिटा कर राज्य व देश के साथ गांव को विकसित करने में अपना अपना योगदान दें। जबकि कांग्रेस महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सिमा परवीन ने कहा कि महिलाओं को प्रेरित कर एवं बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाओं को शिक्षित हो कर समाज को आगे बढ़ने के लिए हमेसा ततपर रहना होगा। नेहा द्विवेदी ने भी संबोधित कर महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनने के लिए आह्वाहन किया। मौके पर मनीषा एक्का, मुन्नी देवी,अंजली उरांव, सरिता टोप्पो,जूही उरांव, कलावती उरांव,सुमती उरांव, रीना देवी के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।

## सेना के जवान ने की खुदकुशी



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** राजधानी के धुर्वा थाना क्षेत्र के स्मार्ट सिटी में एक सेना के जवान के खुदकुशी करने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। घटनास्थल से एक बाइक भी बरामद की गई है। मृत युवक की पहचान जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र निवासी अमन कुमार के रूप में हुई है। वह सेना का जवान था और दिल्ली में पोस्टेड था। वहीं, मृतक के पिता प्रमोद कुमार और पत्नी ने हत्या कर खुदकुशी दिखाने का आरोप लगाया है। धुर्वा थाना प्रभारी विमल किंडो ने बताया कि अमन यादव ने किस वजह से खुदकुशी की है, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही सही कारण का पता चल पायेगा। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## पूर्व राज्यसभा सांसद ने लोकसभा सांसद के. सुरेश से की शिष्टाचार मुलाकात

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**लोहरदगा:** पूर्व रास सांसद धीरज प्रसाद साहू ने दिल्ली में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह लोक सभा सांसद के.सुरेश से मुलाकात की है। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच झारखंड में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। नई दिल्ली में हुई इस मुलाकात को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बातचीत के दौरान झारखंड में कांग्रेस की स्थिति, कार्यकताओं की भूमिका, संगठन विस्तार और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की रणनीतियों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। मौके पर पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस की मजबूत परंपरा रही है और कार्यकर्ता लगातार जनता के मुद्दों को उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य राज्य के हर वर्ग तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा, ह्लझारखंड में कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में हम सभी मिलकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का काम करेंगे। आने वाले समय में कांग्रेस जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी ह्व वहीं लोकसभा सांसद के. सुरेश ने भी झारखंड में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पार्टी की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और उनके सहयोग से संगठन को और मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा, ह्लझारखंड में कांग्रेस के पास मजबूत नेतृत्व और सक्रिय कार्यकताओं की टीम है। यदि सभी मिलकर संगठित रूप से काम करें तो राज्य में पार्टी और अधिक मजबूत होगी तथा जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा ह्वमुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने और कार्यकताओं के साथ संवाद बढ़ाने पर भी सहमति जताई।



## रामनवमी पूजा धूम धाम से मनाने को ले पंकज वर्मा अध्यक्ष मनोनीत

**लोहरदगा:** नवयुवक संघ देवी मंदिर के प्रांगण में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को ले एक आवश्यक बैठक देवी मंदिर में सम्पन्न हुई, जिसमें सर्व सम्मति से पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें पंकज वर्मा को अध्यक्ष, राकेश खत्री को सचिव और शुभम शर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नव चयनिय अध्यक्ष ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवयुवक संघ देवी मंदिर की ओर से पूरे लोहरदगा वासियों को कुछ नया जरूर देखने को मिलेगा साथ ही साथ आकर्षक सजावट भी देखने को मिलेगा एवं भरत मिलाप एवं अस्त्र-शास्त्र चालन प्रतियोगिता भी इस बार आकर्षक होगा। बैठक में देवी मंदिर सभी कोर कमेटी सदस्य, सभी संरक्षक एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाया गया

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**

**बड़कागांव /हजारीबाग:** - महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जबकि संचालन का दायित्व हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अन्नु कुमारी ने कुशलतापूर्वक निभाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका, उनके अधिकारों तथा सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करना था।

**कार्यक्रम की प्रमुख झलकियाँ:**

- कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुई।



- प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि ₹महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी समाज की प्रगति का आधार है।₹ उन्होंने छात्राओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और समाज में अपनी निर्णायक भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।
- विभिन्न प्राध्यापकों ने महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, क्षमता और नेतृत्व का उत्कृष्ट परिचय दे रही हैं—चाहे वह शिक्षा हो, विज्ञान, खेल, व्यवसाय या राजनीति।
- कार्यक्रम के अंत में एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। इसके बाद सभी ने राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया।मौके पर सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल महिला सशक्तिकरण की बात को मजबूती से उठाता है, बल्कि युवा पीढ़ी को लैंगिक समानता और सम्मान की भावना से जोड़ने में भी सफल रहा। कर्णपुरा महाविद्यालय परिवार ने एक बार फिर साबित किया कि शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से हम एक बेहतर, समावेशी समाज का निर्माण कर सकते हैं।

## ब्रजेश कुमार पासवान की सेवाओ को जिले भर में जन सेवा के भाव से पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी :ब्रजेश कुमार पासवान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़** ।रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में नव नियुक्त सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान का प्रधान डाकघर में कार्यरत कर्मचारियों ने स्वागत किया ।डाकघर परिसर में सहायक डाक अधीक्षक ने कहा कि डाकघर की सेवाओ को जिले भर में जन सेवा के भाव से पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी ।उन्होंने जिले भर के सभी सरकारी,गैर सरकारी विद्यालयों में जाकर सभी विद्यार्थियों का शून्य बैलेंस में खाता खोलने के लिए जिले भर के डाक कर्मचारी को निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम घर के सभी सदस्यों का डाकघर में खाता खुलवाने के लिए हर संभव तत्पर रहें ।उन्होंने डाक कर्मचारियों के साथ बैठक कर डाक विभाग की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने के लिए कहा ।इस अवसर पर मुख्य रूप से डाक निरीक्षक रामगढ़ पूर्वी आशीष कुमार पांडे, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय,नरेंद्र कुमार सिंह, रामखेलावन चौधरी ,अरुण कुमार सिंह,चंद्रशेखर कुमार,प्रशांत कुमार सिंह,शम्भू दत्त सिंह,कुंदन कुमार,त्रिदेव प्रियदर्शी,बबन कुमार राय,राजकपूर,शुभम कुमार,रणजीत कुमार रजवार,आशीष कुमार झा, अंकित कुमार, अभिषेक कुमार,भारती टुडू,चंदन कुमार,अमन कुमार ,विकाश कुमार,रंजन कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे ।सभी ने सहायक डाक अधीक्षक का स्वागत करते हुए अपनी शुभकामनाएँ दी ।



## पूर्व राज्यसभा सांसद ने लोकसभा सांसद के. सुरेश से की शिष्टाचार मुलाकात



**लोहरदगा:** पूर्व रास सांसद धीरज प्रसाद साहू ने दिल्ली में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह लोक सभा सांसद के.सुरेश से मुलाकात की है। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच झारखंड में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। नई दिल्ली में हुई इस मुलाकात को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बातचीत के दौरान झारखंड में कांग्रेस की स्थिति, कार्यकताओं की भूमिका, संगठन विस्तार और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की रणनीतियों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। मौके पर पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस की मजबूत परंपरा रही है और कार्यकर्ता लगातार जनता के मुद्दों को उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य राज्य के हर वर्ग तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा, ह्लझारखंड में कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में हम सभी मिलकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का काम करेंगे। आने वाले समय में कांग्रेस जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी ह्व वहीं लोकसभा सांसद के. सुरेश ने भी झारखंड में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पार्टी की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और उनके सहयोग से संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, ह्लझारखंड में कांग्रेस के पास मजबूत नेतृत्व और सक्रिय कार्यकताओं की टीम है। यदि सभी मिलकर संगठित रूप से काम करें तो राज्य में पार्टी और अधिक मजबूत होगी तथा जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा ह्वमुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने और कार्यकताओं के साथ संवाद बढ़ाने पर भी सहमति जताई।

## हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

**रांची।** रांची के बेड़ो थाना पुलिस ने 25 फरवरी की रात हुई विजय कुमार दास की हत्या मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने सोमवार को बताया कि यह हत्या प्रेम प्रसंग के कारण की गई थी। मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों रोशनी देवी, सीमा देवी और भूपेश बैठा को गिरफ्तार किया है। मृतक विजय कुमार दास और रोशनी देवी में प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। बताया जाता है कि इन लोगों के बीच अवैध संबंध था। इसके कारण रोशनी देवी मृतक विजय कुमार दास पर शादी करने का दबाव बना रही थी। विजय कुमार दास शादी करने से बार-बार मना कर रहा था। विजय कुमार दास ने जब शादी करने से इनकार कर दिया तब रोशनी देवी अपनी बहन और भाई के साथ उसकी हत्या करने का प्लान बनाया और अपने नवनिर्मित मकान में विजय कुमार दास को शराब का सेवन करने के लिए बुलाया। विजय कुमार दास ने जब अधिक शराब का सेवन कर लिया तब उन लोगों ने धारदार हथियार से हमला किया और गला रेत कर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बिना हेलमेट व ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान, 22 वाहनों से 28,650 रुपये जुमार्ना वसूला




**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़:** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन लगातार सख्ती बरत रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को माल पहाड़ी ओपी क्षेत्र में संयुक्त रूप से वाहन जांच अभियान चलाया गया।माल पहाड़ी ओपी थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला परिवहन कार्यालय के कर्मियों एवं मालपहाड़ी ओपी पुलिस के संयुक्त अभियान के तहत पत्थरघट्टा चेक पोस्ट के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों तथा ड्रंक एंड ड्राइव (नशे की हालत में वाहन चलाने) के खिलाफ विशेष जांच की गई।अभियान के दौरान कई दोपहिया और अन्य वाहनों को रोककर उनके कागजात, हेलमेट तथा चालक की स्थिति की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करते पाए गए वाहन चालकों के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई करते हुए कुल 22 वाहनों से 28,650 रुपये का जुमार्ना वसूला गया।थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि हेलमेट का प्रयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और सभी यातायात नियमों का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।प्रशासन की ओर से यह भी कहा गया कि आने वाले दिनों में भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इस तरह का जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

# पर्व/त्योहारों के दौरान शहर की विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रशासन का फ्लैग मार्च, विपरीत परिस्थितियों से निपटने के बाबत किया गया मॉक ड्रिल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**हजारीबाग:** आगामी रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का प्रदर्शन करते हुए फ्लैग मार्च एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन के नेतृत्व में आयोजित इस फ्लैग मार्च एवं मॉक ड्रिल में पुलिस बल के जवानों ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान खिरगांव एवं झंडा चौक क्षेत्र में विशेष रूप से मॉक ड्रिल कर संभावित विधि-व्यवस्था की स्थिति से निपटने की तैयारियों का प्रदर्शन किया गया। जिला प्रशासन की ओर से माइकिंग के माध्यम से आम नागरिकों को पर्व-त्योहार के दौरान पालन किए जाने वाले क्या करें एवं क्या न करें संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। साथ ही सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा, शांति एवं सद्भाव बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की गई। जिला प्रशासन ने माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि पर्व-त्योहारों के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मॉक ड्रिल के माध्यम से आम जनता को यह भी अवगत कराया गया कि विधि-व्यवस्था में खलल डालने अथवा अफवाह फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा त्वरित एवं कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग करें। इस मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य पांडेय, एसडीपीओ श्री अमित कुमार, सहायक समाहर्ता श्री आनंद शर्मा,जिला परिवहन पदाधिकारी श्री वैद्यनाथ कामती व अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।





# ब्रह्मपुत्र पर चीन का मेगा बांध विकास की परियोजना है या भारत पर रणनीतिक दबाव?



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

दरअसल ब्रह्मपुत्र केवल एक नदी नहीं बल्कि पूर्वोत्तर भारत की जीवनरेखा है। इसका कुल प्रवाह मार्ग लगभग 2880 किलोमीटर लंबा है, जिसमें करीब 1625 किलोमीटर तिब्बत, लगभग 918 किलोमीटर भारत और करीब 337 किलोमीटर बांग्लादेश में बहता है। हिमालय से निकलने वाली नदियाँ केवल जलधाराएँ नहीं होतीं, वह राजनीति, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के समीकरणों को भी प्रभावित करती हैं। इन्हीं नदियों में से एक है ब्रह्मपुत्र, जो तिब्बत से निकलकर भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और फिर बांग्लादेश तक जीवनदायिनी धारा के रूप में बहती है। हाल के वर्षों में तिब्बत क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र पर चीन द्वारा बनाई जा रही विशाल जलविद्युत परियोजना ने दक्षिण एशिया की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। सवाल उठ रहा है कि क्या यह परियोजना केवल ऊर्जा उत्पादन की जरूरत से प्रेरित है या इसके पीछे भारत पर रणनीतिक दबाव बनाने की योजना भी छिपी हुई है?

उल्लेखनीय है कि चीन जिस परियोजना पर काम कर रहा है, उसे दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं में से एक माना जा रहा है। इसकी अनुमानित उत्पादन क्षमता लगभग 60,000 मेगावाट बताई जाती है, जो वर्तमान में दुनिया के सबसे बड़े जलविद्युत संयंत्र ह्यथ्री गॉर्जेस डैमह्न से भी कई गुना अधिक है। इस परियोजना पर करीब 1.2 ट्रिलियन युआन, यानी लगभग 140 से 170 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान है। योजना के अनुसार इसमें पाँच बड़े कैस्केड बांध बनाए जाएंगे और इससे हर साल लगभग 300 अरब यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी। यह बिजली उत्पादन कई देशों की कुल वार्षिक खपत के बराबर माना जाता है।

यह परियोजना तिब्बत में उस स्थान के पास बनाई जा रही है जहाँ ब्रह्मपुत्र नदी नामचा बरवा पर्वत के आसपास एक विशाल मोड़ बनाकर भारत के अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करती है। भूगोल की दृष्टि से यह स्थान बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यहाँ नदी का प्रवाह बहुत तीव्र हो जाता है और गहरी घाटियाँ बनती हैं। इसी कारण इसे जलविद्युत उत्पादन के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है। लेकिन यही भौगोलिक स्थिति भारत और बांग्लादेश के लिए चिंता का कारण भी बन



गई है।

दरअसल ब्रह्मपुत्र केवल एक नदी नहीं बल्कि पूर्वोत्तर भारत की जीवनरेखा है। इसका कुल प्रवाह मार्ग लगभग 2880 किलोमीटर लंबा है, जिसमें करीब 1625 किलोमीटर तिब्बत, लगभग 918 किलोमीटर भारत और करीब 337 किलोमीटर बांग्लादेश में बहता है। यह दुनिया की सबसे अधिक जलप्रवाह वाली नदियों में से एक है और मानसून के समय इसका औसत जल प्रवाह लगभग 19,800 घन मीटर प्रति सेकंड तक पहुँच जाता है। असम और अरुणाचल प्रदेश की कृषि, मत्स्य पालन, जल परिवहन और पारिस्थितिकी इस नदी पर काफी हद तक निर्भर हैं।

हालाँकि एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि ब्रह्मपुत्र का अधिकांश जल भारत में ही बनता है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार नदी के कुल प्रवाह का लगभग 65 से 70 प्रतिशत हिस्सा भारत में उत्पन्न होता है, जो मुख्यतः मानसूनी वर्षा और सहायक नदियों से आता है। चीन के हिस्से से आने वाला जल लगभग 22 से 35 प्रतिशत के बीच माना जाता है। इसका अर्थ यह है कि चीन भले ही नदी के ऊपरी हिस्से में स्थित हो, लेकिन पूरे नदी तंत्र के जल पर उसका पूर्ण नियंत्रण संभव नहीं है।

इसके बावजूद भारत की चिंताएँ पूरी तरह निराधार नहीं कही जा सकतीं। यदि चीन नदी के ऊपरी हिस्से में बड़े पैमाने पर जल संरचनाएँ बनाता है, तो उसे पानी के प्रवाह को नियंत्रित करने की एक हद तक क्षमता मिल सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार यह नियंत्रण कई प्रकार की परिस्थितियाँ पैदा कर सकता है। उदाहरण के लिए, यदि गैर-मानसून के समय पानी रोक लिया जाए तो नीचे के क्षेत्रों में जल की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। वहीं यदि अचानक बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जाए तो असम और बांग्लादेश में बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है।

इसके अलावा एक और महत्वपूर्ण पहलू डेटा नियंत्रण का है। अंतरराष्ट्रीय नदियों के मामले में जल प्रवाह और मौसम से जुड़ा हाइड्रोलॉजिकल डेटा साझा करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। अतीत में भारत और चीन के बीच ऐसे समझौते हुए हैं जिनके तहत चीन मानसून के समय ब्रह्मपुत्र के जल स्तर की जानकारी भारत को देता है। लेकिन जब दोनों देशों के बीच सीमा तनाव बढ़ा, तब कुछ समय के लिए यह डेटा साझा करना भी बाधित हुआ। इससे यह आशंका मजबूत हुई कि जल संसाधन भी भविष्य में कूटनीतिक दबाव का साधन बन सकते हैं। इस परियोजना से जुड़ी पर्यावरणीय चिंताएँ भी कम नहीं हैं। हिमालय का यह क्षेत्र भूकंप और भूस्खलन के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। यदि किसी बड़े भूकंप या प्राकृतिक आपदा के कारण बांध को नुकसान होता है तो उसके परिणाम नीचे के देशों के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। इतनी बड़ी जलराशि का अचानक बहाव असम और बांग्लादेश में गंभीर तबाही ला सकता है।

दूसरी ओर, चीन इन आशंकाओं को खारिज करते हुए कहता है कि यह परियोजना ह्लरन-ऑफ-द-रिवरह्व तकनीक पर आधारित है, जिससे नदी के प्राकृतिक प्रवाह पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। उसका तर्क है कि यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन कम करने और तिब्बत क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद करेगी। दूसरी ओर भारत भी पूरी तरह निष्क्रिय नहीं है। ब्रह्मपुत्र बेसिन में भारत लगभग 76 गीगावाट जलविद्युत क्षमता विकसित करने की योजना बना रहा है, जिसमें से करीब 52 गीगावाट क्षमता केवल अरुणाचल प्रदेश में संभावित मानी जाती है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ नदी के जल प्रबंधन में संतुलन बनाए रखना भी है।

स्पष्ट है कि ब्रह्मपुत्र पर चीन का यह मेगा बांध केवल एक ऊर्जा परियोजना नहीं है। यह आधुनिक दौर की ह्लजल भू-राजनीतिह्व का उदाहरण भी है, जहाँ नदी के स्रोत पर स्थित देश को स्वाभाविक रणनीतिक बढ़त मिल जाती है। चीन इसे विकास और ऊर्जा सुरक्षा की दृष्टि से देखता है, जबकि भारत इसे जल सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों से जोड़कर समझता है। बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि ब्रह्मपुत्र भविष्य में सहयोग का माध्यम भी बन सकती है और तनाव का कारण भी। यदि भारत, चीन और बांग्लादेश पारदर्शी जल प्रबंधन, डेटा साझेदारी और पर्यावरणीय सुरक्षा के साझा ढाँचे पर सहमत हो जाएँ, तो यह नदी संघर्ष की धारा नहीं बल्कि क्षेत्रीय सहयोग और समृद्धि की धारा बन सकती है। हालांकि लेकिन इसके लिए विश्वास, पारदर्शिता और दूरदर्शी कूटनीति की आवश्यकता होगी।

# आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। पारिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरों को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्चे पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

# भ्रष्टाचार की कड़ियां

जब नियम-कायदों को ताक पर रख कर सत्ता और तंत्र की जिम्मेदारियों को दरकिनार करने की कोशिश की जाती है, तो उसके पीछे एक वजह भ्रष्ट तौर-तरीके से किसी को लाभ पहुंचाना होता है। मगर ऐसी कारगुजारियों का खमियाजा आखिरकार आम जनता को उठाना पड़ता है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री की उपसचिव सौम्या चौरसिया की गिरफ्तारी से एक बार फिर यह बहस छिड़ गई है कि नौकरशाही में काम करते हुए कोई अधिकारी कैसे सत्ता का केंद्र बन जाता है और अपने कामकाज से लेकर अन्य मामलों में उसे मनमानी करने में कोई हिचक नहीं होती। ऐसा शायद इसलिए होता है कि आमतौर पर ऐसे अधिकारियों को सत्ता का प्रत्यक्ष या परोक्ष संरक्षण प्राप्त होता है, जिसके चलते वे अपनी मंशा को बिना किसी हिचक के पूरी कर पाते हैं। विडंबना यह है कि जिन नेताओं को जनता इस उम्मीद से सत्ता में भेजती है कि वे अपने पद का उपयोग आम लोगों के हित और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं पर काबू पाने में करेंगे, वही भ्रष्टाचारियों का बचाव करने की कोशिश करते दिखने लगते हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार में उप सचिव सौम्या चौरसिया को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने कथित अवैध वसूली और जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है। सवाल है कि इतने उच्च स्तर की किसी अधिकारी को अवैध वसूली या भ्रष्टाचार के अन्य मामलों में मनमानी करने की छूट कैसे मिल जाती है। ऐसी सुविधा उसे कौन मुहैया कराता है! हालांकि इस मामले में जांच प्रक्रिया पूरी और आरोप साबित होने के बाद ही उनकी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, लेकिन फिलहाल उपसचिव की गिरफ्तारी के जो आधार बताए गए हैं, वे निश्चित रूप से भारत में पहले से मौजूद भ्रष्टाचार की व्यापक समस्या की तहों में हर जगह मौजूद रहे हैं। कहा जा सकता है कि जब तक जांच एजंसियां सक्रिय होकर जांच नहीं करतीं, तब तक ऐसे अपराध बेरोकटोक चलते रहते हैं। खासकर नौकरशाही में कुछ लोग राजनीतिक शह की वजह से बेरोकटोक भ्रष्टाचार से कमाई करते रहते हैं। छत्तीसगढ़ में ईडी की कानूनी कार्रवाई की जद में आई सौम्या चौरसिया के पद-कद का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्हें राज्य में न केवल सबसे ताकतवर अफसर माना जाता था, बल्कि आम धारणा थी कि वे मुख्यमंत्री की बहुत करीबी हैं। अफसोस की बात यह है कि कई मसलों पर सख्त मुख्यमंत्री माने जाने वाले भूपेश बघेल को वक्त पर भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाना जरूरी नहीं लगा।

हालांकि ऐसा नहीं है कि नौकरशाही में ऊंचे पद पर मौजूद किसी व्यक्ति पर भ्रष्टाचार के आरोपों का यह कोई पहला मामला हो। कुछ समय पहले झारखंड में भी खान सचिव पूजा सिंघल को राज्य के खूंटी जिले में उनके उपायुक्त रहते राष्ट्रीय रोजगार गारंटी से संबंधित काम यानी मनरेगा के तहत किए गए करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। भ्रष्टाचार के ऐसे मामले कड़ियों में एक-दूसरे से जुड़े होते हैं, जिसमें भ्रष्ट नौकरशाहों से लेकर नेताओं, जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों तक के तार जुड़े हो सकते हैं। मगर भ्रष्टाचार के खिलाफ बिगुल फूंकने का दावा करने वाले अमूमन सभी राजनीतिक दल भी सत्ता में पहुंचने के बाद या तो उसमें शामिल हो जाते हैं या फिर उसे संरक्षण देने लगते हैं। इसी वजह से भारतीय राजनीति में सबसे मुख्य समस्या के रूप में चिह्नित किए जाने के बावजूद भ्रष्टाचार दीमक की तरह सब कुछ खाता रहता है।

# नारी शक्ति का नया युग और वास्तविक चुनौतियां

नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। मानव सभ्यता के विकास की कथा में यदि किसी शक्ति ने सबसे अधिक सृजन किया है, तो वह नारी शक्ति है। वह जीवन की जननी है, संस्कृति की वाहक है और समाज की संवेदनशील आत्मा है। भारतीय परंपरा ने नारी को केवल एक सामाजिक भूमिका तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे माता के रूप में सर्वोच्च आदर दिया। मातृदेवो भवः की वाणी से लेकर जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी की घोषणा तक हमारी संस्कृति में नारी के प्रति श्रद्धा का अद्वितीय भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत में धरती, गौ और मातृभूमि तक को माता कहकर संबोधित किया गया। किन्तु विडम्बना यह है कि जिस समाज ने नारी को देवी का दर्जा दिया, उसी समाज में आज भी नारी असुरक्षा, भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 हमें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह अवसर देता है कि हम नारी की वास्तविक स्थिति का गंभीर आत्ममंथन करें। विश्व स्तर पर किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि नारी की स्थिति में प्रगति अवश्य हुई है, किन्तु समानता, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता की यात्रा अभी लंबी है। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार विश्व में लैंगिक समानता का लगभग 68.8 प्रतिशत अंतर ही समाप्त हो पाया है, अर्थात अभी भी लगभग एक तिहाई अंतर शेष है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में यह अंतर सबसे अधिक है, जहाँ समानता केवल लगभग 61 प्रतिशत तक ही पहुँची है।

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई हैं, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है। एक ओर भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष, विज्ञान, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम बाजार में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। हाल के आँकड़ों के अनुसार भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 32 प्रतिशत है और बड़ी संख्या में महिलाएँ घरेलू दायित्वों के कारण रोजगार से बाहर रहती हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड के यह आँकड़े केवल संख्या नहीं हैं, यह समाज की संरचना, सोच और अवसरों की असमानता को उजागर करते हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएँ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी और उद्योगपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। भारत में भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वैज्ञानिक और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन का प्रमाण बनी है



और बन रही है। किंतु इसके साथ यह भी सत्य है कि दुनिया में अभी भी केवल सीमित देशों में ही महिलाएँ सर्वोच्च राजनीतिक पदों पर हैं और समान वेतन का प्रश्न अभी भी अधूरा है। कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार महिलाओं को समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में औसतन कम वेतन मिलता है। एक और चिंताजनक तथ्य यह है कि संघर्ष, युद्ध और संकट की स्थितियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। हाल के वैश्विक अध्ययनों के अनुसार 2024 में लगभग 67 करोड़ महिलाएँ ऐसे क्षेत्रों में रह रही थीं जो किसी न किसी प्रकार के हिंसक संघर्ष से प्रभावित थे।

नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। इतिहास के पन्ने यह भी बताते हैं कि जब-जब समाज संकट में पड़ा, तब-तब नारी शक्ति ने असाधारण साहस का परिचय दिया। स्वतंत्रता संग्राम में रानी चेनम्मा, बेगम हजरत महल, रानी अवन्तीबाई, सरोजिनी नायडू और दुर्गा भाभी जैसी वीरांगनाओं ने यह सिद्ध किया कि नारी केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि संघर्ष और साहस की भी प्रतीक है। लेकिन इतिहास के इन गौरवपूर्ण अध्यायों के बावजूद सामाजिक वास्तविकता कई बार पीड़ादायक दिखाई देती है। दहेज, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी और यौन अपराध आज भी दुनिया के अनेक समाजों में मौजूद हैं। यह केवल कानून का नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता का प्रश्न है। दरअसल नारी समस्या का मूल कारण केवल बाहरी संरचनाएँ नहीं हैं, बल्कि वह सोच है जिसने सदियों तक नारी को कमजोर मानकर उसकी क्षमता को सीमित करने का प्रयास किया। जब समाज नारी को केवल भूमिका से जोड़ता है, व्यक्ति के रूप में नहीं देखता, तभी असमानता जन्म लेती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का वैश्विक संदेश भी इसी दिशा में संकेत करता है- सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, न्याय और वास्तविक कार्रवाई। यह संदेश हमें याद दिलाता है कि आज भी दुनिया में महिलाओं को पुरुषों के समान कानूनी अधिकार पूरी तरह प्राप्त नहीं हैं और औसतन उन्हें पुरुषों के मुकाबले लगभग 64 प्रतिशत ही कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ कि यह स्थिति हमें सोचने के लिए बाध्य करती है कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है।

# पूरे विश्व में भारतीय आर्थिक दर्शन को लागू करने का समय अब आ गया है

भारतीय आर्थिक दर्शन का वर्णन चारों वेद (ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद), 18 पुराण, उपनिषद, विदुरनीति, कौटिल्य अर्थशास्त्र, थिरुवल्लुवर, मनुस्मृति, शुक्रनीति, डॉक्टर एम जी बोकारे द्वारा लिखित हिंदू अर्थशास्त्र, श्री दत्तोपंत ठेंगढ़ी द्वारा रचित पुस्तक थर्ड वे आदि शास्त्रों एवं धार्मिक पुस्तकों में मिलता है। आज, वैश्विक स्तर पर कई देशों में विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याएं दिखाई दे रही हैं, जिनका हल ये देश निकाल नहीं पा रहे हैं। आज विश्व के सबसे अधिक विकसित देश अमेरिका में भी मुद्रा स्फीति, बेरोजगारी, ऋण की राशि का असहनीय स्तर पर पहुंच जाना, विदेशी व्यापार में लगातार बढ़ता घाटा, नागरिकों के बीच आय की असमानता का लगातार बढ़ते जाना (अमीर नागरिक और अधिक अमीर हो रहे हैं एवं गरीब नागरिक और अधिक गरीब हो रहे हैं), बजट में वित्तीय घाटे का लगातार बढ़ते जाना एवं इन आर्थिक समस्याओं के चलते देश में सामाजिक ताने बाने का छिन्न भिन्न होना, जैसे, जेलों की पूरी क्षमता का उपयोग और इन जेलों में कैदियों के रखने लायक जगह की कमी होना, तलाक की दर में बेतहाशा वृद्धि होना, मकान की अनुपलब्धि के चलते बुजुर्गों का खुले में पार्कों में रहने को मजबूर होना, आदि ऐसी कई प्रकार की आर्थिक एवं सामाजिक समस्याएं दिखाई दे रही हैं। उक्त समस्याओं के चलते ही अब अमेरिकी अर्थशास्त्रियों द्वारा खुले रूप से कहा जाने लगा है कि साम्यवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं के असफल होने के उपरांत अब पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं के भी असफल होने का खतरा मंडराने लगा है, और यह अब कुछ वर्षों की ही बात शेष है। उक्त समस्याओं के हल हेतु अब पूरा विश्व ही भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहा है और तीसरे आर्थिक मॉडल की तलाश कर रहा है।

भारतीय आर्थिक दर्शन का वर्णन चारों वेद (ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद), 18 पुराण, उपनिषद, विदुरनीति, कौटिल्य अर्थशास्त्र, थिरुवल्लुवर, मनुस्मृति, शुक्रनीति, डॉक्टर एम जी बोकारे द्वारा लिखित हिंदू अर्थशास्त्र, श्री दत्तोपंत ठेंगढ़ी द्वारा रचित पुस्तक ह्लथर्ड वेह्व आदि शास्त्रों एवं धार्मिक पुस्तकों में मिलता है। इस प्रकार भारतीय आर्थिक दर्शन की जड़ें सनातन हिंदू संस्कृति से जुड़ी हुई हैं। भारतीय आर्थिक दर्शन की नीतियों का अनुपालन करते हुए ही प्राचीन काल में भारत में विभिन्न राजाओं द्वारा अपने अपने राज्यों की अर्थव्यवस्था सफलतापूर्वक चलाई जाती रही है। भारतीय आर्थिक दर्शन में ह्लविपुलता के सिद्धांतह्व की व्याख्या मिलती है जिसके अनुसार, बाजार में वस्तुओं की आपूर्ति सदैव ही मांग से अधिक रहती थी। इस सिद्धांत के चलते चूंकि उत्पादों की बाजार में पर्याप्त आपूर्ति रहती थी अतः वस्तुओं के बाजार भाव में वृद्धि नहीं दिखाई देती थी, अतः भारत में प्राचीनकाल में मुद्रा स्फीति की समस्या सर्वथा, थी ही नहीं। जबकि, आज विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रा स्फीति की समस्या सबसे बड़ी समस्या है जिसका हल निकालने में ये देश सक्षम नहीं दिखाई दे रहे हैं। विपुलता के सिद्धांत के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ही विभिन्न उत्पादों का उत्पादन किया जाकर स्थानीय हाट बाजार में इन उत्पादों का विक्रय किया जाता था, जिससे स्थानीय स्तर पर ही स्वावलम्बन का भाव जागृत होता था। कुछ इलाकों में 40/50 गांवों के बीच साप्ताहिक हाट की व्यवस्था विकसित की गई थी।



# बिहार के तीन-तीन एक्सप्रेस-वे क्यों फंसे? पटना-पूर्णिया भी लटका, केंद्र ने मांगे नए सिरे से प्रस्ताव

एजेंसी

12. पटनाः बिहार की तीन बड़ी सड़क परियोजनाएं फिलहाल फंस गई हैं। बिहार में बनने वाले पहले एक्सप्रेस-वे पटना-पूर्णिया को वित्तीय मंजूरी नहीं मिली है। केंद्र से मंजूरी नहीं मिलने के कारण इसके निर्माण में और देर होनी तय है। केंद्र सरकार ने पटना-पूर्णिया के साथ ही बिहार की तीन अहम सड़क परियोजनाओं को वित्तीय मंजूरी देने से तकनीकी आधार पर

**रोड प्रोजेक्ट खारिज**

बिहार की तीनों सड़क परियोजनाओं को तकनीकी आधार पर खारिज किया गया है। अब नए सिरे से इन परियोजनाओं का



प्रस्ताव भेजा जाएगा जिसमें कुछ महीने का समय लग सकता है। अगर वित्तीय मंजूरी मिल जाती तो तीनों परियोजनाओं की निविदा जारी कर दी जाती और फिर निर्माण कार्य शुरू हो जाता।

**यूपी का रोड प्रोजेक्ट मंजूर, बिहार का फंसा**

अधिकारियों के अनुसार हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन आर्थिक कार्य विभाग के सचिव की अध्यक्षता में गठित पीपीपीएसी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप एप्रेजल कमेटी) की बैठक हुई। इसमें उत्तर प्रदेश की एक परियोजना के अलावा बिहार की तीन परियोजनाओं पर चर्चा हुई। कमेटी ने यूपी की परियोजना को मंजूर कर दिया, लेकिन बिहार की तीन परियोजनाएं पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे केसाथ अनीसाबाद-दीदारगंज एलिवेटेड और वाराणसी-रांची-कोलकाता के चौथे पैकेज को नामंजूर कर दिया।

**इस आधार पर खारिज हुआ बिहार का प्रोजेक्ट**

कमेटी ने यह कहते हुए इन तीनों परियोजनाओं को वित्तीय मंजूरी देने से इनकार कर दिया कि इसमें तकनीकी खामियां हैं। कमेटी ने तीनों परियोजनाओं की दर नए सिरे से निर्धारित कर भेजने को कहा। कमेटी ने कहा है कि केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के नियमों के अनुसार तीनों परियोजनाओं का प्रस्ताव नहीं है। दरअसल, पहले परियोजनाओं की मंजूरी आसानी से मिल जाया करती थी, लेकिन अब मंत्रालय ने तय किया है कि जिन सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी जाएगी, उसमें ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस की भी दर शामिल की जाए।

**बिहार के तीनों रोड प्रोजेक्ट कौन हैं?**

पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे को वित्तीय मंजूरी नहीं मिली। अनीसाबाद-दीदारगंज एलिवेटेड का निर्माण छह लेन सड़क के रूप में होना है। पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे का निर्माण चार लेन सड़क के रूप में होना है।

# लालू यादव के पड़ोसी बनेंगे नीतीश कुमार? सीएम पद से हटने के बाद 7 सर्कुलर रोड में हो सकते हैं शिफ्ट

एजेंसी

**पटनाः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 7 नंबर का प्रेम किसी से छिपा नहीं है. गाड़ी का नंबर भी उनका 7 ही रहता है. सात सर्कुलर रोड आवास का बंगला आधुनिक सुख सुविधाओं से युक्त है. भूकंपरोधी भवन बनाया गया है. सुंदर लॉन भी बनाया गया है, जिसमें बंगाल से मंगाकर घास लगाए गए थे.' और लालू प्रसाद यादव इस बंगले के ठीक बगल में ही रहते हैं. इसलिए एक बार फिर से लालू के पड़ोसी बन जाएंगे.

**7 सर्कुलर रोड होगा नया ठिकानाः** राज्यसभा में नॉमिनेशन करने के बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री की कुर्सी छोडेंगे, यह तय है. नीतीश कुमार ने खुद कहा है कि बिहार में भी वह समय देंगे. 7 सर्कुलर रोड बंगला में मीटिंग के लिए आधुनिक हॉल है तो वहीं वेटिंग रूम भी आने वाले अतिथियों के लिए बनाया गया है.

**बंगले में सारी सुविधाओं की व्यवस्थाः** सिक्योरिटी और अन्य स्टाफ के लिए भी पर्याप्त संख्या में क्वार्टर है. जब मुख्यमंत्री यहां रहने आए थे तो उस समय सारी सुविधाओं की व्यवस्था इस बंगले में की गई थी. इसी बंगले में प्रशांत किशोर भी नीतीश कुमार के साथ रहते थे. 7 सर्कुलर रोड आवास का बंगला उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री के सरकारी बंगला बगल में. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस बंगले से पुराना नाता रहा है और इसी कारण इस बंगले को किसी को आवंटित नहीं किया जाता है.अभी तक है कि नीतीश कुमार के नाम से कोई लेटर नहीं निकला है लेकिन जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ेंगे, उससे पहले उनके नाम से आवंटित कर दिया जाएगा. ऐसी चर्चा है, या फिर नीतीश कुमार के लिए इस बंगले की व्यवस्था किसी अन्य माध्यम से भी की जा सकती है.

**इस बंगले से विशेष लगावः** इसी बंगले से बिहार की सत्ता में वापसी कीः जदयू के नेता इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं लेकिन राजनीतिक विशेषज्ञ प्रिय रंजन भारती का कहना है कि नीतीश कुमार का सात सर्कुलर रोड सरकारी आवास से विशेष लगाव रहा है. इसी बंगले से नीतीश कुमार बिहार की सत्ता में फिर से वापसी की थी.

# बिहार के थाना में उपद्रवियों ने किया हमला, थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी

**सारणः** बिहार के सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में सड़क ब्रेकर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. चांद बरवा गांव में सड़क पर अवैध रूप से बनाए गए स्पीड ब्रेकर को लेकर ग्रामीणों में पिछले कुछ दिनों से नाराजगी थी. इस ब्रेकर के कारण कई लोग पहले ही घायल हो चुके थे, जिससे विवाद बढ़ता गया. ग्रामीणों का आरोप है कि यह ब्रेकर बिना किसी अनुमति के बनाया गया था और इससे वाहनों को खतरा हो रहा था.

**ब्रेकर विवाद पर पहुंची पुलिसः** विवाद की सूचना मिलने पर इमरजेंसी 112 की पुलिस टीम मौके



पर पहुंची. ग्रामीणों ने टीम से बातचीत की मांग की, लेकिन बात बढ़ते-बढ़ते कहासुनी में बदल गई. ग्रामीणों का दावा है कि पुलिस ने उनकी शिकायत ठीक से नहीं सुनी और विरोध जताने पर उन्हें रोका. इसके बाद कुछ ग्रामीण शिकायत लेकर मशरक थाना पहुंचे, जहां थानाध्यक्ष से फिर विवाद हो गया. दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप से स्थिति बिगड़ने लगी.

**थानाध्यक्ष समेत कई घायलः** रविवार को मशरक थाना परिसर में अचानक अफरा-तफरी मच गई. आक्रोशित लोगों और कुछ अवांछनीय तत्वों ने थाने पहुंचकर हंगामा किया और पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया. थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि आक्रोशित भीड़ ने थाने में घुसकर अचानक लाठी-डंडों से पुलिस पर जानलेवा हमला कर दिया. इस हमले में थानाध्यक्ष समेत आधा दर्जन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए.

**घायल पुलिसकर्मियों का चल रहा इलाजः** हमले में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान के अलावा सिपाही स्मृति प्रियंका, प्रीति कुमारी सिंह, चौकीदार रामराज कुमार और सुरेश राय सहित अन्य पुलिसकर्मी घायल हुए. बीच-बचाव के दौरान कई और कर्मी भी चोटिल हो गए. सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मशरक ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया.

**ग्रामीणों ने पुलिस पर लगाया आरोपः** दूसरी ओर, कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि वे शांति से शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और बेरहमी से पीटा. उनका कहना है कि ब्रेकर हटाने की मांग को लेकर आए थे, लेकिन पुलिस की ओर से उकसावे के बाद स्थिति बिगड़ी.

**पुलिस की कार्रवाई में दो दर्जन हिरासत में:** घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी. पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही है. थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि अब तक दो दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है. दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून के अनुसार उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा.

**इलाके में तनाव जारीः** पूरे इलाके में तनाव का माहौल है. पुलिस अतिरिक्त बल तैनात कर स्थिति नियंत्रण में रखने की कोशिश कर रही है. प्रशासन ब्रेकर विवाद के मूल कारण की भी जांच कर रहा है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों. दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है.

## संक्षिप्त खबर

### बिहार के 21 जिलों में येलो अलर्ट, तेज आंधी-बारिश के साथ ठनका गिरने की चेतावनी



**बिहारः** बिहार में इस वक्त गर्मी की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ी है. लेकिन जल्द ही मौसम करवट लेने वाला है. मौसम विभाग की ओर से राज्य के 21 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में तेज बारिश, ठनका गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी जारी की गई है. साथ ही लोगों से सावधान रहने की भी अपील की गई है.मौसम विभाग के मुताबिक, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, दरभंगा, सहरसा, समस्तीपुर, खगड़िया, बेगूसराय, भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा बांका, नवादा और जमुई जिले में तेज बारिश हो सकती है. इस दौरान ठनका गिरने की संभावना को लेकर किसानों से खासकर खुले जगहों पर नहीं रहने की अपील की गई है.मौसम विभाग की तरफ से नए विक्षोभ के एक्टिव होने की संभावना भी जताई गई थी. नया विक्षोभ एक्टिव होने के बाद मौसम करवट ले सकता है और लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है. विभाग की ओर से बताया गया कि पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से पहाड़ी इलाकों में तेज हवा और बारिश हो सकती है. साथ ही बंगाल की खाड़ी और मन्नार की खाड़ी के आस-पास बन रहे नए सिस्टम की वजह से मौसम बदल सकता है. इसका असर बिहार में भी पड़ सकता है.मौसम विभाग की माने तो, रविवार को राज्य का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस कैमूर में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 17.5 से 23 डिग्री के बीच रहा. मौसम के इस बदलाव से कुछ इलाकों में दिन के तापमान में हल्की गिरावट भी देखने को मिल सकती है. मौसम विभाग की ओर से यह भी संभावना दताई गई है कि राज्य में मौसम का बदला हुआ मिजाज 11 मार्च की रात तक बना रह सकता है. 12 मार्च के बाद मौसम के फिर सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है.

### .बिहार में व्यवसायी को भून डाला, अपराधियों ने ताबड़तोड़ बरसायी तीन गोलियां



मुजफ्फरपुर : बिहार के मुजफ्फरपुर में बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है. जिले के रामपुर हरि थाना क्षेत्र के कोइली भराव गांव में बदमाशों ने पोल्ट्री फार्म व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी. मृतक की शिनाख्त रणधीर कुमार के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि रणधीर कुमार भराव चौक पर पान की दुकान भी चलाते थे और पोल्ट्री फार्म का कारोबार करते थे. घटना के समय वह अपनी पान की दुकान बंद कर बाइक से सब्जी और अन्य सामान लेकर घर लौट रहे थे. इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उनका पीछा किया और सुनसान जगह पर उन्हें गोली मार दी.गोली लगने से गंभीर रूप से घायल रणधीर कुमार को लेकर ग्रामीण इलाज के लिए एसकेएमसीएच पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. परिजनों के अनुसार, रणधीर कुमार को दो गोली बाएं हाथ में और एक गोली सीने में लगी थी. मृतक की पत्नी चिंटू देवी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनके पति के मोबाइल पर हत्या की धमकी मिल रही थी, लेकिन इसकी शिकायत थाने में नहीं की गई थी. घटना के बाद उनका मोबाइल भी गायब बताया जा रहा है. घटना की सूचना मिलते ही रामपुर हरि थाना अध्यक्ष शिवेंद्र नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए हैं. एफएसएल की टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है.पूर्व इधर, हत्या की खबर मिलते ही पूर्व राजद विधायक मुन्ना यादव समेत कई स्थानीय नेता एसकेएमसीएच पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की. घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है. मृतक के दो छोटे बच्चे हैं और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है.

### हड़ताल पर गए कर्मचारियों को विजय सिन्हा की चेतावनी, कहा- सीधे नौकरी खत्म कर देंगे

**बिहारः** बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अंचलाधिकारी (CO) और राजस्व अधिकारी (RO) कई दिनों से हड़ताल पर हैं. इस बीच विभाग के मंत्री और डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हड़ताली अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी. उन्होंने कहा कि सरकार हड़ताल के हर दिन की गिनती कर रही है और यदि कर्मचारी जल्द काम पर नहीं लौटे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताली कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा, कुछ लोग हड़ताल करके अपनी मांगों को कमजोर कर रहे हैं. ये मौसम हड़ताल का नहीं बल्कि काम करने का था. मार्च का महीना मिलकर विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने का था. समस्या का समाधान करने का था. जनता के बीच के बीच अच्छा संदेश जाता. लेकिन हड़ताल करके जनता के मन में उन्होंने भ्रष्टाचारपोषित वातावरण को मजबूती प्रदान किया.उन्होंने यह भी कहा, अभी भी समय है. हमने आग्रह किया है कि जो लौट जायेंगे, उनका सम्मान बढ़ेगा और उनकी मांगों का समाधान भी किया जाएगा. लेकिन जो कर्मचारी अड़े रहेंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी. जो जनता की समस्या का समाधान नहीं करेंगे, दबाव-प्रेशर की राजनीत कभी भी हमलोग नहीं स्वीकारते हैं. हम काम करने वाले का सम्मान करते हैं और ये जिन लोगों की मानसिकता, तालाबंदी हड़ताल से भौकाल बनाकर भय का माहौल खड़ा करेंगे, उस भौकाल को ही खत्म कर देंगे. मंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि कर्मचारी जल्द काम पर नहीं लौटते हैं तो सरकार सख्त कदम उठाएगी. उन्होंने कहा, अगर हड़ताल पर गए कर्मचारी काम पर नहीं लौटेंगे तो हम उनकी नौकरी खत्म कर देंगे. अस्थाई बहाली का भी रास्ता खुला रखेंगे. इंतजार की घड़ी अब समाप्त हो रही है.प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने हड़ताल के पीछे साजिश की भी आशंका जताई. उन्होंने कहा, साजिश करने वाले जो भू-माफिया हैं, वैसे लोगों को आने वाले दिनों में अफसोस होगा क्योंकि इससे हम प्रभावित नहीं होने वाले हैं. जो संकल्प ठऊअ सरकार को इतने बड़े जनादेश के साथ मिला है, उस जनादेश का सम्मान करने के लिए जो भी कीमत अदा करने पड़ेगा, उसे हम करेंगे.विभाग के 100 दिन पूरे होने पर मंत्री ने बताया कि इस दौरान कई अहम पहल किए गए. बिहार से जुड़ी सभी जमीन के लिए बिहार भूमि पोर्टल की शुरूआत की गई है. 12 दिसंबर से संवाद की शुरूआत की गई थी. उन्होंने कहा कि जिस दिन जब लोग नए साल का जश्न मना रहे थे, तब भी विभाग काम कर रहा था. मंत्री के मुताबिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी उनके कामों की सराहना की है.

# बिहार : डीएसपी, थानाध्यक्ष समेत 12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट

एजेंसी

**बिहारः** बिहार में गवाही देने के लिए अदालत में उपस्थित नहीं होने पर तत्कालीन पुलिस लाइन डीएसपी, एक थानाध्यक्ष समेत 12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है.यह कार्रवाई विशेष एनडीपीएस कोर्ट-2 के न्यायाधीश नरेंद्र पाल सिंह ने की है. अदालत ने सभी को 9 मार्च यानी आज गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है. न्यायालय ने कहा है कि गवाहों की अनुपस्थिति से न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होती है और मामलों के निपटारे में देरी होती है. कोर्ट ने साफ किया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और अदालत की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**बार-बार समन के बावजूद कोर्ट में पेश नहीं हुए पुलिसकर्मी**

दरअसल कोर्ट ने दो अलग-अलग




मामलों में इन पुलिसकर्मियों को समन जारी कर कोर्ट में उपस्थित होने को कहा था. लेकिन बार-बार समन जारी होने के बावजूद पुलिसकर्मी गवाही देने नहीं के लिए अदालत में उपस्थित नहीं हुए, जिसे कोर्ट ने गंभीर माना और सभी के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया. पहला मामला कुढ़नी थाना क्षेत्र के गरहुआ चौक से जुड़ा है. करीब चार साल पहले पुलिस ने रौशन कुमार नाम के युवक को लोडेड कट्टा और 1.920 मिलीग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था.इस मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है. लेकिन गवाही की प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी पुलिसकर्मी अदालत में पेश नहीं हुए. इस कारण कोर्ट ने तत्कालीन कुढ़नी थानाध्यक्ष अरविंद पासवान, तत्कालीन डीएसपी विपिन नारायण शर्मा, आईओ विवेकानंद सिंह, एएसआई प्रकाश कुमार और दो गृहरक्षकों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है.

**फ्रॉड करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह मामले में पुलिस ने नहीं दिया गवाह**

दूसरा मामला सदर थाना क्षेत्र के खबरा भेल कॉलोनी का है. अगस्त 2020 में पुलिस ने एटीएम फ्रॉड करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया था. छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से एक किलो चरस, एटीएम क्लोनिंग मशीन और नकदी बरामद हुई थी. लेकिन इस मामले में भी पांच साल बाद तक पुलिसकर्मी गवाही देने अदालत नहीं पहुंचे. कोर्ट ने इस मामले में भी छह पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है.

# पटना स्टेशन पर अब मेट्रो जैसा एंट्री सिस्टम, क्यूआर कोड स्कैन किए बिना नहीं मिलेगी टफॉर्म पर एंट्री

एजेंसी

**पटना** : पटना रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को देखते हुए पटना जंक्शन पर एंट्री के नियम कड़े कर दिए हैं. बिना क्यूआर कोड वाले टिकट की स्कैनिंग और सामान की जांच के बिना अब स्टेशन के अंदर एंट्री नहीं होगी.

**मेट्रो की तर्ज पर बदला स्टेशन का एंट्री सिस्टम**

पटना जंक्शन पर अब यात्रियों को मेट्रो स्टेशन जैसी एंट्री व्यवस्था का सामना करना होगा. रेलवे प्रशासन ने प्रवेश द्वारों पर क्यूआर कोड आधारित टिकट स्कैनिंग सिस्टम लागू किया है. इसका मतलब है कि अब बिना टिकट या बिना क्यूआर कोड स्कैन किए किसी भी व्यक्ति को प्लेटफॉर्म तक जाने की अनुमति नहीं मिलेगी.

नई व्यवस्था के तहत स्टेशन




परिसर में प्रवेश करते ही यात्रियों के सामान की जांच की जाएगी. इसके लिए अत्याधुनिक स्कैनिंग मशीनें लगाई गई हैं, जो एयरपोर्ट और मेट्रो स्टेशनों की तरह काम करती हैं. इन मशीनों की मदद से संदिग्ध वस्तुओं की तुरंत पहचान की जा सकेगी, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो गई है.

**सीसीटीवी कैमरों से होगी हर गतिविधि की निगरानी**

पटना जंक्शन की सुरक्षा को और पुख्ता बनाने के लिए पूरे स्टेशन परिसर में सीसीटीवी कैमरों का व्यापक नेटवर्क लगाया गया है. स्टेशन के महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाए गए इन कैमरों की निगरानी एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से की जा रही है. इससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई संभव होगी.

रेलवे प्रशासन ने टिकट जांच प्रणाली को भी और कड़ा बना दिया है. मुख्य टिकट निरीक्षक के नेतृत्व में टीटीई की टीम प्लेटफॉर्म से लेकर प्रवेश द्वारों तक लगातार टिकटों की जांच कर रही है. बिना टिकट यात्रा करने वालों पर जुमार्ना लगाया जा रहा है, जिससे रेलवे राजस्व में भी बढ़ोतरी की उम्मीद है.

**यात्रियों से नियमों का पालन करने की अपील**

रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे नई सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें. यात्रा से पहले टिकट सुनिश्चित करें, स्कैनिंग प्रक्रिया में सहयोग दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत रेलवे पुलिस को दें.

# बिहार में दर्दनाक हादसा, कोसी नदी में नहाने गए तीन किशोरों की मौत

एजेंसी

**भागलपुरः** बिहार के भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत बिहपुर प्रखंड के झंडापुर थाना क्षेत्र में स्थित हरियो त्रिमुहान मुसहरी कोसी घाट पर रविवार को नहाने के दौरान तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई. मृतकों की पहचान हरियो पंचायत के हरियो महेशपुर वार्ड संख्या-13 के निवासी नयन कुमार उर्फ नैना (13 वर्ष, पिता शंकर शर्मा), युवराज कुमार उर्फ प्रीतम (14 वर्ष, पिता पिंटू यादव) और लक्ष्मण कुमार (14 वर्ष, पिता कैप्टन यादव) के रूप में हुई है.

**मस्ती में गहरे पानी में फंसे किशोरः** जानकारी के अनुसार तीनों राजकीयकृत मध्य विद्यालय हरियो महेशपुर के छात्र थे. रविवार को गांव के करीब आधा दर्जन किशोर मुसहरी कोसी घाट पर स्नान करने पहुंचे थे. सभी बच्चे नदी में नहाते हुए अठखेलियां कर रहे थे. इसी दौरान नयन कुमार उर्फ नैना अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. उसे बचाने के लिए युवराज उर्फ प्रीतम और लक्ष्मण कुमार



आगे बढ़े, लेकिन पानी की गहराई का सही अंदाजा न होने से दोनों संतुलन खो बैठे.

**ग्रामीणों ने की तलाशः** हादसे के समय साथ गए अन्य बच्चे घबरा गए और शोर मचाते हुए गांव की ओर भागे. उन्होंने ग्रामीणों को घटना की सूचना दी. सूचना मिलते ही आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़कर घाट पर पहुंचे, लेकिन तब तक तीनों किशोर नदी में डूब चुके थे. ग्रामीणों की भीड़ घाट पर जमा हो गई.

**एसडीआरएफ और गोताखोरों का सर्च ऑपरेशनः** घटना की सूचना मिलते ही झंडापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची. बिहपुर के अंचलाधिकारी लवकुश कुमार, नदी थानाध्यक्ष केशव चंद्र और झंडापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भी दलबल के साथ पहुंचे. स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की गई. बाद में एसडीआरएफ की टीम ने भी नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया. करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शाम 4 से 5 बजे के बीच तीनों किशोरों के शव मुसहरी कोसी घाट से कुछ दूरी पर बरामद किए गए.


**परिजनों में कोहरामः** हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के घरों में चीख-पुकार मच गई. परिजन बदहवास होकर कोसी घाट पहुंचे. अपने बेटों के शव देखकर सभी का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया. नयन कुमार तीन भाइयों में सबसे छोटा था और छठी कक्षा का छात्र था. युवराज कुमार नौवीं कक्षा में पढ़ता था और तीन भाइयों व एक बहन में मंझला था. लक्ष्मण कुमार भी छठी कक्षा का छात्र था और पांच भाई-बहनों में चौथा था. युवराज और लक्ष्मण चचेरे भाई थे. तीनों के पिता रोजगार के लिए परदेश में मजदूरी करते हैं.

**शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गएः** नदी थानाध्यक्ष केशव चंद्र ने बताया कि कोसी नदी में स्नान के दौरान डूबने से तीन किशोरों की मौत हुई है. तीनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल नवगछिया भेज दिया गया है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. बिहपुर के अंचलाधिकारी लवकुश कुमार ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत मृतकों के परिजनों को आपदा राहत राशि प्रदान की जाएगी. प्रशासन की ओर से परिवारों को हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी. इस तरह के हादसों से बचने के लिए लोगों को नदी में सावधानी बरतने की अपील की गई है.

# वैशाली : मैच देखने के दौरान हुए विवाद में किशोर की हत्या

एजेंसी

**वैशाली :** बिहार से एक हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है, जहां मैच देखने के दौरान हुए विवाद में एक किशोर की जान चली गई. ताजा मामला वैशाली के महनार थाना क्षेत्र के जक्कोपुर गांव की है. रविवार 8 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मैच था. गांव के कुछ लोग फोन पर मैच देख रहे थे. तभी टीम इंडिया का विकेट गिरने पर एक 17 वर्षीय कुंदन ने शोर मचा दिया. तभी उसके साथ मैच देख रहे दूसरे युवक से उसकी कहासुनी हो गई. देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि हाथापाई होने लगी. तभी दूसरे युवक ने किशोर को जमीन पर पटक दिया और उसके सिर पर वार कर दिया. इसमें किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया. कुंदन को घायल कर युवक वहां से फरार हो गया. घटना के बाद आसपास के लोग इलाज के लिए कुंदन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए. उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया. बिगड़ती



हालत को देखते हुए कुंदन को वहां से पीएमसीएच रेफर किया. मगर कुंदन ने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही दम तोड़ दिया. मृतक की पहचान जक्कोपुर, नगर परिषद महनार के वार्ड संख्या 18 निवासी बृजकिशोर राय के 17 वर्षीय पुत्र कुदन कुमार के रूप में हुई है. वहीं आरोपी की पहचान 18 वर्षीय किसन कुमार, पिता विसुनकांत ठाकुर के रूप में हुई है, जिसका घर मृतक के घर के पास ही बताया जा रहा है.इसकी सूचना पुलिस को दी गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. कुंदन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. मृतक के परिजनों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है.जक्कोपुर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है. महनार थाना पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल आरोपी की पहचान कर ली गई है।

## खबर संक्षेप

### मेटा ने सोशल मीडिया पाबंदी पर चेताया




**नई दिल्ली।** कर्नाटक में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध की घोषणा के बीच कंपनी मेटा ने कहा कि ऐसे प्रतिबंध लागू करने वाली सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नाबालिग उपयोगकर्ता असुरक्षित और अनियंत्रित मंचों का रुख न कर लें। अमेरिकी कंपनी ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस तरह के 'प्रतिबंध समान रूप से लागू होने चाहिए।

### अब म्यूचुअल फंड फोलियो को लॉक कर सकेंगे निवेशक




**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड निवेशकों की डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'स्वैच्छिक डेबिट फ्रीज सुविधा' शुरू करने की घोषणा की। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह सुविधा डीमैट वाले और बिना डीमैट वाले दोनों तरह के फोलियो के लिए उपलब्ध होगी।

### भर्ती विज्ञापनों में महिलाओं की भागीदारी 19 फीसदी बढ़ी



**मुंबई।** भारत में भर्ती विज्ञापनों में महिलाओं की हिस्सेदारी सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़ गई है, जिसमें वरिष्ठ पदों, उच्च वेतन वर्गों, उभरती प्रौद्योगिकी भूमिकाओं और दूसरी श्रेणी के बाजारों में भर्ती का विस्तार प्रमुख रहा। फरवरी, 2025 से फरवरी, 2026 के बीच भर्ती विज्ञापनों के रुझानों के से यह निष्कर्ष सामने आया है।

### रिलायंस कंज्यूमर भारत में लाएगी फेजर की चॉकलेट



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की एफएमसीजी (रोजमर्रा के इस्तेमाल के उत्पाद) इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने कहा कि उसने भारतीय बाजार में ब्रांडेड प्रीमियम चॉकलेट के उत्पादन, विपणन और वितरण के लिए फिनलैंड की प्रमुख खाद्य कंपनी फेजर के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### बीते सप्ताह मूंगफली के तेल में गिरावट



**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरइल के साझा हमले के बीच खाड़ी क्षेत्र में घमासान बढ़ने और होर्मुज बंदरगाह के रास्ते आने वाले यातायात के प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह मजबूती का रुख रहा तथा सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूती दर्शाते बंद हुए।

### ई-कॉमर्स निर्यातकों को ऋण सहायता के दिशानिर्देश जारी




**नई दिल्ली।** डाक या कूरियर के जरिये कम से कम छह महीने से निर्यात करने वाले और ई-कॉमर्स के माध्यम से बिक्री के लिए विदेशों के गोदामों में अपना माल रखने वाले सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को अब 25,060 करोड़ रुपये के ''निर्यात प्रोत्साहन मिशन'' के तहत ऋण सहायता मिल सकेगी। डिजिटल चैनल का उपयोग करने वाले निर्यातकों का समर्थन करने के लिए, वाणिज्य मंत्रालय ने पिछले महीने ब्याज छूट और आंशिक क्रेडिट गारंटी के साथ ऋण सुविधाओं की घोषणा की थी।

# तांबा महंगा व रुपया कमजोर पड़ने से एसी की कीमतों में वृद्धि

नई दिल्ली

कमरे को ठंडा रखने वाले एयर कंडीशनर बनाने वाली प्रमुख कंपनियां कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्चों में निरंतर वृद्धि की भरपाई के लिए कीमतों में 5-15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर रही हैं।

- कीमतों में बढ़ोतरी ऐसे समय की गई जब मांग बढ़ने वाली है

फरवरी से अप्रैल के बीच लागू की जा रही यह बढ़ोतरी ठीक उस समय हो रही है, जब गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ एयर कंडीशनर (एसी) की मांग बढ़ने वाली है। डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज सहित प्रमुख कंपनियों ने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है।यह वृद्धि तांबे जैसे प्रमुख कच्चे माल की लागत बढ़ने, रुपये की कमजोरी, नए ऊर्जा-दक्षता मानकों और माल ढुलाई लागत में वृद्धि के कारण की गई है।

## लागत की भरपाई के लिए एसी हुआ 5 से 15 फीसदी महंगा

### इस साल बिक्री की गति मजबूत रहेगी

हालांकि, उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि भीषण गर्मी के पूर्वानुमान और नए स्टार-रेटेड मॉडलों से बिजली की बचत के कारण इस साल बिक्री की गति मजबूत रहने की उम्मीद है। डाइकिन इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कंवलजीत जावा ने बताया कि कंपनी अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने जा रही है।



*नए ऊर्जा मानक से उत्पाद अधिक कुशल : जावा ने कहा, 'नए ऊर्जा मानक आ गए हैं, जिससे उत्पाद अधिक कुशल हो गए हैं। साथ ही तांबे जैसी सामग्री की कीमतें बढ़ गई हैं और अमेरिकी डॉलर रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। वैश्विक उथल-पुथल के कारण माल ढुलाई लागत भी बढ़ गई है, जिससे आयात महंगा हो गया है। ऐसे में कोई विकल्प नहीं बचा है।'*

### ग्राहकों को तुरंत बड़ा असर महसूस नहीं होगा

जावा ने उम्मीद जताई कि इस साल बिक्री 2024 के रिकॉर्ड स्तर को छुएगी और कम से कम 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा कि कंपनी फरवरी के मध्य में ही 8-10 प्रतिशत की वृद्धि कर चुकी है। हालांकि, बाजार में अभी पुराना स्टॉक मौजूद है, इसलिए ग्राहकों को तुरंत बड़ा अंतर महसूस नहीं होगा।

### मूल्य समायोजन किया जा रहा

टाटा समूह की कंपनी वोल्टास भी कीमतों में 5-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर रही है। वोल्टास के प्रबंध निदेशक मुकुंदन मेनन ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कच्चे माल की लागत लगातार बढ़ी है, जिसे देखते हुए यह मूल्य समायोजन किया जा रहा है।

### डाइकिन उत्पादों के दाम 7-12 प्रतिशत बढ़ाएगी

डाइकिन इंडिया अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने वाली है। डाइकिन इंडिया ने एक बयान में कहा, 'अप्रैल 2026 से, डाइकिन इंडिया कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्च में लगातार बढ़ोतरी को कम करने के लिए अपनी सभी उत्पाद श्रृंखला में कीमतों में 7-12 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।' साल 2025 रूम एयर-कंडीशनर उद्योग के लिए अच्छा नहीं था, क्योंकि बेमौसम बारिश और दूसरे कारणों से बिक्री पर असर पड़ा था।

## प्रसिद्ध अर्थशास्त्री भानुमूर्ति ने कहा, कच्चे तेल में हुई तेजी से वृद्धि

# पश्चिम एशिया संकट से अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता प्रतिकूल असर

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कच्चे तेल और गैस के दाम में तेज वृद्धि से देश में महंगाई बढ़ने, रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के निदेशक एन आर भानुमूर्ति ने यह कहा।

अमेरिका और इजराइल का ईरान पर हमले के बाद से कच्चे तेल की कीमत में तेज वृद्धि हुई है और यह 2023 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव बीते शुक्रवार को लगभग 8.5 प्रतिशत चढ़कर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया जो एक सप्ताह पहले 70 डॉलर के आसपास था। वहीं अमेरिकी मानक न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट कच्चा तेल 12.2 प्रतिशत बढ़कर 90.9 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### एलएनजी की कीमतें 50 फीसदी तक बढ़ी

*28 फरवरी को समाप्त सप्ताह की तुलना में ब्रेंट क्रूड के भाव में लगभग 32 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। एलएनजी की कीमतें भी लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले और पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितता का भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था पर तत्काल प्रभाव व्यापार और वित्त चैनलों के माध्यम से होगा।''*

## महंगाई बढ़ने की आशंका



### व्यापार और चालू खाता घाटा होगा प्रभावित



अर्थशास्त्री ने कहा, ''तेल बाजारों में कीमतों में तेज वृद्धि हमारे व्यापार घाटे और चालू खाता घाटे को भी प्रभावित करेगी। अगर वैश्विक स्तर पर तेल के दाम में वृद्धि को देखते हुए, घरेलू खुदरा कीमतें बढ़ाई जाती हैं, तो देश में तेल की कीमतों में और वृद्धि हो सकती है। खुदरा बाजारों में गैस की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं।''

### तेल 10 डॉलर बढ़ने से मुद्रास्फीति 0.7 फीसदी बढ़ती है

ऊर्जा (कच्चा तेल, गैस) की कीमतें में और वृद्धि तथा कच्चा तेल के 100 डॉलर या उससे अधिक होने से मुद्रास्फीति पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, ''घरेलू मुद्रास्फीति पर वैश्विक तेल कीमतों के प्रभाव का अनुमान हम इस बात से लगा सकते हैं कि तेल की कीमतों में 10 डॉलर की वृद्धि से मुद्रास्फीति में 0.7 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है।

### कतर ने पहले ही गैस उत्पादन किया बंद

भानुमूर्ति ने कहा, ''कतर ने पहले ही गैस उत्पादन बंद कर दिया है। हालांकि, भारत के रूस से तेल आयात करने से विश्व तेल की कीमतों में नरमी आ सकती है। लेकिन गैस चिंता का विषय बनी रहेगी। खुदरा स्तर पर, चूंकि कई क्षेत्रों में गैस और तेल एक दूसरे के पूर्ण विकल्प हैं, इसलिए तेल पर गैस की कीमतों का व्यापक प्रभाव पड़ेगा।''

- मिडिल ईस्ट में जारी संकट से गैस के दाम में तेजी आई
- रुपए के विनिमय दर में भी गिरावट दर्ज की जा रही
- ब्रेंट क्रूड का भाव 8 .5% चढ़कर 92 .69 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

*होर्मुज फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है*

*उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के बीच स्थित एक संकरा जलमार्ग है जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। अपने सबसे संकरे बिंदु पर लगभग 55 किलोमीटर चौड़ा यह जलडमरूमध्य वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से ऊर्जा व्यापार के लिए,सबसे महत्वपूर्ण और अत्यधिक उपयोग किए जाने वाले समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है।*

### तेल कंपनियों के पास बोझ सहने पर्याप्त वित्तीय क्षमता

उल्लेखनीय है कि वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के बीच शनिवार को घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 60 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने साफ कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास इस बोझ को सहने के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता है।

# कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली



इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा, वैश्विक बाजार के रुझान और विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी।

- इस सप्ताह पश्चिम एशिया संकट जारी रहने की संभावना
- विदेशी निवेशकों के रुख से भी धारणा होगी प्रभावित


रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की दिशा को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बाहरी कारक बने रहेंगे। इसके साथ ही, कुछ प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़े भी जारी होंगे, जो निकट भविष्य की धारणा को आकार दे सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर निवेशक 12 मार्च को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे।'

### एफपीआई के बाजार में लौटने की संभावना कम

विजयकुमार ने कहा कि जब तक संघर्ष के परिणाम पर कुछ स्पष्टता नहीं आती और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट नहीं होती, तब तक एफपीआई के खरीदार के रूप में बाजार में लौटने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड का 90 डॉलर से ऊपर होना भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजारों के लिए बुरी खबर है।

# तनाव का अन्य इस्पात बाजारों पर पड़ेगा असर : बिगमिंट

नई दिल्ली



बिगमिंट रिसर्च के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण ईंधन की लागत बढ़ रही है, जिससे भारत सहित वैश्विक इस्पात उद्योग को आने वाले दिनों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

बिगमिंट के विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल, एलएनजी और माल ढुलाई लागत में एक साथ बढ़ोतरी हो रही है, जिससे लागत का दबाव सीधे इस्पात और इस्पात से संबंधित जिंस बाजारों पर पड़ रहा है।

- बढ़ते संकट का कारण ईंधन की बढ़ती लागत
- उद्योग को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा

एक विश्लेषक ने कहा कि युद्ध से पहले कच्चे तेल की कीमतें औसतन 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, जो अब बढ़कर लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल हो गई हैं।

अनुमान है कि आने वाले दिनों में लागत में वृद्धि जारी रहेगी। युद्ध ने माल ढुलाई लागत को भी प्रभावित किया है, जिसमें हाल के समय में लगभग 40 प्रतिशत का उछाल आया है। भारत सहित अन्य इस्पात बाजारों पर अमेरिका-ईरान संघर्ष के प्रभाव के बारे में उन्होंने कहा कि उद्योग को लागत में वृद्धि का सामना करना पड़ेगा।

### कंपनियां बढ़े लागत का बोझ ग्राहकों पर डालेंगी

कंपनियां इस बढ़ी हुई लागत का बोझ ग्राहकों पर डालेंगी और अगर बाजार इस लागत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है, तो इस्पात की मांग भी प्रभावित हो सकती है।

# ईवी स्टार्टअप की भागीदारी बढ़ाने आटो पीएलआई के मानदंड हो ढीले

**नई दिल्ली।** यूलर मोटर्स के संस्थापक और सीईओ सौरव कुमार ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टार्टअप को लाभ पहुंचाने और देश की हरित गतिशीलता यात्रा में योगदान देने के लिए भारत की ऑटोमोबाइल पीएलआई योजना के मानदंडों में ढील देने की जरूरत है। कुमार ने एक साक्षात्कार में कहा कि ऑटो क्षेत्र के लिए पीएलआई में निर्धारित राजस्व और निवेश की उच्च सीमा का मतलब है कि यूलर मोटर्स जैसी कंपनी इस योजना में भाग नहीं ले पाई है। कंपनी छोटे इलेक्ट्रिक ट्रकों और तिपहिया वाहन खंड में सक्रिय है।
ऑटो पीएलआई योजना के पात्रता मानदंडों के अनुसार एक ओईएम का न्यूनतम वैश्विक समूह राजस्व 10,000 करोड़ रुपये होना चाहिए और अचल संपत्तियों में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश होना चाहिए। कुमार ने अफसोस जताते हुए कहा कि दुर्भाग्य से इससे हमारे जैसे स्टार्टअप को प्रोत्साहन नहीं मिला, जो इस क्षेत्र में समान रूप से निवेश कर रहे हैं और तकनीक व आरएंडडी को आगे बढ़ा रहे हैं।

# मिडिल ईस्ट संघर्ष लंबा खिंचा तो हो सकती है उर्वरक की समस्या

- एफएसीटी रॉक फॉस्फेट व फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माले के लिए निर्भर

कोच्चि (केरल)

भारत में इस समय उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचा तो समस्या पैदा हो सकती हैं। दक्षिण भारतीय राज्यों को उर्वरकों की आपूर्ति करने वाली सबसे बड़ी कंपनी फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (एफएसीटी) के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एफएसीटी रॉक फॉस्फेट और फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माल के लिए पश्चिम एशिया के कई देशों पर निर्भर है, जिन्हें समुद्री मार्ग से लाया जाता है। विश्लेषकों के अनुसार, लंबे समय तक चलने वाला संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान पहुंचा सकता है।

- एफएसीटी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही



*खाड़ी देशों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी : इजराइल के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिका के विभिन्न ठिकानों पर भी ईरान ड्रोन और मिसाइल दाग रहा है, जबकि इजराइल और अमेरिका की ओर से भी ईरान पर बम और मिसाइलों की बरसात की जा रहा है। ईरान द्वारा लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले किए जाने से अमेरिका और उसके सहयोगियों- खासकर इजराइल और खाड़ी देशों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है।*

## फरवरी में रेलवे की माल ढुलाई चार फीसदी बढ़ी...



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने फरवरी, 2026 में 13.77 करोड़ टन माल ढुलाई की, जो पिछले साल फरवरी में 13.24 करोड़ टन थी। यह पिछले वर्ष की तुलना में 3.96 प्रतिशत अधिक है। रेल मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, /''फरवरी, 2026 के दौरान माल ढुलाई राजस्व 14,571.99 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के इसी महीने में 14,151.96 करोड़ रुपये था, जो 2.97 प्रतिशत की वृद्धि है।/'' मंत्रालय के अनुसार, भारतीय रेलवे कोयला, इस्पात, उर्वरक, सीमेंट, खाद्यान्न और कंटेनर जैसी आवश्यक वस्तुओं के कुशल परिवहन को सुनिश्चित करके देश की आर्थिक गतिविधियों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंत्रालय ने बताया कि फरवरी, 2026 में माल ढुलाई संचालन में लगातार वृद्धि देखी गई, जो सभी क्षेत्रों में रेल आधारित लॉजिस्टिक्स की स्थिर मांग को दर्शाती है।

# भारत का कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों की और रुख

नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी।

- मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष लंबा खिंचने की आशंका
- खुदरा ईंधन कंपनियों का अमेरिका, रूस अफ्रीका से बातचीत शुरू

कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल अपनी प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। फरवरी में इस आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा 'होर्मुज जलडमरूमध्य' से होकर आया था, जो ईरान और ओमान के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण इस रणनीतिक मार्ग से टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया, /''हम उन क्षेत्रों से अधिक आपूर्ति ले रहे हैं जो संघर्ष क्षेत्र से बाहर हैं। वर्ष 2025 में गैर-होर्मुज स्त्रोतों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 70 प्रतिशत हो गई है।/''

भारतीय रिफाइनरियां अब पश्चिम अफ्रीका, लातिन अमेरिका और अमेरिका से तेल ले रही हैं। रूसी तेल की बिक्री और वितरण के लिए दी गई 30 दिनों की छूट ने एक नया रास्ता खोल दिया है।

### भारत की कुल क्षमता 74 दिनों के आयात के बराबर

मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार, देश के पास इसके अलावा सामरिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) और सरकारी तेल कंपनियों के पास मौजूद स्टॉक को मिलाकर कुल क्षमता लगभग 74 दिनों के शुद्ध आयात के बराबर है। हालांकि, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित होने के बावजूद कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अधिक माल भाड़े और बीमा प्रीमियम के कारण आयात बिल बढ़ सकता है।

## महिला दिवस पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने जताया आभार

# मेरे जीवन को संवारने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को उन महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके जीवन और सफर को संवारा है।

- मेरी सफलता की नींव उन मूल्यों पर टिकी, जो मुझे परिवार से मिले

उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की नींव उन मूल्यों और समर्थन पर टिकी है, जो उन्हें अपने परिवार से मिला। लिंक्डइन पर लिखे एक लेख में अदाणी ने अपनी मां शांताबेन अदाणी के प्रभाव को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे बचपन में मां द्वारा सुनाई गई रामायण जैसे महाकाव्यों की कहानियों ने उनमें साहस, त्याग और कर्तव्य के मूल्यों को स्थापित किया।

### अदाणी ने परिवार को दिया धन्यवाद

अदाणी ने कहा कि जीवन की सबसे मजबूत नींव कंक्रीट या स्टील से नहीं, बल्कि उन लोगों से बनती है जो हमें एक व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। अदाणी ने अपनी मां को संस्कार देने के लिए, पत्नी प्रीति को उनका पथ-प्रदर्शक (विवेक) बनने के लिए, अपनी दोनों बहुओं परिधि और दीवा को परिवार में शक्ति, प्रतिभा और नया दृष्टिकोण लाने के लिए धन्यवाद दिया।



### पत्नी की भूमिका की सराहना

*अदाणी ने अपनी पत्नी प्रीति अदाणी की भूमिका की भी सराहना की, जिन्होंने दंत चिकित्सा का करियर छोड़कर 'अदाणी फाउंडेशन' का नेतृत्व संभाला। चेयरमैन ने बताया कि 'अदानी फाउंडेशन' आज देश के 22 राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है और अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुका है।*

**बहुओं की प्रशंसा :** अदाणी ने अपनी बहुओं, परिधि अदाणी (करण अदाणी की पत्नी) और दीवा अदाणी (जीत अदाणी की पत्नी) की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे परिवार में /''नया दृष्टिकोण और नयी ऊर्जा/'' लेकर आई हैं। साथ ही उन्होंने अपनी पोतियों से मिलने वाली खुशी का भी उल्लेख किया।

### करियर बनाने 16 साल में घर छोड़ा

अदाणी ने कहा कि उन सीखों की गहराई उन्हें तब समझ आई, जब 16 साल की उम्र में उन्होंने अपना करियर बनाने के लिए मुंबई जाने के लिए घर छोड़ा था। अदाणी ने उस मानसिक शक्ति को याद किया जो उनकी मां ने उन्हें एक अनिश्चित भविष्य की ओर कदम बढ़ाने की अनुमति देते समय दिखाई होगी।

## भारत घरेलू सरजमीं पर टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाला बना पहला देश

# टी20 वर्ल्ड कप : एक ही पारी में 18 छक्के और 19 चौके, भारत ने फाइनल में रचा इतिहास




**भारत ने तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीत लिया है। फाइनल मैच में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर इतिहास रच दिया। भारत ऐसा पहला देश बन गया है, जिसने टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी को डिफेंड किया है।**

अहमदाबाद

अहमदाबाद में खेले गए इस फाइनल मैच में भारत ने पहले खेलते हुए 255 रन बनाए थे, जवाब में कीवी टीम 159 रन ही बना सकी। भारत की इस पारी में कुल 37 बाउंड्री (18 छक्के और 19 चौके) देखने को मिली। यह टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में सर्वाधिक बाउंड्री का रिकॉर्ड है। टी20 वर्ल्ड कप इतिहास की एक पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम पर है, जिसने साल 2007 में केन्या के विरुद्ध 41 बाउंड्री लगाई थीं, लेकिन यह ग्रुप स्टेज मैच था। वहीं, भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ एक ही पारी में 37 बाउंड्री लगाई थीं। इसी मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत के विरुद्ध 36 बाउंड्री जड़ी थीं।

यह टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में सर्वाधिक छक्कों का भी रिकॉर्ड है। इससे पहले ग्रुप स्टेज मुकाबलों में साल 2014 में नीदरलैंड ने आयरलैंड के विरुद्ध, जबकि वेस्टइंडीज ने साल 2026 में जिम्बाब्वे के खिलाफ एक ही पारी में 19-19 छक्के लगाए थे। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में 19 छक्के जड़ चुकी है, लेकिन खिताबी मैच में भारत से पहले किसी भी टीम ने 18 छक्के नहीं लगाए थे। भारत घरेलू सरजमीं पर टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाला पहला देश बन गया है।

### संजू सैमसन प्लेयर ऑफ द सीरीज



### भारत ने 7वीं बार बनाया 250 प्लस का स्कोर

*भारतीय टीम टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250 प्लस स्कोर बनाने वाली टीम भी बन गई। उसने सातवीं बार यह कमाल किया। उसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद का नाम आता है, जिनमें पांच बार ऐसा किया है। हैदराबाद और भारत ही ऐसी टीमें है, जिन्होंने लगातार तीन मैचों में 250 प्लस के स्कोर बनाए हैं। वहीं भारत ने साल 2026 में चौथी बार 250 रन का आंकड़ा पार किया। यह एक कैलेंडर में सर्वाधिक है।*

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का मैकोंची बो नीशाम | 89 | 46 | 5 | 8 |
| अभिषेक शर्मा का सीफर्ट बो रविंद्र | 52 | 21 | 6 | 3 |
| किशन का चैपमैन बो नीशाम | 54 | 25 | 4 | 4 |
| हार्दिक पंड्या का सेंटनेर बो हेनरी | 18 | 13 | 1 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव का रविंद्र बो नीशाम | 00 | 01 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 08 | 06 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 26 | 08 | 3 | 2 |

अतिरिक्त : आठ रन, योग : 20 ओवर में 255/5 रन
गेंदबाजी : हेनरी 4-0-49-1, फिलिप्स 1-0-5-0, डफी 3-0- 42-0, फर्ग्यूसन 2-0-48-0, सेंटनेर 4-0-33-0, रविंद्र 2-0- 32-1, नीशाम 4-0-46-3

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टिम सीफर्ट का ईशान बो वरुण | 52 | 26 | 2 | 5 |
| फिन एलेन का तिलक बो पटेल | 9 | 7 | 0 | 1 |
| रचिन का ईशान बो बुमराह | 1 | 2 | 0 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो पटेल | 5 | 5 | 1 | 0 |
| मार्क चैपमैन बो पंड्या | 3 | 8 | 0 | 0 |
| डेरिल मिचेल का ईशान बो पटेल | 17 | 11 | 0 | 2 |
| मिचेल सेंटनेर बो बुमराह | 43 | 35 | 3 | 2 |
| जेम्स नीशाम बो बुमराह | 08 | 07 | 1 | 0 |
| मैट हेनरी बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन नाबाद | 06 | 07 | 0 | 0 |
| डफी का तिलक बो अभिषेक | 03 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12 रन, योग : 19 ओवर में 159/10 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-32-0, पंड्या 4-0-36-1, पटेल 3-0-27-3, बुमराह 4-0-15-4, वरुण 3-0-39-1, अभिषेक 1- 0-5-1

### भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक

12 बॉल – युवराज सिंह बनाम इंग्लैंड (2007)
18 बॉल – अभिषेक शर्मा बनाम न्यूजीलैंड (2026)
18 बॉल – केएल राहुल बनाम स्कॉटलैंड (2021)
19 बॉल – रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया (2024)
20 बॉल – युवराज सिंह बनाम ऑस्ट्रेलिया (2007)
20 बॉल – ईशान किशन बनाम नामीबिया (2026)

### फाइनल में सबसे ज्यादा स्कोर

89 रन – संजू सैमसन बनाम न्यूजीलैंड
85* रन – मार्लन सैमुअल्स बनाम इंग्लैंड
85 रन – केन विलियमसन बनाम ऑस्ट्रेलिया
78 रन – मार्लन सैमुअल्स बनाम श्रीलंका
77* रन – मिचेल मार्श बनाम न्यूजीलैंड

### पावरप्ले में भारतीय खिलाड़ी का हाई स्कोर

51 रन – अभिषेक शर्मा बनाम न्यूजीलैंड (2026)
51 रन – रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया (2024)
50 रन – केएल राहुल बनाम स्कॉटलैंड (2021)
50 रन – ईशान किशन बनाम न्यूजीलैंड (2026)
42 रन – ईशान किशन बनाम पाकिस्तान (2026)
41 रन – संजू सैमसन बनाम इंग्लैंड (2026)
41 रन – रोहित शर्मा बनाम वेस्टइंडीज (2016)

### सैमसन के तीन बड़े रिकॉर्ड

**1- टी20 वर्ल्ड कप में लगातार तीन अर्धशतक लगाने वाले तीसरे भारतीय और ओवरऑल 7वें बल्लेबाज**

3 : महेला जयवर्धने (2010)
3 : विराट कोहली (2016,2021)
3 : बाबर आजम (2021)
3 : केएल राहुल (2021)
3 : कुसल मेंडिस (2026)
3 : साहिबजादा फरहान (2026)
3 : संजू सैमसन (2026)

**2- टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी**

शाहिद अफरीदी : 2009 टी20 वर्ल्ड कप
विराट कोहली : 2014 टी20 वर्ल्ड कप
संजू सैमसन : 2026 टी20 वर्ल्ड कप

**3- टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज**

89 रन : संजू सैमसन (वर्सेज न्यूजीलैंड)*
85* रन : मार्लन सैमुअल्स (वर्सेज इंग्लैंड)
85 रन : केन विलियम्सन (वर्सेज आस्ट्रेलिया)
78 रन : मार्लन सैमुअल्स (वर्सेज श्रीलंका)

## फाइनल के तीन बड़े टर्निंग पॉइंट

### अभिषेक की फॉर्म में वापसी

इस वर्ल्ड कप फाइनल से पहले तक टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा एक-एक रन के लिए तरस रहे थे। लेकिन उन्होंने अपना बेस्ट प्रदर्शन फाइनल के लिए बचा कर रखा था। फाइनल मैच में अभिषेक ने शुरुआत से ही ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की और मैच को न्यूजीलैंड से दूर लेकर चले गए। उन्होंने इस बड़े मुकाबले में 21 बॉल में 6 चौके और तीन छक्के की मदद से 52 रन बनाए और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 247.62 का रहा।

### सैमसन की पार्टनरशिप

अभिषेक शर्मा को फाइनल में जहां रनों की तलाश थी, वहीं दूसरी तरफ संजू सैमसन पिछले कुछ मैचों से शानदार फॉर्म में थे। इस मैच में उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज किया और शुरुआत से ही तेज गति के साथ रन बनाए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी के बाद से कीवी टीम इस मैच में कभी वापसी ही नहीं कर पाई।

### बुमराह की गेंदबाजी

फाइनल में टीम इंडिया के लिए सबसे अच्छे गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रहे। उन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल में सिर्फ 15 रन खर्च करते हुए चार बड़े विकेट अपने नाम किए और टीम इंडिया की जीत इस मुकाबले में सुनिश्चित की। बुमराह ने फाइनल में रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, जेम्स नीशाम और मैट हेनरी का विकेट लिया। उनके अलावा अक्षर पटेल ने भी इस मैच में तीन बड़े विकेट लिए।

## खबर संक्षेप

### आईसीसी ने स्थगित की दोहा बैठक

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया। इस बैठक में आईसीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों, मुख्य कार्यकारियों, समिति के सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद थी, जिसमें संगठन के संचालन कैलेंडर के हिस्से के तौर पर वैश्विक खेल के अभी और भविष्य से जुड़े जरूरी मामलों पर बातचीत होनी थी।

### अर्शदीप कौर ने जीता 25 मी. पिस्टल का टी3 ट्रायल

**नई दिल्ली।** अर्शदीप कौर ने दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर सहित शीर्ष निशानेबाजों को पछाड़ते हुए राष्ट्रीय चयन ट्रायल (ग्रुप ए) की 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।



क्वालीफाइंग दौर में आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने वाली पंजाब की निशानेबाज ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में अनुभवी दिव्या टीएस को 37-36 से पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन राही सरनोबत ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सरनोबत को इससे पहले शूट ऑफ में दिव्या ने पछाड़ा था। मनु फाइनल में छठे स्थान पर रहीं।

### कनाडा ने अर्जेन्टीना को पेनल्टी में हराया



हैरिसन

गोलकीपर केलेन शेरिडन ने शुरुआती दो पेनल्टी बचाई, जिससे कनाडा ने शीबिलीव्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में गोल रहित ड्रॉ के बाद अर्जेन्टीना को पेनल्टी शूट आउट में हराया।

जोर्डिन हुइतेमा को पहले हाफ में कनाडा की ओर से गोल दागने का स्वर्णिम मौका मिला था लेकिन अर्जेन्टीना की गोलकीपर सोलाना पेरेरा ने उनके शॉट पर हाथ मार दिया, जिसके बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। शीबिलीव्स कप के नए नियमों के अनुसार मैच में अतिरिक्त समय का खेल नहीं होता और नतीजे के लिए सीधे पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया जाता है।

शेरिडन ने अर्जेन्टीना के शुरुआती दो प्रयासों को नाकाम किया और कनाडा ने तब जीत सुनिश्चित की जब विरोधी टीम की वेनिना प्रेनिंगर का शॉट क्रॉसबार से ऊपर से बाहर निकल गया।

## 20 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में हारी भारतीय महिला टीम, ऑस्ट्रेलिया 10 विकेट से जीता

पर्थ

ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही, जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया, जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई, जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।



### लूसी ने चटकाए तीन विकेट

*प्रतिका भी इसके बाद ऑफ स्पिनर गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका, जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल गेंदबाज लूसी हैमिल्टन रहीं, जिन्होंने 32 रन पर तीन विकेट चटकाए जबकि सदरलैंड ने 15 और एलेना किंगा ने 23 रन पर दो-दो विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए 28 रन बनाकर मेजबान टीम को जीत दिला दी। इससे पूर्व भारत ने पहली पारी में 198 रन बनाए थे, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सदरलैंड के 129 रन की मदद से 323 रन बनाकर मेजबान टीम को पहली पारी में अहम बढ़त दिलाई थी।*



### डिकॉक, मिलर ने की आईसीसी की आलोचना, द.अफ्रीका और वेस्टइंडीज टीम भारत में फंसी

**नई दिल्ली।** क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है कि उसने कथित तौर पर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बजाय इंग्लैंड के यात्रा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जबकि दोनों टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण हुई दिक्कतों के बीच अब तक स्वदेश लौटने का इंतजार कर रही हैं। दूसरे सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त झेलने वाला इंग्लैंड शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी चार्टर्ड उड़ान से रवाना हुआ। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम हालांकि अब भी भारत में ही हैं। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज दोनों के कोलकाता से एक और चार्टर्ड उड़ान से एक साथ यात्रा करने की उम्मीद है। उड़ान के समय की अभी पुष्टि नहीं हुई है। डिकॉक ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मजेदार है कि आईसीसी ने हमें कुछ नहीं बताया।

### विरोधी टीम 82 रन पर ऑलआउट

## न्यूजीलैंड के ब्रेट रैंडेल का कहर पांच गेंदों पर चटकाए 5 विकेट



नेपियर

ब्रेट रैंडेल ने नेपियर में सेंट्रल डिसट्रिक्ट्स और नॉर्दर्न डिसट्रिक्ट्स के बीच प्लंकेट शील्ड मैच में इतिहास रच दिया।

इस मैच की पहली पारी में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स का स्कोर 4 रन था और टीम का कोई विकेट नहीं गिरा था, लेकिन इसके बाद रैंडेल ने कहर बरपा दिया और 5 गेंदों पर 5 विकेट लिए। फिर नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स का स्कोर 9 रन पर 5 विकेट हो गया। रैंडेल का पहला शिकार हेनरी कूपर हुए, जो उनकी सटीक इनस्विंगर पर बोल्ड हो गए। इसके बाद जीत रावल आउट हुए और फिर जो कार्टर का विकेट लेकर रैंडेल ने अपनी हैट्रिक पूरी की। फिर उन्होंने रॉबर्ट ओ'डॉनेल को स्लिप में कैच कराया और क्रिस्टियन क्लार्क को आउट किया और 5 गेंदों पर 5 विकेट लेने का कमाल किया।

### रैंडेल ने पहली पारी में झटके कुल 7 विकेट

रैंडेल अपना दबदबा बनाए रखा और जल्द ही एक और विकेट लिया और फर्स्ट-क्लास इतिहास में आठ गेंदों में छह विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। रैंडेल ने आखिरकार 11 ओवर में 25 रन देकर 7 विकेट लेकर अपना स्पैल पूरा किया।

## बार्सिलोना ने एथलेटिक बिलबाओ को दी शिकस्त, यमाल ने दागा शानदार गोल



**बार्सीलोना।** लेमिन यमाल के गोल से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हरा दिया। मुकाबले के दौरान दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन यमाल ने 68वें मिनट में गोल दागकर अंक तालिका के शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना के 27 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है। यमाल मौजूदा सत्र में पहले ही 19 गोल दाग चुके हैं। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको मैड्रिड ने रीयाल सोसीदाद को 3-2 से हराया जबकि मार्लोका और ओसासुना का मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा। गिरोना और लेवांते ने भी 1-1 से ड्रॉ खेला।

### न्यूजीलैंड महिला टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू ने लिए 125 विकेट

## ताहुहू का वनडे क्रिकेट से संन्यास, खेले 103 मैच

वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 15 साल तक वनडे फॉर्मेट में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू टी20 में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगी।

ताहुहू ने कहा, वनडे क्रिकेट में टीम की जर्सी पहनना हमेशा से मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात रही है। एक-एक गेम खेलना अद्भुत एहसास था। वनडे क्रिकेट में 100 से ज्यादा मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना, ऐसा है जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। उन्होंने कहा, मैं हर पल को संजो कर रखूंगी और वनडे फॉर्मेट में जो कुछ भी हासिल कर पाई हूं, उस पर बहुत गर्व के साथ जाऊंगी। भारत में वनडे विश्व कप 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए अपना आखिरी वनडे मैच खेलने वाली ताहुहू ने कहा कि वह टी20 के लिए उत्साहित हैं। 2011 की रोज बाउल सीरीज



में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की उम्र में वनडे में डेब्यू करने के बाद से, ताहुहू ने 103 वनडे में 125 विकेट लिए हैं।

### 4 विश्व कप खेल चुकी ताहुहु

ताहुहू ने कहा, आगे बहुत सारी रोमांचक चीजें हैं और मैं टी20 फॉर्मेट में इस टीम में योगदान देना जारी रखने के लिए उत्सुक हूं। 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतना एक बहुत बड़ी कामयाबी थी और मैं इस साल के आखिर में इंग्लैंड में इस टीम को अपना खिताब बचाने में मदद करने के लिए सच में प्रेरित हूं। 35 साल की पेसर उन 12 खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने कीवी महिला टीम के लिए 100 से अधिक वनडे मैच खेले हैं। ताहुहु 4 विश्व कप खेल चुकी हैं। वह लगातार टॉप 10 वनडे गेंदबाजों में शामिल रही हैं। 2023 में उन्हें आईसीसी महिला वनडे टीम ऑफ द ईयर में चुना गया था।


### ली की पेस हमेशा रही ताकत

हेड कोच बेन सॉयर ने कहा, "ली 15 साल से महिला वनडे में टॉप पर हैं, जो एक तेज गेंदबाज के लिए बहुत बड़ी कामयाबी है। ली की पेस हमेशा से एक ताकत रही है, लेकिन उनका प्रतियोगी स्वभाव और इस टीम को आगे बढ़ाने का जोश सबसे अलग रहा है। उन्होंने कहा, ली कुछ समय से वनडे गेंदबाजी ग्रुप की सीनियर सदस्य रही हैं और अगले चार साल के साइकिल में ग्रुप को एक बेहतरीन जगह पर छोड़ रही हैं, जो उनकी नेतृत्व का सबूत है। सॉयर ने कहा कि अपने देश के लिए वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज के तौर पर संन्यास लेने पर उन्हें गर्व होना चाहिए। टीम के लिए उन्होंने नए मानक तय किए हैं।

# अमेरिकी एक्सपर्ट ने खोली ट्रंप की पोल! ईरान में 150+ लड़कियों की मौत यूएस मिसाइल से ही हुई

**एजेंसी**

**तेहरान।** ईरान के ऊपर 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर हमला किया. शुरूआती कुछ घंटों (लगभग 100) में ही दोनों ने मिलकर 2000 से ज्यादा मिसाइलें बरसाईं, जिसमें ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई समेत कई शीर्ष नेता मारे गए. इसी हमले के दौरान दक्षिणी ईरान के मिनाब में एक नौसैनिक अड्डे पर भी हमला हुआ था. लेकिन इस अटैक में शजरह तैय्येबेह एलिमेंट्री स्कूल के पास स्थित एक स्कूल भी चपेट में आ गया, जहां कुल 175 लोगों की मौत हुई, जिनमें 150 से अधिक



स्कूली लड़कियाँ शामिल थीं. अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस हमले से पल्ला झाड़ने की कोशिश की, लेकिन अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि यह अटैक यूएस टॉमहॉक मिसाइल से किया गया था. यह फुटेज ईरान की अर्ध-सरकारी मेहर न्यूज एजेंसी द्वारा जारी की गई थी और अखबार द्वारा सत्यापित की गई. रिपोर्ट के अनुसार, वीडियो में 28 फरवरी को मिनाब शहर में एक नौसैनिक सुविधा पर टॉमहॉक मिसाइल गिरते हुए दिखाई देती है. रविवार रात (ट्विटर) पर एक लंबे चौड़े थ्रेड में पूर्व अमेरिकी सेना के एक्सप्लोसिव ऑर्डनेंस डिस्पोजल तकनीशियन ट्रेवर बेल ने वह फुटेज साझा की. उनके अनुसार पहले कभी सामने नहीं आई थी. इसमें मिसाइल को रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े परिसर की एक इमारत पर गिरते हुए दिखाया गया है. बेल के अनुसार, इससे पहली बार यह संकेत मिलता है कि उस क्षेत्र पर अमेरिका ने हमला किया था. बेल ने यह भी कहा, इस युद्ध में टॉमहॉक मिसाइल रखने वाला एकमात्र देश अमेरिका है. इजरायल के पास टॉमहॉक मिसाइल होने की जानकारी नहीं है. रिपोर्ट के अनुसार, यह वीडियो नौसैनिक अड्डे के सामने स्थित एक निर्माण स्थल से फिल्माया गया था. इसमें एक मिसाइल को उस इमारत पर गिरते हुए दिखाया गया है जिसे आईआरजीसी (इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स) की सुविधा के भीतर स्थित एक मेडिकल क्लिनिक बताया गया है. मिसाइल के टकराने के बाद इमारत से धुआँ और मलबा उठता हुआ दिखाई देता है. जब कैमरा आसपास के क्षेत्र की ओर घूमता है, तो प्राथमिक स्कूल के पास पहले से ही धूल और धुएँ के बड़े बादल दिखाई देते हैं. इससे संकेत मिलता है कि नौसैनिक अड्डे पर मिसाइल गिरने से कुछ समय पहले ही स्कूल पर हमला हो चुका था.

# ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों से खाड़ी देशों में हड़कंप, यूएई और सऊदी अरब ने कई हमले नाकाम किए, तेल बाजार में भारी उछाल

**एजेंसी**

**सऊदी।** मध्य पूर्व में जारी तनाव अब जबरदस्त सैन्य टकराव की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। ईरान से दागी गई मिसाइलों और ड्रोन हमलों के कारण संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और बहरीन समेत कई खाड़ी देशों में सुरक्षा स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। कई जगहों पर विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं, तेल प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा और तेल की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। इस बीच कई देशों ने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चेतावनी जारी की है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति की अपील भी तेज हो गई है। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने



बताया है कि देश की वायु रक्षा प्रणाली लगातार ईरान से आने वाली मिसाइल और ड्रोन खतरों का सामना कर रही है। मंत्रालय के अनुसार अब तक 17 बैलिस्टिक मिसाइलों का पता चला जिनमें से 16 को हवा में ही नष्ट कर दिया गया, जबकि एक मिसाइल समुद्र में गिर गई। इसके अलावा 117 मानवरहित हवाई यान यानी ड्रोन भी पकड़े गए, जिनमें से 113 को मार गिराया गया, जबकि चार ड्रोन देश की सीमा के भीतर गिरे।

यूएई के रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार ईरानी हमलों की शुरूआत से अब तक कुल 238 बैलिस्टिक मिसाइलें पहचानी गईं। इनमें से 221 को नष्ट कर दिया गया, पंद्रह समुद्र में गिरीं और दो देश के भीतर गिरीं। इसी तरह 1422 ड्रोन का पता चला जिनमें से 1342 को रोक लिया गया, जबकि 80 देश की सीमा के भीतर गिरे। आठ क्रूज मिसाइलों को भी वायु रक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया। उधर, यूएई के कई शहरों में विस्फोट जैसी आवाजें सुनी गईं जो दरअसल वायु रक्षा प्रणाली द्वारा मिसाइल और ड्रोन को मार गिराने के कारण उत्पन्न हुईं। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और केवल सरकारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# इजराइल-ईरान युद्ध : ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई घायल, पद संभालने के 24 घंटे के भीतर हमला

**एजेंसी**

**तेहरान।** ईरान में मोजतबा खामेनेई के नया सुप्रीम लीडर चुने जाने के महज 24 घंटे के भीतर उन पर जानलेवा हमले की खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजराइली हमले में मोजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब इजराइल और अमेरिका ने पहले ही चेतावनी दी थी कि जो भी ईरान का नया सुप्रीम लीडर बनेगा, उसे खोजकर खत्म कर दिया जाएगा। ईरानी सरकारी टीवी ने मोजतबा खामेनेई को 'जांबाज' कहकर संबोधित किया है, जिसका कूटनीतिक अर्थ यह निकाला जा रहा है कि वे दुश्मन के हमले में



घायल हुए हैं। हालांकि, आधिकारिक तौर पर अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि मोजतबा किस विशिष्ट स्थान या घटना के दौरान घायल हुए। गौरतलब है कि जंग शुरू होने के बाद से ही वे सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे और उन्हें कल ही आधिकारिक तौर पर देश का नया सुप्रीम लीडर घोषित किया गया था।

### इजराइल की 'खोज कर मारने' की धमकी का असर?

आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद इजराइल और अमेरिका ने बिना इजाजत सुप्रीम लीडर चुनने पर कड़ा रुख अपनाया था। इजराइल ने स्पष्ट धमकी दी थी कि नया लीडर चाहे कहीं भी छिपा हो, उसे ढूंढ निकाला जाएगा। इस हमले को उसी धमकी के परिणाम के रूप में देखा जा रहा है। मोजतबा के लिए यह व्यक्तिगत तौर पर भी एक बड़ा आघात है क्योंकि इससे पहले 28 फरवरी को हुए हमले में उनकी पत्नी, बेटी और पिता अली खामेनेई की पहले ही मौत हो चुकी है।

### चीन ने मोजतबा की नियुक्ति का किया समर्थन

एक ओर जहा पश्चिम से मोजतबा को धमकियां मिल रही हैं, वहीं चीन ने उन्हें नया सर्वोच्च नेता बनाए जाने का समर्थन किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि यह ईरान का आंतरिक मामला है और उनकी संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए। चीन ने किसी भी बाहरी हस्तक्षेप के जरिए ईरान की राजनीतिक व्यवस्था बदलने की कोशिशों का कड़ा विरोध किया है। ईरान और इजराइल के बीच जारी इस जंग के कारण पूरा क्षेत्र विनाश की ओर बढ़ रहा है- बहरीन की सरकारी तेल कंपनी 'बापको एनर्जीज' ने अपनी गतिविधियों पर 'फोर्स मेज्योर' घोषित कर दिया है। सित्रा इलाके में ईरानी ड्रोन हमले के कारण रिफाइनरी से गहरा धुआं उठता देखा गया, जिससे तेल की वैश्विक सप्लाई प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। ईरान के उप स्वास्थ्य मंत्री अली जाफरियन के अनुसार, पिछले 9 दिनों में 1,255 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 200 महिलाएं और 168 स्कूली बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा 12,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

### इजरायल ने जो कहा वो कर दिया, भड़का चीन

ईरान ने मध्य पूर्व में अपने सैन्य अभियान तेज कर दिए हैं और दक्षिणी लेबनान, बेरूत और ईरान के कुछ हिस्सों पर हमले किए हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की एक बड़े सैन्य अभियान के दौरान हुई मौत के बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष और भी तीव्र हो गया है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है, क्योंकि ईरान का अमेरिका और इजराइल के साथ टकराव बढ़ता जा रहा है। दोनों पक्षों के जोरदार हमलों के बीच, तेहरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ईरान को विभाजित करना चाहता है।

# मिडिल ईस्ट संकट पर बोले एस जयशंकर : ईरान की लीडरशिप से संपर्क मुश्किल, हाई अलर्ट पर भारतीय दूतावास

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते संघर्ष को लेकर भारत सरकार ने चिंता जताई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में इस मुद्दे पर बयान देते हुए कहा कि क्षेत्र में हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं और ईरान की लीडरशिप से संपर्क करना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारत संवाद और कूटनीति के जरिए तनाव कम करने की अपील करता है।

### प्रधानमंत्री खुद कर रहे हालात की निगरानी

विदेश मंत्री ने सदन को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिडिल ईस्ट की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। सरकार का सबसे बड़ा फोकस वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जयशंकर ने बताया कि खाड़ी देशों और मिडिल ईस्ट क्षेत्र में एक करोड़ से ज्यादा भारतीय रहते और काम करते हैं, इसलिए यह संकट भारत के लिए बेहद संवेदनशील



मुद्दा है। विदेश मंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र है। भारत को तेल और गैस की आपूर्ति करने वाले कई प्रमुख देश इसी इलाके में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र का पड़ोसी है और इसलिए वहां की स्थिरता भारत के लिए अत्यंत जरूरी है।

### हालात लगातार बिगड़ते जा रहे

जयशंकर ने बताया कि मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है और सुरक्षा स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष अब अन्य देशों तक भी फैलने लगा है, जिससे क्षेत्र में भारी तबाही की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने यह भी बताया कि ईरान में कुछ हजार भारतीय छात्र और पेशेवर काम के सिलसिले में मौजूद हैं।

### हाई अलर्ट पर भारतीय दूतावास

विदेश मंत्री के अनुसार, तेहरान में स्थित भारतीय दूतावास पूरी तरह सक्रिय है और हाई अलर्ट पर काम कर रहा है। भारतीय दूतावास वहां रह रहे भारतीयों की मदद के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि ईरान में व्यापार के सिलसिले में मौजूद कुछ भारतीय नागरिकों को आर्मेनिया के रास्ते सुरक्षित बाहर निकालने में भी मदद की गई है। इसके अलावा कई भारतीय छात्रों को भी ईरान से बाहर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सहायता दी गई है।

### भारत की अपील - संवाद से निकले समाधान

जयशंकर ने कहा कि भारत पहले भी सभी पक्षों से संयम बरतने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील कर चुका है। उनका मानना है कि मौजूदा तनाव को कम करने के लिए संवाद और कूटनीति ही सबसे बेहतर रास्ता है।

# कश्मीर टूरिज्म पर भारी पड़ रहा पहलगाम हमला : एक साल में घटे 23 लाख पर्यटक

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि घाटी के पर्यटन उद्योग ने 2021 और 2024 के बीच लगातार बढ़त दर्ज की थी. लेकिन, 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले ने कश्मीर के पर्यटन क्षेत्र को भी भारी नुकसान पहुंचाया है. साल 2025 के दौरान कश्मीर में मात्र 11.16 लाख पर्यटक आए, जो पिछले वर्षों की तुलना में एक बड़ी गिरावट है. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल कुल 11,16,043 पर्यटकों ने कश्मीर की यात्रा की. इनमें से 10,93,050 घरेलू यात्री थे, जबकि 22,993 विदेशी नागरिक थे. पर्यटकों की संख्या में यह कमी लगातार हो रही बढ़ोतरी के बाद आई है. 2021 में, घाटी में 6,65,777 पर्यटक आए, जिनमें 6,64,163 घरेलू यात्री और 1,614 विदेशी पर्यटक शामिल थे. 2022 में इस क्षेत्र ने जोरदार वापसी की और पर्यटकों की संख्या बढ़कर 26,73,442 हो गई. इनमें से



26,53,495 घरेलू पर्यटक थे, जबकि 19,947 अंतरराष्ट्रीय यात्री थे. यह उछाल 2023 में भी जारी रहा, जब पर्यटकों की संख्या और बढ़कर 31,55,835 हो गई. इस आंकड़े में 31,18,157 घरेलू पर्यटक और 37,678 विदेशी पर्यटक शामिल थे.

कश्मीर में पर्यटन 2024 में अपने चरम पर पहुंच गया था, जब वहां रिकॉर्ड 34,98,702 पर्यटक आए. इनमें से 34,55,048 घरेलू यात्री थे, जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या 43,654 रही. बढ़ोतरी का यह सिलसिला 2025 में पूरी तरह थम गया और पर्यटकों की कुल संख्या तेजी से गिरकर मात्र 11.16 लाख रह गई. पिछले वर्षों से तुलना करें तो 2024 के मुकाबले पिछले साल पर्यटकों की संख्या में 23 लाख से अधिक और 2023 की तुलना में 20 लाख से अधिक की भारी गिरावट आई है. जम्मू-कश्मीर आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, पर्यटन क्षेत्र केंद्र शासित प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में लगभग सात प्रतिशत का योगदान देता है. सर्वेक्षण के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में लगभग पांच लाख लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पर्यटन पर निर्भर हैं, जो होटल उद्योग, परिवहन, हस्तशिल्प, यात्रा सेवाओं और एडवेंचर टूरिज्म जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं.

# ईरान-इजरायल युद्ध के बीच फंसे 1100 भारतीय नाविक, सीफरर्स यूनियन ने पीएम मोदी से लगाई गुहार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** 'ऑल इंडिया सीफरर्स यूनियन' ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण फारस की खाड़ी में फंसे सैकड़ों भारतीय नाविकों को सुरक्षित निकालने की अपील की है. इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार सुबह संसद में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ पश्चिम एशिया के संघर्ष से उत्पन्न हो रही स्थिति पर चर्चा की. 'ऑल इंडिया सीफरर्स यूनियन' ने कहा है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण सैकड़ों भारतीय नाविक वर्तमान में ईरान और फारस की खाड़ी के बेहद खतरनाक इलाकों में फंसे हुए हैं. यूनियन के अनुसार, बंदर अब्बास, बीआईके ईरान, सिरी द्वीप और आसपास के बंदरगाहों पर मौजूद कई जहाजों से संपर्क ठीक से नहीं हो पा रहा है और वहां जरूरी सामानों की कमी होने लगी है. सोमवार को बात करते हुए यूनियन



के अध्यक्ष संजय वी. पवार ने बताया कि 9 मार्च 2026 तक लगभग 1,100 भारतीय नाविक, जो 37 से 38 भारतीय झंडे वाले जहाजों पर सवार हैं, फारस की खाड़ी और आसपास के जोखिम वाले समुद्री क्षेत्रों में फंसे हुए हैं. इसका मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव और हॉर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना है. संजय पवार ने बताया, कुछ रिपोर्टों के अनुसार, मिडल ईस्ट में लगभग 23,000 भारतीय नाविक मौजूद हैं. पवार ने आगे कहा, इन 23,000 भारतीय नाविकों का एक बड़ा हिस्सा विदेशी झंडे वाले जहाजों पर तैनात है, जो वर्तमान में भारी जोखिम का सामना कर रहे हैं.

पश्चिम एशिया में जारी इस युद्ध के बीच महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल के नाविकों के परिवारों ने भी सरकार से उनकी सुरक्षित वापसी की गुहार लगाई है. पवार ने कहा कि पूरे भारत से परिवार भावुक अपील कर रहे हैं और अपने प्रियजनों की खबर का इंतजार कर रहे हैं, जो बिना किसी उचित संचार व्यवस्था, भोजन आपूर्ति या सुरक्षा आश्वासन के वहां फंसे हुए हैं. पवार ने बताया कि बंदर अब्बास, बीआईके ईरान, सिरी द्वीप और आसपास के बंदरगाहों पर मौजूद कई जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों का खतरा मंडरा रहा है. प्रतिबंधों के कारण नाविकों का वेतन रुक गया है और वे भारी डर और मानसिक तनाव में हैं. भारतीय क्रू द्वारा सोशल मीडिया पर अपनी सुरक्षित निकासी के लिए 'एसओएस' वीडियो पोस्ट कर मदद की गुहार लगाई है.

## दिल्ली दंगा केस: शरजील इमाम को 10 दिन की अंतरिम जमानत, भाई की शादी में होंगे शामिल

**नयी दिल्ली:** दिल्ली की कड़कड़डूमा ने दिल्ली दंगों की साजिश रचने के आरोपी शरजील इमाम को अपने छोटे भाई की शादी में शामिल होने के लिए 10 दिनों की अंतरिम जमानत दे दी है. कोर्ट ने शरजील इमाम को 50 हजार रुपये के मुचलके पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया. कोर्ट ने शरजील इमाम को 20 मार्च के 30 मार्च तक की अंतरिम जमानत दी है. कोर्ट ने शरजील इमाम को निर्देश दिया कि वो अंतरिम जमानत के दौरान मीडिया से कोई बात नहीं करेगा. कोर्ट ने शरजील इमाम को इस दौरान सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करने का भी निर्देश दिया. कोर्ट ने कहा कि अंतरिम जमानत के दौरान शरजील इमाम अपने परिवार के सदस्यों के अलावा किसी से भी मुलाकात नहीं करेगा और अपने भाई के शादी वाले घर में ही रहेगा. कोर्ट ने शरजील इमाम को 30 मार्च को सरेंडर करने का आदेश दिया. शरजील इमाम ने अपने छोटे भाई की शादी के लिए चार हफ्ते की अंतरिम जमानत की मांग की थी. शरजील इमाम ने अंतरिम जमानत याचिका में अपनी बीमार मां का भी हवाला दिया था. बता दें कि 5 जनवरी को को सुप्रीम कोर्ट ने शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज किया था. सुप्रीम कोर्ट ने शरजील इमाम के साथ ही उमर खालिद की जमानत याचिका भी खारिज कर दिया था. सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दोनों आरोपियों की इस साजिश में केंद्रीय भूमिका है.

# शराब नीति घोटाला : हाई कोर्ट की निचली अदालत की टिप्पणियों पर रोक, केजरीवाल सहित सभी आरोपी तलब

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आज सोमवार को दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में सीबीआई की याचिका पर सुनवाई की. इससे पूर्व केंद्र सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता तुषार मेहता ने हाई कोर्ट से अनुरोध किया कि वह याचिका स्वीकार कर ले, क्योंकि यह देश के सबसे बड़े घोटालों में से एक है. महाधिवक्ता ने इसे राष्ट्रीय शर्म का विषय करार दिया. कहा कि इस घोटाले की साइंटिफिक तरीके से जांच की गयी है, साजिश के हर एक पहलू को स्थापित किया गया है. हाई कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए सुनवाई की. तुषार मेहता की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसी को बड़ी राहत दी. हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित सभी 23 आरोपियों को बरी करते समय निचली अदालत द्वारा सीबीआई पर की गयी टिप्पणियों पर रोक लगा दी. न्यायालय ने केजरीवाल सहित सभी आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है.



न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने आरोपियों को बरी किये जाने के निचली अदालत के फैसले के विरोध में दायर सीबीआई की याचिका पर सुनवाई की दिल्ली हाई कोर्ट ने अहम फैसला लेते हुए निचली अदालत को आदेश दिया कि याचिका पर कोई फैसला होने तक वह शराब नीति के संबंध में पीएमएलए के तहत जारी मामले पर आगे सुनवाई नहीं करे. इस क्रम में कोर्ट ने केजरीवाल सहित सभी आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया. बता दें कि इस मामले में अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी. भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने हाई कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि इससे एक बार फिर उम्मीद की किरण जगी है कि दिल्ली के लोगों को शराब घोटाले में न्याय मिलेगा.

# संक्षिप्त खबर

## अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध का साईड इफेक्ट, क्रूड ऑयल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार

नयी दिल्ली। अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच जारी युद्ध का असर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड ऑयल पर पड़ रहा है. तेल की कीमतों में आग लग गयी है. जो बढ़ती जा रही है. जान लें कि तेल के दाम 2022 के बाद




पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार कर गये हैं. दुनिया के कई देश तेल आयात पर निर्भर हैं .कीमतों में बढ़ोत्तरी के कारण ये देश हलकान हो रहे हैं. खबर है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश में तो हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं. क्रूड ऑयल की कीमतों में आज सोमवार को भारी उछाल आने की सूचना है. Brent Crude की कीमत लगभग 25 फीसदी चढ़कर 115 डॉलर प्रति बैरल के पार चली गयी. WTI Crude Price 24 फीसदी उछल गया. यह 112 डॉलर प्रति बैरल के पार ट्रेड कर रहा था. Murban Crude फीसदी की तेजी के साथ 120 डॉलर प्रति बैरल हो गया है. नेचुरल गैस की कीमतों में लगभग 8 फीसदी तेजी दर्ज की गयी है. दरअसल मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच बड़े तेल उत्पादक व सप्लायर्स ने तेल सप्लाई रोक दी है. इस युद्ध में तेल रिफाइनरियां निशाने पर है. कुवैत से लेकर कतर ने तेल-गैस की सप्लाई रोकने की बात कह चुके हैं ईरान के तेल भंडार अमेरिका-इजरायल के हमलों के कारण ठप है .होर्मुज स्ट्रेट बंद है. दुनिया के 20 फीसदी तेल की आवाजाही होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से ठप है.

## सऊदी मिसाइल हमले पर बड़ा खुलासा, भारतीय दूतावास ने बताया- हमले में कोई भारतीय हताहत नहीं

**सऊदी।** सऊदी अरब में एक आवासीय परिसर पर हुए मिसाइल हमले में किसी भी भारतीय की मौत नहीं हुई है। रियाद में भारतीय दूतावास ने सोमवार को यह जानकारी दी। दूतावास ने कहा कि रविवार को इस घटना में घायल हुए एक भारतीय नागरिक का सरकारी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यराहत की बात है कि कल शाम अल खर्ज में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में किसी भी भारतीय की जान नहीं गई। इसने बताया कि वह इस मामले में संबंधित सऊदी प्रशासन के संपर्क में है। काउंसलर (सामुदायिक कल्याण) वाई साबिर ने रविवार रात अल खर्ज का दौरा किया और घटना में घायल हुए भारतीय नागरिक से मुलाकात की। दूतावास ने कहा, उसका (घायल व्यक्ति का) अल खर्ज के एक सरकारी अस्पताल में इलाज हो रहा है। रविवार को सऊदी प्रशासन ने बताया था कि अल खर्ज में रखरखाव और सफाई से संबंधित एक कंपनी के आवासीय परिसर पर मिसाइल गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक भारतीय नागरिक था। हालांकि, सऊदी प्रशासन ने मृतकों की पहचान नहीं बताई थी। सोमवार को सऊदी सिविल डिफेंस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ...सभी अंतिम प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद, यह निर्धारित किया गया है कि दो मृतक बांग्लादेशी हैं, (11) घायल व्यक्ति भी बांग्लादेशी हैं और एक घायल व्यक्ति भारतीय है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी से ईरान पर संयुक्त हमला शुरू किया था। यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर नए समझौते के लिए दबाव बढ़ाने के बाद कई दिनों से की जा रही तैयारियों के बाद हुआ। ईरान की जवाबी कार्रवाई से युद्ध पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैल गया।

## पश्चिम एशिया के हालात चिंताजनक! ईरान में फंसे मेडिकल छात्र डर के साये में जीने को मजबूर, लगाई मदद की गुहार

**श्रीनगर:** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण ईरान में रह रहे भारतीय मेडिकल छात्र इस समय काफी अधिक सदमे में हैं. वह इसलिए क्योंकि एयर स्ट्राइक से हो रहे जोरदार धमाकों ने उनके दिल में डर का



माहौल पैदा कर दिया है. ऐसे में उन्हें वहां से बाहर निकलने के लिए आग्रह करना पड़ रहा है. कई मेडिकल छात्रों का कहना है कि, एयर स्ट्राइक से उनमें बहुत डर पैदा होने के बाद भारतीय दूतावास ने तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज, शाहिद बेहेश्टी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस और ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसे के छात्रों को कोम में शिफ्ट कर दिया है. ईरान के एक मेडिकल छात्र ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि, कोम में भी एयर स्ट्राइक में कोई कमी नहीं आई है. छात्र ने कहा कि, स्ट्राइक उनकी जगह से सिर्फ 300 मीटर के दायरे में हो रही हैं. इससे डर का माहौल पैदा हो गया है. उनका कहना है कि, इस समय वे बेबस हैं और उनके निकासी को लेकर कोई गाइडलाइन नहीं है. कोम में रह रहे एक छात्र ने बताया कि, पास के रिहायशी इमारतों को निशाना बनाए जाने के बाद उन्हें वहां से शिफ्ट किया गया है. इसको लेकर भी छात्रों में डर का माहौल है. इसी तरह, केरमान और शिराज में स्टूडेंट्स ने धमाकों, बिल्डिंग्स को टारगेट किए जाने और खाने की सप्लाई कम होने की बात कही है. उन्होंने भारत के विदेश मंत्रालय से उन्हें घर ले जाने के लिए आग्रह किया है. छात्रों को लग रहा है कि, ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका की जंग जल्द खत्म नहीं होने वाली है. बदले में, ईरान ने खाड़ी देशों पर हमला किया है जहां अमेरिका के एयर और नेवल बेस हैं, जिससे पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है और एविएशन नेटवर्क में रुकावट आई है.

## कांग्रेस नेता अनुराग शर्मा हिमाचल से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित, सचिवालय से मिला 'सर्टिफिकेट ऑफ इलेक्शन'

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए कांग्रेस नेता अनुराग शर्मा का निर्विरोध चयन हो गया है. विधानसभा सचिवालय की ओर से आधिकारिक तौर पर 'सर्टिफिकेट ऑफ इलेक्शन' सौंप दिया गया है. राज्यसभा चुनाव के लिए विधानसभा सचिवालय को केवल एक ही नामांकन प्राप्त हुआ था. आज (सोमवार, 9 मार्च को) नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख थी. किसी अन्य उम्मीदवार के न होने के चलते अनुराग शर्मा का निर्वाचन निर्विरोध घोषित कर दिया गया. मौजूदा राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है. उनके कार्यकाल के खत्म होने के बाद अनुराग शर्मा राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे. अनुराग शर्मा फिलहाल कांगड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी हैं और पार्टी संगठन में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद अनुराग शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की. इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, युवा खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा भी राज्यसभा के नए कांग्रेस सांसद के साथ नजर आए. इसके अलावा कांग्रेस विधायक कुलदीप राठौर और किशोरी लाल भी अनुराग शर्मा के साथ नजर आए. सर्टिफिकेट ऑफ इलेक्शन मिलने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए अनुराग शर्मा ने अपने ईष्ट भगवान भोलेनाथ का आभार व्यक्त किया.



# अल्लू अर्जुन की सिक्योरिटी ने जूनियर एनटीआर के बॉडी डबल को दिया धक्का

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी के रिसेप्शन का एक वायरल वीडियो चर्चा में है। इसमें अल्लू अर्जुन के साथ आए सिक्योरिटी वालों को भीड़ में एक आदमी को धक्का देते हुए देखा गया। बाद में उस आदमी की पहचान ईश्वर हैरिस के तौर पर हुई। हैरिस को इंडस्ट्री में जूनियर एनटीआर का बॉडी डबल माना जाता है। हैरिस ने सोशल मीडिया पर लिखा 'हम उसी समय अंदर जा रहे थे, जब अल्लू अर्जुन अ दर आ रहे थे। जब वह तस्वीरें क्लिक करने के लिए स्टेज के पास आ रहे थे, तो उनके बाउंसरों को लगा कि मैं उनके पास फोंटो लेने आ रहा हूं या कैमरा ब्लॉक कर सकता हूं। इसलिए उन्होंने मुझे रोक दिया।'


लाइफ Style

# प्रियंका
## खुद को फैशन गर्ल नहीं मानती थीं

हाल ही में गोइंग रोग पॉडकास्ट में प्रियंका ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि वह बचपन में खुद को फैशन गर्ल नहीं मानती थीं, लेकिन उन्हें अपनी स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद था।

प्रियंका ने बताया कि 90 के दशक में स्कूल के दिनों में उनका लुक काफी ट्रेंडी हुआ करता था-फ्लेयर्ड जींस, क्रॉप टॉप और बेली बटन पियर्सिंग। उसी दौरान एक बार उनका पियर्सिंग बंद हो गया, तो उन्होंने उसे दोबारा खुद ही कर लिया। प्रियंका ने हंसते हुए कहा, 'मैंने एक बार कैब के पीछे बैठकर अपना बेली बटन फिर से पियर्स कर लिया था। उस समय हम 90s में यही सब करते थे।'उन्होंने यह भी बताया कि उस समय उन्हें फैशन की ज्यादा समझ नहीं थी, लेकिन उन्हें यह पता था कि किस तरह के कपड़े और स्टाइल उन पर अच्छे लगते हैं।

प्रियंका ने अपने मिस इंडिया और मिस वर्ल्ड के दिनों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि जब वह मिस इंडिया प्रतियोगिता में गईं तो उन्होंने पहले कभी मॉडलिंग नहीं की थी, इसलिए शुरुआत में सब कुछ उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव था। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में फिल्म 'द ब्लफ' में नजर आई थीं। यह अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। प्रियंका चोपड़ा जल्द ही राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आने वाली हैं। यह 7 अप्रैल, 2027 को रिलीज होने वाली है। वह वेब सीरीज 'सिटाडेल 2' में भी नजर आने वाली हैं।




हॉलीवुड मसाला



# जेफ के लिए पूरी दुनिया थीं स्टेफनी

**लॉस एंजिल्स।** यूट्यूब पर जेफ निपर्ड अपनी फिटनेस वीडियो के लिए मशहूर रहे, उनके मिलियन में फॉलोअर्स हैं। हाल ही में जेफ निपर्ड की मंगेतर डॉ. स्टेफनी बटरमोर का निधन हो गया है। जेफ गहरे सदमे में हैं। जैसा कि आप में से कई लोग जानते हैं, स्टेफनी जेफ के लिए पूरी दुनिया थीं। स्टेफनी को उनके प्यार और दयालु व्यवहार के लिए याद किया जाएगा। वह ओवेरियन कैंसर पर PhD रिसर्च कर रही थीं, इसके लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। हम आपसे जेफ की प्राइवेसी को बरकरार रखने की उम्मीद करते हैं।



# पीटर जैक्सन पाम डी ओर से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** न्यूजीलैंड के प्रशंसित फिल्म निर्माता-निर्देशक और स्क्रिप्ट राइटर पीटर जैक्सन को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। ऑस्कर विजेता पीटर जैक्सन को 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' को बड़े पर्दे पर लाने के लिए जाना जाता है। पाम डी'ओर से सम्मानित होने के साथ ही वो इससे सम्मानित हस्तियों की सूची में शामिल होंगे, जिनमें एग्नेस वर्दा, मार्को बेलोचियो, जोडी फोस्टर, मेरिल स्ट्रीप और पिछले साल के विजेता रॉबर्ट डी नीरो शामिल हैं। पीटर जैक्सन को यह सम्मान 12 से 23 मई तक चलने वाले 79वें कान फिल्म महोत्सव में प्रदान किया जाएगा। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीटर जैक्सन ने इसे अपने कॅरियर के सबसे यादगार पलों में से एक बताया। निर्देशक ने कहा, 'कान में मानद पाम डी'ओर से सम्मानित होना मेरे करियर के सबसे बड़े सौभाग्य में से एक है।



# सलमान की हीरोइन बनेंगी नयनतारा


**मुंबई।** सलमान खान अब साउथ की सुपरस्टार नयनतारा के साथ स्क्रीन शेयर कर सकते हैं। हाल में खबर सामने आ रही है कि डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली के साथ बन रही फिल्म में ये जोड़ी नजर आने वाली है। बॉलीवुड एक्टर सिकंदर जैसी फिल्म के बाद एक बड़ी हिट की तलाश में हैं। बैटल ऑफ गलवान के अलावा कई अन्य प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहे हैं। इसके अलावा उनके पास कई बड़ी फिल्मों की स्क्रिप्ट हैं। इसमें से एक साउथ डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली की अगली बड़े स्केल की फिल्म है। रिपोर्ट की माने तो वामशी सलमान के साथ एक बड़ी एंटरटेनर फिल्म बना रहे हैं जिसकी हीरोइन नयनतारा हो सकती हैं। सलमान और नयनतारा की जोड़ी फैंस को पसंद आने वाली है। साल 2023 में आई फिल्म जवान में नयनतारा को शाहरुख खान के साथ रोमांस करते हुए देखा था।



# शेरनियों के बिना सिंघम कुछ नहीं: अजय

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपने जीवन की महिलाओं के लिए एक इमोशनल पोस्ट शेयर करके सोशल मीडिया पर सबका दिल जीत लिया। एक्टर ने अपनी पत्नी काजोल, बेटी नीसा देवगन, सासु मां तनुजा और परिवार के बाकी सदस्यों की कुछ खास तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपनी 'शेरनियां' बताया। उनके कैप्शन में लिखा था, 'यह सिंघम अपनी शेरनियों के बिना कुछ भी नहीं है,' इस एक लाइन पर ही उनके चाहने वाले फिदा हो गए हैं। पहली तस्वीर में काजोल, तनीषा मुखर्जी, तनुजा और अजय की मां वीना देवगन के साथ एक प्यारा फैमिली मोमेंट दिखाया गया है। सभी महिलाएं सजी-धजी कैमरे के सामने पोज दे रही हैं, जिनमें प्यार प्यार दिख रहा है। यह तस्वीर परिवार की पीढ़ियों के बीच मजबूत बंधन को दिखाती है।

टीवी मसाला




# एल्विश ने जिया शंकर को रोमांटिक अंदाज में किया प्रपोज

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव और जिया शंकर की सगाई और शादी की खबरें पिछले काफी वक्त से चर्चा में बनी हुई है। लेकिन अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये दावा किया जा रहा है कि एल्विश ने जिया को प्रपोज किया है। एल्विश के प्रपोजल को जिया ने एक्सेप्ट भी कर लिया है। लेकिन क्या यह सच है? क्योंकि जिया ने पहले बताया था कि उनका एक बॉयफ्रेंड है।

# ऐश्वर्या और अभिषेक ने 'सलाम-ए-इश्क' गाने पर नीता अंबानी संग किया डांस

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और नीता अंबानी का एक वीडियो इंटरनेट पर हर किसी का दिल जीत रहा है। तीनों एक साथ शादी में डांस कर रहे हैं। फैंस के लिए ये पल बेहद खास है। सलमान के गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर तीनों ने जमकर अपने पैर थिरकाए। ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और नीता अंबानी ने एक साथ मिलकर खूब डांस किया है। जी हां, तीनों के डांस के वीडियोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो को देखकर लगता है कि यही आज का सबसे चर्चित विषय है।



मुदित अडानी और अनन्या दीवानजी की शादी में नीता, ऐश्वर्या और अभिषेक के साथ मंच पर आईं और उन्होंने एक यादगार डांस परफॉर्मेंस दी, जिसने सभी लोगों और बाद में इंटरनेट यूजर्स का भी दिल जीत लिया। वीडियो में, तीनों फेमस गाने 'सलाम-ए-इश्क' पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# डायलॉग्स ने किया प्रेरित, बड़े पर्दे पर संवाद बने महिला शक्ति का प्रतीक

*नई दिल्ली। 'तू खुद की खोज में निकल, तू किस लिए हताश है, तू चल तेरे वजूद की, समय को भी तलाश है।' तापसी पन्नू अभिनीत फिल्म पिंक में तनवीर गाजी की लिखी ये पक्तियां महिला सशक्तीकरण की राह आम स्त्रियों को दिखाती है। इसी तरह कई महिला केंद्रित फिल्मों के संवाद भी महिलाओं को प्रेरित करते हैं, उनकी शक्ति और क्षमता का परिचय दुनिया को करवाते हैं।*

**पिंक ने समझाया ना का असल मतलब** : साल 2016 में रिलीज हुई तापसी पन्नू स्टारर फिल्म पिंक को अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने निर्देशित किया था। फिल्म का सबसे सशक्त संवाद 'ना का मतलब ना होता है' रहा। यह डायलॉग बताता है कि एक महिला की अस्वीकृति का सम्मान किया जाना चाहिए।

**गुंजन सक्सेना ने सपनों को दी उड़ान** : साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल' में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। फिल्म में का यह संवाद दुनिया से लड़कर अपने सपनों को पूरा करनी की उम्मीद देता है। एक स्त्री को उसकी क्षमता से वाकिफ करता है।

**दंगल ने दी लैंगिक समानता की सीख** : साल 2016 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म 'दंगल' में एक पिता अपनी बेटियों को रेसलर बनाता है। दुनिया को बताता है कि गोल्ड मेडल लड़का लाए या लड़की, मेडल तो मेडल होता है। यह फिल्म अपने इसी चर्चित संवाद के जरिए सहजता से लैंगिक समानता की सीख दर्शकों को देती है।




**कभी हार ना मनाने का संदेश देती गंगूबाई काठियावाड़ी** : संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी(2022)' एक वेश्या की कहानी जरूरी थी। लेकिन इस कहानी में एक स्त्री के कभी ना हार माने की क्षमता को भी बखूबी दिखाया गया। फिल्म पुरुषों को उनका कुरूप चेहरा भी दिखाती है। इस फिल्म के कई डायलॉग मशहूर हुए, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चित यही डायलॉग रहा है।

**थप्पड़ फिल्म ने समझाया स्वाभिमान का महत्व** : साल 2020 में रिलीज फिल्म थप्पड़ में तापसी पन्नू के किरदार ने घरेलु हिंसा के खिलाफ मुखरता से आवाज उठाई। अनुराग सिन्हा निर्देशित इस फिल्म का यह डायलॉग एक स्त्री को उसके स्वाभिमान के प्रति जागरुक करने का काम करता है।

***लापता लेडीज ने खुद से रूबरू होने की अहमियत बताई*** *: साल 2023 में किरण राव निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाती है। साथ ही महिलाओं अपने लिए जीने की सीख भी देती है। फिल्म का यह एक डायलॉग महिला सशक्तिकरण की बात को बहुत ही सहज और सरल ढंग से कहता है।*

***मैरी कॉम ने ताकत पर भरोसा करना सिखाया*** *: ओमांग कुमार निर्देशित फिल्म 'मैरी कॉम'बॉक्सिंग चैंपियन मैरी कॉम की बायोपिक थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने मैरी कॉम के संघर्ष और बॉक्सिंग चैंपियन बनने की कहानी को बहुत ही बेहतरीन तरीके से पर्दे पर उतारा। फिल्म के कई डायलॉग फेमस हुए लेकिन यह डायलॉग हर महिलाओं को बताता है कि उनके अंदर एक चैंपियन है, जिसे कभी भूल नहीं चाहिए।*




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.